

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पीसीबी की हालत ..

'इस्राइल अमेरिका का सहयोगी बना रहेगा, नेतन्याहू ... 12



वर्ष : 12 | अंक : 103 | पटना, बुधवार, 24 जुलाई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03 .00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### बजट भाषण से पहले सीतारमण ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को 2024-25 का पूर्ण बजट पेश करने से पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। स्थापित परंपरा के तहत वित्त मंत्री ने संसद जाने से पहले राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की। केंद्रीय बजट पेश करने के लिए संसद के लिए रवाना होने से पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने सीतारमण को परंपरा के अनुसार कोई शुभ काम करने से पहले दही-चीनी खिलाया। इसके बाद बजट को मंजूरी देने के लिए केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई।

### नीट यूजी 2024 रद्द करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने स्नातक स्तर की मेडिकल एवं अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले से संबंधित पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 को रद्द करने से सोमवार को इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दोबारा परीक्षा आयोजित कराने की मांग वाली याचिकाएं ठुकराते हुए कहा कि जांच के दौरान ऐसा कोई सबूत नहीं मिला, जिससे यह पता चल सके कि प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने समेत अन्य अनियमितताओं के पीछे परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की प्रणालिगत विफलता थी। पीठ ने हालांकि कहा कि यदि जांच में लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि का पता चलने पर काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद किसी भी स्तर पर ऐसे किसी भी विद्यार्थी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि कोई भी अभ्यार्थी इस धोखाधड़ी में शामिल पाया जाता है या लाभार्थी है, उसे नामांकन जारी रखने में किसी भी निहित अधिकार का दावा करने का अधिकार नहीं होगा।

### बिहार के विकास की गति में आएगी तेजी : सम्राट

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा कि इस बजट में बिहार को सभी क्षेत्रों में कुछ न कुछ दिया गया है। उन्होने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस बजट में एक तरह से भारत के खजाने को बिहार की तरफ खोलने का काम किया गया है। उन्होंने इसके लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि यह बजट बिहार को विकसित बनाने की पटकथा लिखेगा। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि इस बजट में तीन एक्सप्रेस-वे, पावर प्लांट, एयरपोर्ट और मेडिकल कॉलेज भी खुलेंगे, गया-नालंदा में कॉरिडोर बनेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में 26 हजार करोड़ से सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। पावर प्रोजेक्ट्स के लिए 21,400 करोड़ आवंटित किए गए हैं। बिहार को बाढ़ आपदा के लिए केंद्र से 11,500 करोड रुपये आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि गया जिले में इंडस्ट्रियल रीजन बनाया जाएगा। पटना से पूर्णिया और बक्सर से भागलपुर के बीच एक्सप्रेस-वे बनाए जाएंगे। राज्य में नए मेडिकल कॉलेज भी बनाए जाएंगे। बिहार में अब सड़क, बिजली और रेलमार्ग का जाल बिछाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बजट से बिहार के विकास की गति में तेजी आएगी तथा बिहार के सभी क्षेत्रों को विकसित बनाने में मदद मिलेगी।

## केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2024-25 का बजट किया पेश



# आम बजट : मोदी सरकार का देश की रक्षा व रोजगार पर विशेष जोर

- रक्षा मंत्रालय के लिए सर्वाधिक 6 लाख 21 हजार 940 करोड़ रुपये का आवंटन
- 2024-25 के लिए 48 लाख 21 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को सदन में वर्ष 2024-25 के बजट पेश कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उन्होंने कुल 48 लाख 21 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। केन्द्र की मोदी सरकार ने देश की रक्षा पर विशेष जोर देते हुए रक्षा मंत्रालय के लिए खजाना खोल दिया है। सरकार ने वर्ष 2024-25 के आम बजट में रक्षा मंत्रालय के लिए अब तक का सर्वाधिक 6 लाख 21 हजार 940 करोड़ रुपये का आवंटन किया है जो कुल बजट का 12.9 प्रतिशत है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि इस बार रक्षा मंत्रालय के लिए सर्वाधिक 6,21,940.85 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है जो इस वर्ष के शुरू में आये अंतरिम बजट में किये गये रक्षा क्षेत्र के प्रावधान के करीब करीब बराबर ही है। वर्ष 2023-24 में रक्षा मंत्रालय का आवंटन 5,93,537.64 करोड़ रुपए था। इस वर्ष के रक्षा बजट में पूंजीगत व्यय के लिए 172000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। श्री सिंह ने कहा कि इससे सशस्त्र बलों की क्षमता बढाने में मदद मिलेगी। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढाने के लिए घरेलू पूंजीगत खरीद के लिए 105518.43 रुपये आवंटित किये गये हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि सीमा सड़क संगठन के लिए 6500 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है जो पिछले बजट की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है और इससे सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा विकसित करने के कार्य में तेजी आयेगी।

**गृह मंत्रालय को 219643 करोड रुपये का आवंटन :** केन्द्रीय गृह मंत्रालय के लिए वर्ष 2024-25 के बजट में 219643.31 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। आम बजट में केन्द्रीय गृह मंत्रालय के लिए कुल 219643.31 करोड़ का आवंटन किया गया जिसमें सबसे अधिक राशि 143275.90 करोड़ रुपये पुलिस बलों के लिए आवंटित किये गये हैं। बजट राशि में मंत्रालय के लिए 6458.24 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लिए 1168 करोड़ रुपये और केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के लिए 42277.74 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

**कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये के आवंटन:** वित्त वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के 1.52 लाख करोड़ रुपए के आवंटन का प्रस्ताव किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को संसद में पेश केंद्रीय बजट में कहा कि कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने और अनुकूलता के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए 32 कृषि और बागवानी में फसलों की 109 उच्च पैदावार और जलवायु अनुकूल किस्में जारी की जाएंगी। देशभर में एक करोड किसानों को प्रमाणीकरण और ब्रांडिंग से प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहन दिया जाएगा। कृषि संबंधी योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू करने के लिए 10 हजार जैव इनपुट संसाधन केंद्र स्थापित किये जाएंगे। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का उपयोग करते हुए 400 जिलों में खरीफ फसलों का डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया जाएगा।

**रोजगार सृजन के लिए दो लाख करोड़ का आवंटन :** वित्त वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में रोजगार सृजन, कौशल विकास और अन्य अवसरों के लिए दो लाख करोड़ रुपए के आवंटन का प्रस्ताव किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को संसद में पेश केंद्रीय बजट में कहा कि अगले पांच वर्ष के लिए प्रधानमंत्री पैकेज में दो लाख करोड़ रुपए के आवंटन से रोजगार, कौशल विकास और अन्य अवसरों के लिए पांच योजनायें शुरू होंगी। इनसे 4.1 करोड़ युवाओं को लाभ मिलेगा। इनमें तीन योजनाओं को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के माध्यम से लागू किया जाएगा। ईपीएफओ में पहली पंजीकृत कर्मचारियों को एक माह के वेतन का 15 हजार रुपए तक की तीन किस्तों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण दिया जाएगा। विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार पाने के पहले चार वर्षों में उनके ईपीएफओ योगदान के अनुसार कर्मचारी और नियोक्ता दोनों को प्रत्यक्ष प्रोत्साहन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा नियोक्ताओं को प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए दो वर्ष तक उनके प्रतिमाह तीन हजार रुपए तक के ईपीएफओ योगदान की प्रतिपूर्ति की जाएगी।






### बजट में 48 .21 लाख करोड़ रुपये व्यय का प्रस्ताव

वित्त मंत्री सीतारमण ने वर्ष 2024-25 के बजट में कुल 48.21 लाख करोड़ रुपये के व्यय का अनुमान लगाया है और राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.9 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा है। फरवरी में पेश अंतरिम बजट में राजकोषीय घाटा 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। पिछले वित्त वर्ष में, संशोधित अनुमानों के अनुसार राजकोषीय घाटा 5.6 प्रतिशत था। बजट निर्माण में वित्त वर्ष 2024-25 में चालू कीमतों पर जीडीपी में 10.50 की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। बजट पत्रों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में करीब 3,26.37 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो वित्त वर्ष 2023-24 के करीब 2,95.36 लाख करोड़ रुपये (अस्थायी अनुमान) की तुलना में 10.50 प्रतिशत अधिक है। बजट अनुमानों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में केंद्र की शुद्ध कर प्राप्तियां 25.83 लाख करोड़ रुपये, कर-भिन्न प्राप्तियां लगभग 5.46 लाख करोड़ रुपये तक रहेंगी तथा पूंजी प्राप्तियां 16.91 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। पूंजी गत प्राप्तियों में उधार और अन्य देयताताओं के मद में प्राप्तियां 16.13 लाख करोड़ रुपये अनुमानित हैं। विनिवेश से 50 हजार करोड़ रुपये प्राप्त होने का अनुमान है, जो अंतरिम बजट के अनुमान के बराबर है।

### प्रमुख क्षेत्रों में आवंटन

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2024-25 केंद्रीय बजट में प्रमुख क्षेत्रों में आवंटन

| क्षेत्र | रुपये करोड़ में |
|---|---|
| रक्षा | 4,54,773 |
| ग्रामीण विकास | 2,65,808 |
| कृषि एवं संबद्ध कार्यकलाप | 1,51,851 |
| गृह | 1,50,983 |
| शिक्षा | 1,25,638 |
| सूचना प्रौद्योगिकी एवं दूरसंचार | 1,16,342 |
| स्वास्थ्य | 89,287 |
| ऊर्जा | 68,769 |
| समाज कल्याण | 56,501 |
| वाणिज्य और उद्योग | 47,559 |

### ये चीजें होंगी सस्ती

कैंसर से जुड़ी तीन दवाओं पर कस्टम ड्यूटी हटाई गई। एक्सरे ट्यूब और फ्लैट पैनल डिटेक्टर पर भी आयात शुल्क हटाया गया। मोबाइल फोन और पार्ट्स-पीसीबी और मोबाइल फोन चार्जर पर कस्टम ड्यूटी 15 फीसदी घटी। 25 आवश्यक खनिजों पर सीमा शुल्क नहीं। सोलर सेल और सोलर पैनल के निर्माण की वस्तु पर टैक्स में छूट। सोने और चांदी पर सीमा शुल्क घटाकर छह फीसदी किया गया। ज्वैलरी सस्ती होंगी।

प्लैटिनम पर सीमा शुल्क घटकर अब 6.4 फीसदी हुआ। मछलियों और अन्य जलजीवों के भोजन पदार्थों पर आयात शुल्क पांच फीसदी करने का निर्णय।

बता दें कि, कपड़ा, मोबाइल फोन का चार्जर, पाट्र्स, सोना चांदी पर सिस्टम ड्यूटी काम, जूते-चप्पल, सोलर पावर, गाड़ी, कैंसर दावा, बिजली के तार, चमरे का सामान और तांबा सस्ता हुआ है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि कैंसर की दवाएं सस्ती होंगी।

### ज्यादा कीमत

पीवीसी फ्लेक्स बैनर का आयात करना महंगा होगा। कुछ दूरसंचार उपकरणों का आयात महंगा होगा। आधारभूत कस्टम ड्यूटी 10 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी की गई। मेक इन इंडिया के तहत देश में बने सस्ते घरेलू उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए सरकार का एलान। एक साल से ज्यादा तक रखे गए इक्विटी निवेश महंगे होंगे। टैक्स 15 फीसदी से 20 फीसदी किया गया। एक साल से ज्यादा रखे गए शेयर महंगे होंगे। टैक्स 10 फीसदी से बढ़ाकर 12.5 फीसदी किया गया। अमोनियम नाइट्रेट पर आयात शुल्क 10 फीसदी बढ़ाया गया। खुद से नष्ट न होने वाले प्लास्टिक महंगे होंगे। आयात शुल्क 25 फीसदी बढ़ाया गया।

### रोजगार, मध्यम वर्ग पर केन्द्रित है यह आम बजट : सीतारमण

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि आम बजट 2024-25 रोजगार, मध्यम वर्ग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग और कौशल प्रशिक्षण पर केन्द्रित है और इन्हें चार जातियों -गरीब, महिला, युवा एवं किसान पर फोकस किया गया है। वित्त मंत्री ने लोकसभा में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करते हुए कहा कि भारत के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में अपना विश्वास दोहराया है और उनके नेतृत्व में इसे ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुना है। वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद, भारत की आर्थिक वृद्धि एक चमकदार अपवाद बनी हुई है, और आने वाले वर्षों में भी ऐसी ही बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस बजट में हम विशेष रूप से रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। जैसा कि अंतरिम बजट में बताया गया है, हमारा फोकस चार प्रमुख जातियों -गरीब, महिला, युवा, किसान पर होगा। श्रीमती सीतारमण ने देश के चतुर्दिक समृद्धि एवं सशक्त विकास का पथ के नौ बिन्दुओं की चर्चा करते हुए कहा कि ये बिन्दु - कृषि क्षेत्र में उत्पादकता और लचीलापन, रोजगार एवं कौशल, समावेशी मानव संसाधन विकास एवं सामाजिक न्याय, विनिर्माण एवं सेवाएँ, शहरी विकास, ऊर्जा संरक्षण, अवसंरचना, नवाचार, अनुसंधान एवं विकास तथा नई पीढ़ी के सुधार हैं। उन्होंने कहा, मुझे पांच योजनाओं के प्रधान मंत्री पैकेज की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, और पांच साल की अवधि में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और अन्य अवसरों की सुविधा प्रदान करने की पहल की गई है, जिसका केंद्रीय परिव्यय दो लाख करोड़ रुपए है। इस वर्ष, मैंने शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

### बिहार में सड़क प्रोजेक्ट के लिए 26 हजार करोड़

नई दिल्ली। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के बजट में बिहार को विशेष सौगात दी है। आम बजट में बिहार में सड़क प्रोजेक्ट के लिए 26,000 करोड़ के पैकेज की घोषणा की गई। इसके अलावा 21,000 करोड़ के पावर प्लांट का भी ऐलान किया गया। बजट में बिहार के लिए 47 हजार करोड़ रुपए के पैकेज देने का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने लोकसभा में आम बजट पेश करते हुए बिहार के लिए कई योजनाओं की घोषणा की। बजट में बिहार में चार नए एक्सप्रेस-वे बनाने का प्रस्ताव है। इसके लिए 26 हजार करोड़ के पैकेज की घोषणा की गई है। इसके अलावा 21 हजार करोड़ के पावर प्लांट का भी ऐलान किया गया है। इससे पहले सोमवार को केंद्र सरकार ने साफ कर दिया था कि मौजूदा प्रावधानों के तहत बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया जा सकता। श्रीमती सीतारमण ने लोकसभा में बजट 20024-25 पेश करते हुए मंगलवार को कहा कि बिहार के लिए 47 हजार करोड़ रुपए के पैकेज देने का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि बिहार में सड़क, बिजली और रेलमार्ग का जाल बिछाया जाएगा।

### समाज के हर वर्ग के लिए उज्ज्वल भविष्य लाएगा आम बजट : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम बजट 2024-25 को समाज के हर वर्ग के लिए बेहतर अवसर, नई ऊर्जा एव उज्ज्वल भविष्य लाने वाला करार दिया है और कहा है कि यह बजट भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने की प्रक्रिया में उत्प्रेरक का काम करेगा, विकसित भारत की एक ठोस नींव रखेगा। श्री मोदी ने लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज पेश किया गया वित्त वर्ष 2024-25 के आम बजट की सराहना करते हुए कहा, देश को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाने वाले इस महत्वपूर्ण बजट के लिए मैं सभी देशवासियों को बधाई देता हूं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं उनकी पूरी टीम बहुत-बहुत बधाई की पात्र है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये बजट समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला है। ये देश के गांव, गरीब, किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। ये जो नव मध्य वर्ग बना है, ये बजट उनके सशक्तिकरण की निरंतरता का बजट है।

### बजट रोजगार और अवसरों के एक नए युग की शुरूआत करेगा: शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से मंगलवार को संसद में पेश किए गए 2024-25 के आम बजट को दूरदर्शी, जनहितैषी और विकासोन्मुखी करार दिया और कहा कि यह रोजगार तथा अवसरों के एक नए युग की शुरूआत करके देश को एक विकसित राष्ट्र के रूप में उभरने की राह पर ले जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बजट भारत की उद्यमशीलता को बढ़ाने और व्यापार करने में सुगमता के साथ आर्थिक विकास को दिशा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ह्यदृढ़ प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि बजट में कर आकलन नियमों को सरल बनाकर करदाताओं को राहत दी गई है। शाह ने कहा कि यह न केवल भारत के उद्देश्य, उम्मीद और आशावाद की नई भावना का उदाहरण प्रस्तुत करता है, बल्कि उन्हें मजबूत भी करता है। उन्होंने हैशटैग बजटफॉरविकसितभारत के साथ एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत के युवाओं, महिलाओं और किसानों की शक्ति का उपयोग करते हुए यह बजट रोजगार और अवसरों के एक नए युग की शुरूआत करके एक विकसित राष्ट्र के रूप में उभरने के मार्ग पर राष्ट्र की गति को बढ़ावा देता है।

### सरकार ने पेश किया कुर्सी बचाओ बजट : राहुल गांधी

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार ने कुर्सी बचाओ बजट पेश किया है जिसमें भारतीय जनता पार्टी को खुश करने के लिए दूसरे राज्यों की कीमत पर खोखले वादे किए गए हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि यह बजट कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र और पिछले कुछ बजट की नकल है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, ह्यसहयोगियों को खुश करने के लिए अन्य राज्यों की कीमत पर उनसे खोखले वादे किए गए। अपने मित्रों को खुश किया गया, एए को लाभ दिया गया, लेकिन आम भारतीय को कोई राहत नहीं दी गई। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस का घोषणापत्र और पिछले कुछ बजट का कॉपी-पेस्ट किया गया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने केंद्रीय बजट-2024-25 में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की घोषणा की है जिसके तहत युवाओं को इंटर्नशिप के साथ 5,000 रुपये का मासिक भत्ता मिलेगा। कांग्रेस ने हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के लिए जारी अपने घोषणापत्र (न्याय पत्र) में प्रशिक्षुता के अधिकार का वादा किया था।

### यह नकलची और मोदी सरकार बचाओ बजट है: खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश की तरक्की वाला नहीं, बल्कि मोदी सरकार बचाओ बजट पेश किया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि यह नकलची बजट है जिसमें सरकार कांग्रेस के न्याय के एजेंडे की ठीक तरह से नकल नहीं कर पाई है। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, ह्यकांग्रेस के न्याय के एजेंडे को ठीक तरह से कॉपी भी नहीं कर पाया मोदी सरकार का नकलची बजट ! मोदी सरकार का बजट अपने गठबंधन के साथियों को ठगने के लिए आधी-अधूरी रेवड़ियां बांट रहा है, ताकि राजग बची रहे। यह देश की तरक्की का बजट नहीं, मोदी सरकार बचाओ बजट है। उन्होंने कहा, 10 साल बाद उन युवाओं के लिए सीमित घोषणाएं हुई हैं, जो सालाना दो करोड़ नौकरियों के जुमले को झेल रहे हैं। किसानों के लिए केवल सतही बातें हुई हैं। डेढ़ गुना एमएसपी और आय दोगुना करना, सब चुनावी धोखेबाजी निकली। ग्रामीण वेतन (आय) को बढ़ाने का इस सरकार का कोई इरादा नहीं है।

### केंद्रीय बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य है : नीतीश

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बजट को सकारात्मक एवं स्वागत योग्य बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट के माध्यम से देश के साथ-साथ बिहार के विकास की गति को बढ़ाने के लिये कई कदम उठाए गए हैं, जो सराहनीय है।



संतुलित बजट पेश करने के लिये मैं केंद्र सरकार को बधाई देता हूँ। देश में बड़े पैमाने पर आधारभूत संरचना के निर्माण का निर्णय भी स्वागत योग्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार अपने तीसरे कार्यकाल के पहले बजट में बिहार की विभिन्न विकास योजनाओं के लिये विशेष आर्थिक मदद देने की घोषणा की है जो सराहनीय है। उन्होने कहा कि आज केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किये गये बजट में बिहार की जरूरतों का विशेष ध्यान रखा गया है। इसके तहत बिहार के मानव संसाधन विकास एवं बुनियादी विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस बजट में बिहार की सड़क सम्पर्क परियोजनाओं, विद्युत परियोजनाओं, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेजों और खेलकूद की संरचनाओं के लिये विशेष राशि का प्रावधान किया गया है, इससे बिहार को काफी फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में बिहार के पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिये विशेष सहायता की घोषणा की गयी है। साथ ही बिहार को बाढ़ से बचाव के लिये भी बजट में बड़ा ऐलान किया गया है, जो सराहनीय है। कोशी-मेची नदी जोड़ परियोजना, नदी प्रदूषण न्यूनीकरण और सिंचाई परियोजनाओं के लिये विशेष आर्थिक मदद देने की घोषणा की गयी है। इसके लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को विशेष रूप से धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि बजट में बिहार के लिये की गयी इन घोषणाओं से बिहार के विकास में सहयोग मिलेगा और तेज गति से तरक्की होगी।

### बजट ने बिहार के लोगों को फिर किया निराश : तेजस्वी

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि बजट ने बिहार के लोगों को फिर निराश किया है। बिहार को प्रगति पथ पर ले जाने के लिए एक रिवाइवल प्लान की जरूरत थी और जिसके लिए विशेष राज्य के दर्जे के साथ विशेष पैकेज की सख़्त जरूरत है। रूटीन आवंटन तथा पूर्व स्वीकृत, निर्धारित व आवंटित योजनाओं को नई सौगात बताने वाले बिहार का अपमान ना करें। पलायन रोकने, प्रदेश का पिछड़ापन हटाने तथा उद्योग धंधों के साथ साथ युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए हम विशेष राज्य के दर्जे की माँग से इंच भर भी पीछे नहीं हटेंगे। हमारे कार्यकाल में स्वीकृत, प्रस्तावित, आवंटित, निर्धारित एवं क्रियाशील पुराने प्रॉजेक्ट्स तथा सड़क व पुल निर्माण, पर्यटन, उद्योग व एयरपोर्ट संचालन संबंधित योजनाओं की रीपैकिजिंग कर आज बजट में उसे विशेष पैकेज और विशेष सौगात का नाम देकर बिहारवासियों की आँखों में धूल झोंका जा रहा है। तेजस्वी न आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के लिए एक लाख 65 हजार करोड़ के विशेष पैकेज की घोषणा की थी लेकिन 9 वर्षो बाद भी बिहार को कुछ नहीं मिला। यह बात मैं ही नहीं बल्कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी भी कई बार स्वीकार कर चुके है। जैसे वह घोषणा थी वैसे ही यह है। जुमला पार्टी पुरानी योजनाओं को नया बताने की अपनी विशेष विशेषज्ञता का विशिष्ट प्रदर्शन कर जनता को फिर एक बार भ्रमित कर रही है। 2014 में प्रधानमंत्री मोदी में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का वादा किया था उस वादे का क्या हुआ?

## संक्षिप्त खबरें

### केन्द्रीय बजट विकासमुखी : श्याम सुंदर केशरी

फतुहा। लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश केन्द्रीय बजट को भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने विकासमुखी बताते हुए इसे देश हित में बेहतर बताया है। उन्होंने कहा की बजट में आमलोगों, किसानों, महिलाओं, नौजवानों खासकर बेरोजगारों के लिए नौकरी और रोजगार देने के एलान को ऐतिहासिक कदम बताया।

### होर्डिंग के विरूद्ध कार्रवाई करेगी नगर परिषद

दानापुर। नगर के अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्र में बिना आदेश एवं समय सीमा समाप्त होने के बाद दूबारा रिनीवल नही कराने के बावजूद के लगे होर्डिंग के विरूद्ध कार्रवाई करेगी। नगर परिषद इसको लेकर तैयारी मे जुट गयी है। नगर परिषद में लगे होर्डिंग के संबंध मे कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार ने विस्तृत जानकारी लेकर छानबीन शुरू कर दी है। नगर परिषद क्षेत्र मे 46 होर्डिंग लगे है। नगर परिषद क्षेत्र में होर्डिंग लगाने को लेकर नगर परिषद से आदेश लिया जाता है। जिसकी प्रत्येक वर्ष रिनिवल कराना पड़ता है। बताया जाता है कि कुछ लोगो द्वारा एक बार आदेश मिलने के बाद दुबारा रिनिवल नही कराते है और उसका उपयोग करते रहते है। जिससे नगर परिषद को राजस्व की क्षति होती है। कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि जल्द ही नगर परिषद क्षेत्र में लगे होर्डिंग की जांच कर कार्रवाई की जायेगी। इसको लेकर निर्देश दिया गया है।

### हत्या कांड के फरार चल रहे एक आरोपी को किया गिरफ्तार

दानापुर। नगर के अंतर्गत शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर दियारा के शंकरपुर घाट से एक कट्टा, दो गोली व एक खोखा के साथ बालू नाव से लेवी वसुलने वाला व हत्या कांड के फरार चल रहे एक आरोपी दिनेश राय को गिरफ्तार किया। शंकरपुर घाट पर अवैध बालू लदे नावों से रंगदारी वसुलने एवं अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए कुछ बदमाशो इक्ट्ठे होने की खबर मिली। सूचना पर शाहपुर पुलिस पहुंची। पुलिस को देखकर सभी भागने लगे। जिसमें से एक को पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। पकड़ाये युवक की पहचान हाबसपुर डेरा निवासी समुंदर राय के पुत्र दिनेश कुमार के रूप में हुआ। भागे वाले व्यक्ति का नाम पिन्टू राय बताया गया। जिसे गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। दिनेश के पास से एक लोडेड कट्टा, 01 जिंदा कारतूस, 01 खोखा बरामद किया गया। इसके साथ ही एक लाल रंग का अपाची बाइक कर जप्त किया गया। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि दिनेश राय का अपराधिक इतिहास रहा है। दिनेश बालू नावो से लेवी वसुलने के साथ अन्य आपराधिक मामलेमें पुलिस उसे तलाश कर रही थी। पिछले महीने हुए झुलन राय हत्या में भी आरोपित था। इसके विरूद्ध इस्तेहार तक की कार्रवाई हो चुकी है।

### जांच में डेंगू के मिले चार मरीज

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में डेंगू के 14 नमूना की जांच की गई। इसमें चार डेंगू संक्रमित मरीज मिले हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉप्रो संजय कुमार ने बताया कि संक्रमित डेंगू मरीजों में कदमकुआं के 45 वर्षीय युवक, कंकड़बाग पेट्रोल पंप के समीप रहने वाले 70 वर्षीय वृद्ध, बहादुरपुर के महावीर कॉलोनी निवासी 26 वर्षीय युवक और समस्तीपुर के पलगामा निवासी 20 वर्षीय युवती संक्रमित मिली है।

# एसजीजीएस सदर अस्पताल में कुव्यवस्था के खिलाफ जनसुझाव कार्यक्रम का आयोजन

## स्थायी अधीक्षक नहीं, आर्थो व ईएनटी में डॉ नहीं, अनेक जांच व आईसीयू नहीं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




श्री गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल सुधार समिति के बैनर तले अस्पताल के मुख्य द्वार पर एकदिवसीय जन सुझाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शिक्षाविद् विजय कुमार सिंह एवं संचालन महासचिव बलराम चौधरी ने किया। कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष मोहम्मद जावेद, सरदार दया सिंह, सचिव देवरत्न प्रसाद, रजनीश कुमार राय, वार्ड 60 की पार्षद शोभा देवी, समिति के सदस्य रघुनाथ प्रसाद, एजाजद्दीन सानू, बलराम विश्वकर्मा, कार्यालय प्रभारी बबलू जायसवाल, मो कलाम, मो शौकत, माले नेता ललन यादव, पप्पू यादव, मुन्ना जायसवाल, मो गोरख, भूषण माली आदि शामिल थे। इन सबों की मांगों में अस्पताल में मिलने वाली सभी प्रकार के मूलभूत सुविधा मुहैया कराई जाए, जेनेरिक दवा बिक्री केंद्र 24 घंटे खोली जाए, साथ ही साथ सामान्य दवा बिक्री केंद्र को भी 24 घंटा खोलने की व्यवस्था हो, अस्पताल में जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो, ऑक्सीजन प्लांट एवं ब्लड बैंक स्थापित करने की गति में तीव्रता लाई जाए, प्रसूति विभाग एवं इमरजेंसी कक्ष में 24 घंटे ओटी की व्यवस्था सुनिश्चित हो एवं अतिरिक्त डॉक्टर पदस्थापित किया जाए। गंभीर रोगियों के लिए अस्पताल में आईसीयू की सुविधा उपलब्ध हो, फिजियोथेरेपी विभाग में सभी तरह के उपकरणों की व्यवस्था कराई जाए, रेजिडेंसी चिकित्सकों को आवास उपलब्ध कराई जाए, अस्पताल में एमआरआई की सुविधा उपलब्ध हो, एचआईवी यूनिट को अस्पताल के मुख्य भवन से हटा कर किसी अन्य भवन में स्थानान्तरित किया जाए, अस्पताल में शव वाहन उपलब्ध कराया जाए, हृदय रोग व हड्डी रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना हो, आंख कान गला (ईएनटी) विभाग में अलग ओटी की व्यवस्था हो। डेंटल रोगियों के लिए एक्स-रे मशीन शुरू किया जाए, सभी विभाग के ओपीडी के साथ ही इमरजेंसी सेवा बाहर की जाए, अस्पताल में निकू-पिकू (आईसीयू) की व्यवस्था की व्यवस्था हो, न्यूरोलॉजिस्ट की पदस्थापना की जाए, अस्पताल में सभी तरह के विकलांगों का निःशक्तता प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए, वृद्धजनों की सुविधा के लिए अलग रजिस्ट्रेशन काउंटर एवं दवा वितरण केंद्र खोला जाए, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने में हो रहे है विलंब को दूर करने के लिए समय-सीमा निर्धारित की जाए। इसके अलावा शिकायत एवं सुझाव दर्ज कराने वाले मरीज एवं मउनके सहयोगीगण में मुंद्रिका चौधरी, कविता देवी, सविता देवी, जावेद, सतनारायण साव, राजकुमारी देवी, उपेंद्र प्रसाद, विजय प्रसाद, असगर अली, राजेश कुमार, पूजा कुमारी, गणिता देवी, मोहम्मद मुन्ना, मनमोहन सिंह, रफी अहमद, शमशेर अहमद गोरख, कायनात परवीन, विनोद कुमार, हीरालाल यादव, अजय कुमार, मुकेश कुमार, पुष्पांजलि, आनंद कुमार, राजेश्वर प्रसाद, पिंटू अमरनाथ यादव , जितेंद्र कुमार, सरोज दास , सुधीर ठाकुर , रुखसार परवीन, मिथिलेश कुमार अकेला, गुड्डू कुमार, मो आजाद, शीला देवी, मुन्नी देवी, मोहम्मद अजीज आदि थे। मरीजों द्वारा अस्पताल की व्यवस्था में भारी कुव्यवस्था होने की शिकायत दर्ज कराई गई एवं अनेक मरीजों द्वारा 60 वर्ष से अधिक वृद्ध लोगों के लिए अलग से रजिस्ट्रेशन व्यवस्था कराए जाने तथा दवा लेने में विशेष सुविधा देने की मांग की गई। यह भी सुझाव आया कि जिन लोगों के पास मोबाइल की सुविधा नहीं है, वैसे लोगों का भी पंजीकरण किया जाए। अधिकांश महिलाओं का कहना था की प्रसूति रोगियों के लिए रात में इस अस्पताल में ऑपरेशन की व्यवस्था नहीं रहने के कारण काफी कठिनाई होती है।

## बिहार के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के साथ महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल की शिष्टाचार भेंट





प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पटना में शिष्टाचार मुलाकात की एवं बिहार राज्य में यात्री सुविधा और रेल विकास से जुड़े पूर्व मध्य रेल की विभिन्न योजनाओं की प्रगति से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने रेलवे के क्रिया-कलाप, यात्री सुविधा में और सुधार के उपायों तथा रेल विकास आदि से जुड़े विषयों पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त किया । महाप्रबंधक ने बिहार के माननीय उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, मुख्य सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा तथा पुलिस महानिदेशक श्री राजविंदर सिंह भट्टी से भी शिष्टाचार मुलाकात की ।

## बेल्ट टेस्ट पूरा करने बाद दिया गया प्रमाण पत्र



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

राज्य कराटे संघ ऑफ बिहार के तहत बेल्ट टेस्ट और प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम किया गया। यह आयोजन गुलजारबाग स्टेशन के पास सोनू मार्शल आर्ट कराटे क्लब में हुआ। कार्यक्रम में राज्य कराटे संघ ऑफ बिहार के अध्यक्ष अभय कुमार अतुल ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। येलो बेल्ट में नंदिनी, काव्यांश प्रकाश, नंदीश चंद्रा, अभिराज सिंह, कृतिका चौहान, मोहित राज, आयुष कुमार, परी प्रकाश, प्रतीक प्रकाश, उदिता रानी, ओम नारायण, अलीशा पटेल, ऑरेंज बेल्ट में जाह्नवी कुमारी, आवान फैज, ग्रीन बेल्ट में तुलिप श्रीवास्तव, दिव्यांशु राज, अंश आर्या, सूरज कुमार, अभिराज कुमार, सृष्टि कुमारी, शुभांगी कुमारी, ब्लू बेल्ट में अंशिका श्रेष्ठ, अनमोल सिंह, रितिका सिंह, केशव राज और ब्राउन बेल्ट में आदित्य राज, रितिशा कुमारी हैं। इस दौरान सभी खिलाड़ियों को बुडोवास इंटरनेशनल कराटे डो अकादमी के अध्यक्ष सिंहान राम शिव कृष्णा एवं उपाध्यक्ष सिंहान बजरंगी कुमार ने सम्मानित किया महासचिव सेंसई पप्पू कुमार एवं सेंसई अजय कुमार, साहिल साहनी, स्नेहा सहनी, सुश्रुत सुमन, आशिता प्रिया, अदिति आर्या, कृतिका सिंह, कौशिका सिंह, आदित्य राज ने सबों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह जानकारी बिहार की कोच श्वेता कुमारी ने दी।

## पुलिस पदाधिकारियों ने पौधारोपण कर सुरक्षा का लिया संकल्प



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्रावणी माह के पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पाटलिपुत्र परिषद की ओर से लगातार पौधारोपण किया जा रहा है। मनाए जा रहे पखवारा के तहत गांधी सरोवर स्थित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी -2 कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। डीएसपी डॉ गौरव कुमार अपने पदाधिकारियों के संग माता-पिता और गुरुजनों के नाम पर पौधारोपण कर सुरक्षा की दृष्टि से ट्री गॉर्ड (गैवियन) लगाया। पाटलिपुत्र परिषद के महासचिव संजीव कुमार यादव ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाते हुए पूरे माह खाली पड़े विभिन्न स्थलों पर पीपल, बरगद, नीम, बिल्वपत्र, आंवला, जामुन, कदम्ब के सैकडों पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित है। मौके पर परिषद अध्यक्ष डॉ टीपी गोलवारा, प्रभारी बलराम माथुरी, रीडर रामजी प्रसाद, पटना महानगर प्रवक्ता राजेश साह, चौक मंडल के महामंत्री विनय कुमार, मनोज यादव, नैयर इकबाल, अजय यादव, उदय यादव, अवधेश यादव सहित अनेक खिलाड़ियों ने पौधारोपण किया।

## अध्यक्षा ने इंजीनियर के साथ मंदिर के ऊपर हॉल निर्माण पर की मंत्रणा

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। श्री श्री भारत माता मंदिर, लंगरटोली चौराहा की अध्यक्षा उषा दूबे ने रविवार को मंदिर के ऊपर हॉल निर्माण के लिए बेहतरीन इंजीनियरों के साथ मंत्रणा की। इस अवसर पर उनके साथ न्यास समिति के सात सदस्य भी मौजूद थे। जबकि एक अन्य सदस्य किसी कारणवश अनुपस्थित थे। उषा दूबे एवं उनके पति प्रख्यात आयुवेर्दाचार्य, समाजसेवी एवं दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे ने इंजीनियर के साथ निचले तल से लेकर छत तक का जायजा लिया। इसके उपरांत इंजीनियर को निर्देश दिया कि वह दो दिनों में हॉल का नक्शा बना लें, ताकि यथाशीघ्र गरीबों के लिए हॉल का निर्माण हो सके। जहां गरीब हिन्दू परिवार अपने लड़के-लड़कियों का छेका, शादी-विवाह इत्यादि कर सकेंगे। यह हॉल गरीब परिवारों को बिलकुल निःशुल्क मिलेगा। यही नहीं, चूंकि मंदिर 554 वर्गफीट में है, इसलिए विवाह की अन्य रस्में तथा बारातियों का खान-पान डॉ. दूबे के सुभाष मार्केट की छत के ऊपर कर सकेंगे। यह भी बिलकुल मुफ्त होगा।

उषा दूबे एवं उनके पति डॉ. दूबे ने बताया कि सावन शुरू हो गया है। सावन खत्म होते ही हॉल निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस मंदिर की स्थापना 15 अगस्त, 1926 को हुई थी। यह मंदिर प्राचीन एवं ऐतिहासिक मंदिर है। आगामी 13 अगस्त को न्यास समिति के सदस्य रणधीर आर्य एवं उनकी पत्नी अंजू आर्य यहां शंकर, गणेश, कार्तिक भगवान एवं नौ माताओं की पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण करेंगे। पटना वासियों से आग्रह है कि वह कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करें।

## केंद्रीय बजट देश के सर्वांगीण विकास का माइलस्टोन : नीतिन कुमार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



भाजपा नेता एवं प्रदेश भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के सह संयोजक नितीन कुमार ह्यरिंकूह्न ने आम बजट को सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी बताया है। केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री नितीन ने मंगलवार को कहा कि बजट में सभी वर्गों की सुविधाओं को ध्यान रखा गया है। इसमें बिहार के लिए तोहफों की बरसात की गई है। बजट में बिहार में नए मेडिकल कॉलेज और एयरपोर्ट खोलने की बात कही गई है। साथ ही, केंद्रीय बजट में बिहार की सड़क परियोजनाओं के लिए 26,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इससे आधारभूत सड़क संरचनाओं को मजबूती मिलेगी, विकास के नए मार्ग खुलेंगे। गया के प्रसिद्ध विष्णुपद और महाबोधि मंदिर को काशी विश्वनाथ धाम की तरह तैयार करने का निर्णय लिया गया है। नालंदा विश्वविद्यालय का उद्धार होगा। श्री रिंकू ने कहा कि यह बजट विकसित भारत का बजट है। यह नये भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी और विश्व का ग्रोथ इंजन बनाने का मार्ग प्रशस्त करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि बजट में करदाताओं को बड़ी राहत दी गई है। तीन लाख रुपए तक की आमदनी पर करदाताओं को कोई टैक्स नहीं देना होगा। सात से दस लाख तक की आमदनी वालों के लिए 10 प्रतिशत टैक्स का प्रावधान किया गया है। इससे चार करोड़ लोगों को नई कर प्रणाली में 17,500 रुपए तक का लाभ होगा। साथ ही पेंशनभोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कटौती 15 हजार से बढ़ा कर 25 हजार रुपए कर दिया है। यह बजट देश के सर्वांगीण विकास का माइलस्टोन है। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी पटना सिटी शाखा के चेयरमैन गोविन्द कानोडिया ने केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को सकारात्मक और स्वागत योग्य कहा हैं। यह बजट में बिहार का विशेष ध्यान रखा गया हैं। भाजपा पटना महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार व मीडिया प्रभारी प्रदीप काश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जारी केंद्रीय बजट पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट विकसित बिहार का नींव रखने वाला है। किसी भी विकसित राज्य के लिए आंतरिक इंफास्ट्रक्चर सुदृढ़ होना जरूरी है। इसके तहत 26 हजार करोड़ रुपए तीन एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए स्वीकृत किए गए हैं। पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे, बोधगया से वैशाली एक्सप्रेस-वे, बक्सर से भागलपुर एक्सप्रेस-वे का निर्माण व्यापार और पर्यटन के दृष्टिकोण से आर्थिक विकास में नए मुकाम हासिल करने वाला होगा। विद्युत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए 21,400 करोड़ रुपए की लागत से भागलपुर के पीरपैंती में 2400 मेगावाट का पावर प्लांट लगाया जाएगा। नए मेडिकल कॉलेज और नए एयरपोर्ट का निर्माण होगा। बाढ़ आपदा प्रबंधन और राज्य के सिंचाई परियोजना के लिए 11,500 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। राज्य के पर्यटन स्थल के विकास के लिए नालंदा विश्वविद्यालय राजगीर को पर्यटक स्थल के रूप में स्थापित किया जाएगा। यह बजट विकास, रोजगारपरक, शिक्षा, कौशल विकास, किसान बजट बढ़ा, सेना का आधुनिकीकरण, मुद्रा लोन बढ़ा, ई कॉमर्स बढ़ावा, महिला कल्याण की नई योजना शुरू, कैंसर की दवा सस्ती आदि कई महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई है। इस बजट के लिए भाजपा युवा मोर्चा पटना महानगर अध्यक्ष मयंक जायसवाल, जिला मंत्री गुंजन कुमार, अश्विनी राज यादव, शशि शेखर, सन्नी कुमार मिक्की, यश राज, राकेश नवरंग, अशोक कुमार मेहता, मुकेश कुमार मंटू, चंदन कुमार, शुभम झा, विक्की यादव, कौशल कुमार आदि ने देश हित का बजट बताया एवं आभार प्रकट किया है।

### अतुल्या आर्ट्स के तत्वाधान में शुद्ध भाषा उच्चारण के सिखाए गए गुर

पटना। अतुल्या आर्ट्स द्वारा राजकीय उर्दू पुस्तकालय में आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला के आज चौथे दिन बिहार की जानी मानी लेखिका एवं कवियित्री आराधना प्रसाद जी रही जिन्होंने हिंदी और उर्दू के उच्चरणों के गुर सिखाए साथ कई शब्दो का उच्चारण बच्चो को बोल बोल कर करवाया नाटकों की किताबें ,कविताएं पढ़वाई और हिंदी -उर्दू शब्दों की शुद्धता की जानकारी भी दी इस कार्यशाला में उर्दू पुस्तकलय के अध्यक्ष जनाब अरशद फिरोज , परवेज अख्तर ,इस मौके पर ,वरिष्ठ रंगकर्मी आर . नरेंद्र ,महिला रंगकर्मी श्रीपर्णा चक्रवर्ती और विद्यार्थियों में आनंद विकास , अभिषेक , समीर ,रौशनी , शहजाद दिनेश कुमार और साथ के अध्यक्ष रजनीश कुमार ,और कोषाध्यक्ष राहुल कुमार उपस्थित रहे । यह जानकारी अतुल्या आर्ट्स की सचिव लाडली कुमारी मीडिया कर्मियों से साझा की है ।

## एआईजेजीएफ ने आम बजट में सोने,चांदी पर ड्यूटी घटा कर 6 प्रतिशत करने पर किया स्वागत

प्रात :किरण संवाददाता

पटना, ऑल इण्डिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन ने आम बजट 2024-25 में सोनेझ्रचांदी पर ड्यूटी घटा कर 6 प्रतिशत करने का स्वागत किया है बजट पर जारी प्रेस विज्ञप्ति में के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा और प्रदेश महासचिव प्रेम नाथ गुप्ता ने कहा है की काफी समय से सोने चांदी पर ड्यूटी कम किए जाने की मांग कर रहा है जिसे ले कर हाल ही में पटना में हुए के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पधारी केंद्रीय वित्त मंत्री सीता रमण को मांग पत्र भी सौप था।

अशोक कुमार वर्मा और प्रेम नाथ गुप्ता ने कहा है की देश के ज्वैलर्स समाज की ओर से वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करता है की आप ने हमारी मांग को मान कर ज्वैलर्स समाज और देश की जनता को राहत प्रदान की है। श्री वर्मा और श्री गुप्ता ने अपनी मांग को माने जाने पर माननीय वित्त मंत्री से कहा है की आप को देश के ज्वैलरी इंडस्ट्री की तरफ से विश्वास दिलाता है की ज्वैलरी सेक्टर से सरकार का रेवेन्यू कम नहीं होने देंगे और चल रही गोल्ड डिपॉजिट स्कीम को बढ़ावा दे कर सकल व्यापार घाटे को कम करने का भरकस प्रयास करेगा। दोनो व्यापारी नेताओं ने यह भी कहा की देश में हर परिवार में विवाह होते हैं जिसमे हर औसत परिवार 5 से 15-20 लाख तक की ज्वैलरी की खरीदी करता है अब ड्यूटी 15% से घटा कर 6% किए जाने से आज के अनुमानित भाव से प्रति परिवार 50 हजार से 2 लाख तक की बचत होगी जिससे देश की जनता को काफी राहत मिलेगी पहले बेसिक ड्यूटी 10% और कृषि सेस 5% था जिसे इस बजट में ड्यूटी घटा कर 5% और कृषि सेस 1% किया गया है जिससे अब सोनेझ्रचांदी पर कुल 6% ही कर लगेगा। इसके लिए हम वित्त मंत्री का पुनः धन्यवाद करते हैं

## मजदूरों को हटाए जाने व फर्जी मुकदमा के विरोध में धरना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




मजदूरी बढाने की मांग करने पर सर्वोतम ट्रांसपोर्ट के मालिक द्वारा आठ कर्मी को काम से हटा देने, उनके साथ मारपीट किए जाने और मजदूर सहित उनके नेता पर झूठा मुकदमा दायर करने के विरोध में मंगलवार को धरना दिया गया। धरना ट्रांसपोर्ट नगर के जीरो माइल स्थित सर्वोतम ट्रांसपोर्ट के समक्ष बिहार गुड्स ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन के बैनर तले दिया गया। धरना स्थल पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए सीपीआई के जिला सचिव विश्वजीत ने कहा कि मजदूरों पर किए जा रहे अत्याचार और शोषण के विरोध में लाल झंडा मजदूरों के साथ मजबूती से खड़ा है और शोषण करने वाले अंततः मजदूरों के समक्ष सम्मानजनक समझौता के लिए मजबूर होते हैं। राघोपुर के पूर्व विधायक सतीश कुमार ने कहा कि नियोजक का यह फर्ज है कि वह मजदूरों का निबंधन कराएं, ताकि मजदूर को श्रम विभाग और सरकार द्वारा दिए जा रहे लाभ से वंचित नहीं होना पड़े। मालिक को मजदूर से सामंजस्य बनाकर रखना चाहिए अन्यथा उन्हें ही समस्या का सामना करना पड़ेगा। ऐटक के राज्याध्यक्ष गजनफ्फर नवाब ने कहा कि नियोजक श्रम नीति का उल्लंघन न करें और पूंजीपति होने और पैसे के बल पर मजदूरों को दबा देने का दंभ न भरें। मजदूर संगठन जब एक साथ आ जाते हैं, तो अच्छे अच्छे की हेकड़ी ढीला कर देते हैं। प्रगतीशील लेखक संघ के उप महासचिव अनीश अंकुर ने कहा कि जब एक मई मजदूर दिवस के दिन सारे कल-कारखाने कार्यालय बंद रहते हैं, लेकिन कुछ ट्रांसपोर्ट मालिक जानबूझ कर उस दिन भी मजदूर से लोडिंग-अनलोडिंग का काम लेते हैं ये उनके सामंती और मजदूर विरोधी नीतियों का परिचायक है। राजद के प्रदेश नेता शैलेश यादव ने कहा कि आज मजदूरों पर लगातार हमले हो रहे हैं और पूंजीपति वर्ग और प्रशासन की मिलीभगत से इन्हें फर्जी मुकदमे में फंसाया जाता है। हम मजदूरों के साथ अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने आए हैं और अंतिम दम तक इनके संघर्ष के साथ हैं। सभा का संचालन करते बिहार गुड्स ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन व ऐटक के सचिव जितेन्द्र कुमार ने बताया कि 11 जुलाई को सर्वोतम ट्रांसपोर्ट प्रालि के मजदूर ने जब मजदूरी में वृद्धि करने की मांग की, उस समय उन्हें कुछ नहीं कहा गया, लेकिन जब वे 12 जुलाई को काम पर आए, तो मालिक ने आठ मजदूर को हटा देने की बात कह उन्हें वापस जाने को कहा। मजदूरों ने जब विरोध किया, तो उनके साथ मालिख और उसके गुंडों के द्वारा मारपीट की गई। मारपीट की खबर सुन जब उनके नेता बिहार गुड्स ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन के महासचिव अनंत शर्मा समझौता के लिए आए, तो उनके साथ भी अपमानजनक व्यवहार किया गया। मजदूरों पर भी अगमकुआं थाना में फर्जी मुकदमा कर दिया गया। हम मालिक को बता देना चाहते हैं कि न तो प्रशासन से और न तुमसे हमारे मजदूर डरने वाले हैं। मामले को सुलझाने के बजाए उलझाने की कोशिश करोगे, तो अनेख मजदूर संगठन इनके साथ संघर्ष में उतर जाएंगे और पूरे ट्रांसपोर्ट का काम ठप कर देंगे।

## षड्यंत्रकारी के कारण श्री अकाल तख्त की मीटिंग में तख्तश्री की भागीदारी नहीं

पटना सिटी, आनंद केसरी



एक बार फिर षड्यंत्रकारी की चाल कामयाब हो गई और श्री अकाल तख्त साहिब में 15 जुलाई को होने वाली बैठक में तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब का प्रतिनिधित्व नहीं हो पाया। स्थिति यह रही की तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार के द्वारा ज्ञानी दिलीप सिंह को श्री अमृतसर जाने के लिए अनुमति देना, उस अनुमति पत्र पर तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह का मोहर लगने के बाद हवाई जहाज का टिकट बन जाना। जाने वाले का कमेटी के वाहन से एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करने के दौरान बीच रास्ते से ही वापस बुला लिया जाना एक बड़ा षड्यंत्र की ओर इशारा करता है। यह सब खेल तख्तश्री पटना साहिब के तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी इकबाल सिंह को सेवा में दोबारा लाने को लेकर चल रही कार्रवाई का हिस्सा माना जा रहा है। दरअसल श्री अमृतसर में श्री अकाल तख्त साहिब की विभिन्न मुद्दों पर पांच तख्त के सिंह साहिबानों की जरूरी बैठक 15 जुलाई को होनी थी। उक्त बैठक में भाग लेने के लिए तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार सिंह साहिब को भी पत्र भेजा गया था, मगर उन्होंने अपनी बीमारी के कारण अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह को वहां जाने के लिए अधिकृत किया। यह आवेदन तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह के पास गया। उन्होंने भी जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह के द्वारा ज्ञानी दिलीप सिंह के नाम की संस्तुति किए जाने पर सहमति जताते हुए अनुमति प्रदान कर दी। इसके बाद अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह के जाने के लिए हवाई जहाज का टिकट भी बन गया। उन्हें पटना के जयप्रकाश नारायण एयरपोर्ट से 14 जुलाई को अपराह्न चार बजे फ्लाइट से प्रस्थान करना था। वह 14 जुलाई को अपराह्न करीब दो बजे तख्तश्री कमेटी के वाहन से लगेज के साथ एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान किए। अभी वह आधा रास्ता भी तय नहीं कर पाए थे कि अचानक उनके मोबाइल घंटी बजी। जब उन्होंने कॉल रिसीव किया, तो दूसरी ओर से आवाज आयी किआपको श्री अमृतसर जाने की जरूरत नहीं है। आप वापस तख्तश्री पटना साहिब लौट आएं। अब यह किनके द्वारा किया गया कॉल था और उन्हें क्यों श्री अमृतसर में तख्तश्री पटना साहिब का प्रतिनिधित्व करने से रोका गया, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। इस संबंध में जब ज्ञानी दिलीप सिंह से बात की गई, तो उनका कहना था कि उन्हें इस संबंध में मीडिया से न कोई बात करनी है और न ही कोई जानकारी साझा करनी है। इस संबंध में जब कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह से बात की गई, तब उनका कहना था की इस संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उस दिन उनके माताजी की बरसी के कारण घर पर श्री अखंड पाठ की समाप्ति के बाद भोग का अवसर था। वह घर में व्यस्त थे। अब किसने ज्ञानी दिलीप सिंह को जाने से मना किया और क्या कारण था, वह इस संबंध में जानकारी लेने के बाद ही कुछ बता पाएंगे। दरअसल 15 जुलाई को से अमृतसर में पांच तक के जत्थेदार सिंह साहिब की होने वाली बैठक के दौरान तक श्री पटना साहिब के तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी इकबाल सिंह भी कन्हैया मुक्त होने के लिए वहां 15 जुलाई को पेश होने वाले थे। जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह के कार्यकाल में जब भी श्री अकाल तख्त साहिब से बैठक के लिए बुलावा आया है, तो अधिकांशतः ज्ञानी गुरदयाल सिंह ही गए हैं।

इसे लेकर श्री अकाल तख्त साहिब से आपत्ति भी जताई गई और स्थानीय संगतों के द्वारा भी यह आवाज उठाई गई कि जब उन्हें वहां से साजिशकर्ता और षड्यंत्रकारी घोषित करते हुए तख्तश्री पटना साहिब से हटा अन्यत्र ड्यूटी लगाने का आदेश दिया गया था, ऐसे में उन्हें वहां क्यों भेजा जा रहा है। यही कारण रहा कि इस बार अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह को भेजा गया था। मगर षड्यंत्रकारी का षड्यंत्र सफल हो गया।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, बुधवार, 24 जुलाई, 2024



# अवधेश नारायण सिंह बने बिहार विधान परिषद के सभापति

## सदन की गरिमा और सदस्यों के सम्मान में नहीं आने दूंगा कमी:अवधेश

- सीएम नीतीश एवं नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने सभापति को आसन तक पहुंचाया

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



विधान परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह मंगलवार को निर्विरोध सभापति चुन लिये गये। सदन में उनके निर्विरोध सभापति चुन लिये जाने की घोषणा की गयी। राबड़ी देवी और सीएम नीतीश ने अवधेश नारायण सिंह को आसान तक ले गए। सोमवार को उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं अन्य वरिष्ठ सदस्यों के साथ सभापति पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। सभापति पद के लिए मंगलवार को उन्हें निर्विरोध चुन लिया गया।सत्ताधारी दल के साथ ही विपक्षी दलों ने भी अवधेश नारायण सिंह का समर्थन किया है। इतना ही नेता विरोधी दल राबड़ी देवी खुद प्रस्तावक भी बनी थी। उसके बाद इनका सभापति चुना जाना लगभग तय हो गया था। श्री सिंह पहली बार आठ अगस्त 2012 को सभापति बने थे। दो बार कार्यकारी सभापति रह चुके हैं। सभापति का पद जदयू के एमएलसी देवेश चंद्र ठाकुर के सीतामढ़ी से लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद त्यागपत्र देने से रिक्त हुआ था।

**सभापति ने सभी सदस्यों के प्रति जताया आभार :**

बिहार विधान परिषद् का सर्वसम्मति से सभापति निर्वाचित होने के बाद श्री सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के प्रति भी आभार जताया। साथ ही उन्होंने सभी दलों के सदस्यों के प्रति भी आभार प्रकट किया। श्री सिंह ने कहा कि आपने मुझे सभापति का गंभीर उत्तरदायित्व सौंपा है। मैं विनम्रता के साथ इसे स्वीकार करता हूं। मैं प्रयास करूंगा कि इस चुनौती पर खरा उतरूं। इसके लिए मुझे स्वयं को स्वस्थ परम्परा में ढालना होगा क्योंकि आसन के संदेश का अनुपालन सरकार गंभीरता से तभी लेगी जब वह नीति संगत हो, न्याय संगत हो। सभापति चुने जाने के पश्चात सदन के विभिन्न राजनीतिक सिद्धान्तों और उनकी सीमाओं से ऊपर उठकर भारतीय संविधान, बिहार विधान परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली, नियमों और परम्पराओं के मुताबिक सदन की सेवा करना मेरा परम कर्त्तव्य है। मैं संसदीय परम्पराओं का निर्वहन भी करूंगा, साथ ही सदस्यों के विशेषाधिकारों और उनकी मान-मयार्दा का भी ध्यान रखूंगा। संसदीय प्रणाली में सभापति, बिहार विधान परिषद् इस संस्था के सदस्यों के संरक्षक होते हैं। इस आसन की सबसे बड़ी विशेषता तटस्थता और निष्पक्षता है। मैं इस सदन की गरिमा और सदस्यों का सम्मान बनाए रखने में कोई कमी नहीं आने दूंगा। इस सदन की बहुमूल्य विरासत को और समृद्ध करने के लिए मैं नई पहल और बेहतर पद्धतियों की खोज जारी रखूंगा। लोकतंत्र सामूहिक न्याय निर्णय की एक पद्धति है। विधायी निकाय उस पद्धति के नियामक हैं। मैं इस बात का प्रयास करूंगा कि सदन के सदस्यगण जनता के सरोकारों, चिन्ताओं और आशंकाओं को प्रभावशाली ढंग से सदन में रखें और आवश्यकतानुसार इस पर चर्चा और वाद-विवाद करें। जनहित से जुड़े विषयों को सदन में उठाने का, उन पर विमर्श करने का, सरकार से उनका हल जानने का अधिकार आप सभी सदस्यों को है। लेकिन इसके लिए परिषद की नियमावली में अंकित नियमों का भी हमें अनुपालन करना है। सौहार्दपूर्ण वातावरण में सदन की कार्यवाही चले यह केवल आसन का ही नहीं, हम सबकी सामूहिक जिम्मेवारी है। पूर्ण विश्वास है कि आप सबों का पूर्ण सहयोग मुझे प्राप्त होगा। सभापति बनने के बाद राजद के सदस्य सुनील कुमार सिंह, भाजपा के राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, भाकपा माले के शशि यादव, नवल किशोर यादव, संजय कुमार सिंह, महेश्वर प्रसाद सिंह सहित अन्य सदस्यों ने श्री सिंह को बधाई दी।

### पूरा सदन आपके व्यक्तित्व के कायल : मंत्री

संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि यह अपने आप में बहुत कुछ करता है कि आपका नामांकन मुख्यमंत्री के द्वारा प्रस्तावित हुआ नेता प्रतिपक्ष ने भी सहमति जताई है। स्वाभाविक रूप से यह आपके व्यक्तित्व की महानता या पिछले दिनों में जो आपने अपने अनुभव के आधार पर इस सदन के संचालन में जो कुशलता दिखाई है यह उसके प्रति सारे सदस्यों का सम्मान है। इसलिए पूरा सदन आज आसन पर आपके आने से प्रसन्न है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आसन पर रहते हुए इस सदन के अंदर और सदन के सचिवालय के द्वारा आप न्याय को। करेंगे न्याय के अलावा आपसे कुछ नहीं हो सकता है।

## उपसभापति पद के लिए रामबचन राय ने किया नामांकन, सीएम रहें मौजूद



पटना। विधान परिषद के उपसभापति पद के लिए मंगलवार को दिन के सवा 10 बजे जदयू के वरिष्ठ सदस्य डॉ रामबचन राय अपना नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत अन्य नेता मौजूद रहे। 24 जुलाई को चुनाव कराया जायेगा और एक ही नामांकन की स्थिति में उनके निर्विरोध निर्वाचन होने की घोषणा सदन में की जायेगी। उम्मीद जताया जा रहा है कि इनका निर्वाचन भी निर्विरोध हो जायेगा। राजद की ओर से इस पद के लिए उम्मीदवार देने की उम्मीद न के बराबर है। वे वर्ष 2004 में पहली बार बिहार विधान परिषद के सदस्य बने थे। उसके बाद मई 2014 में दूसरी बार मनोनीत सदस्य के रूप में एमएलसी बने। बिहार विधान परिषद के वरिष्ठ सदस्यों में से एक प्रोफेसर रामवचन राय सदन का लंबा अनुभव रखते हैं। उन्होंने पिछली बार 17 मार्च 2021 को एमएलसी के रूप में सदन की सदस्यता ली थी। समाजवादी धारा से जुड़ाव रखने वाले प्रोफेसर रामवचन राय के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ हमेशा से सौहार्दपूर्ण सम्बंध रहे है। अब प्रो. राय को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए उन्हें सदन का उप सभापति बनाया जा रहा है।

# केन्द्रीय आम बजट : सत्ता पक्ष ने बताया ऐतिहासिक, विपक्ष ने कहा निराशाजनक

### कल्चर और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिहाज से ऐतिहासिक बजट : विजय



पटना। उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने 2024-25 के केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा कि इस बजट में गरीब , युवा, किसान और महिलाओं के सर्वांगीण विकास के साथ विकसित भारत के संकल्प की दिशा में सार्थक कदम बढ़ाया गया है। विशेष रूप से यह बजट बिहार के विकास के लिए ऐतिहासिक है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा था कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूर्वी क्षेत्र और विशेष रूप से बिहार का विकसित होना लाजिमी है। इसी सोच के साथ सरकार पूर्वोदय योजना लेकर आई है। इसके अतिरिक्त बिहार की सड़क अवसंरचना के लिए केंद्र सरकार ने 26 हजार करोड़ रुपए से अधिक व्यय की घोषणाएं की गई हैं। पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस वे, बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस वे और बोधगया-वैशाली एक्सप्रेस वे के लिए फंड तथा गया दरभंगा के साथ बक्सर में गंगा नदी पर पुल निर्माण की घोषणा की गई है। श्री सिन्हा ने कहा कि इस बजट में केंद्र सरकार की दो पहलों का खास तौर से स्वागत किया जाना चाहिए । पहला कोसी क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई विकास और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार ने 11 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है । साथ ही दूसरी ओर सरकार ने बहुप्रतीक्षित पीरपैंती पावर प्लांट के विकास का प्रावधान किया गया है। श्री सिन्हा ने कहा कि गया के विष्णुपद मंदिर, महाबोधि मंदिर और राजगीर के जैन मंदिर का काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के तर्ज पर विकसित करने की योजना समरस विरासत के साथ विकास को साधने की शानदार कोशिश है। श्री सिन्हा ने कहा कि निस्संदेह यह बजट समूचे देश के साथ बिहार के लिए विरासत के साथ विकास की सौगात लेकर आया है।

### इस बजट से हर क्षेत्र में आगे बढ़ेगा बिहार: श्रवण



पटना। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में पेश किये केन्द्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि इस विकासोन्मुखी बजट से सभी क्षेत्रों के लोगों को लाभ होगा। इस बजट से बिहार हर क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा बजट में बिहार के लिए 3 एक्सप्रेस वे यथा- पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस वे, बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस वे एवं बोधगया- दरभंगा एक्सप्रेस वे निर्माण संबंधी घोषणा पर श्री कुमार ने काफी प्रसन्नता जाहिर करते हुए केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इन एक्सप्रेस वे के निर्माण पर 26 हजार करोड़ रुपए खर्च करेगी तथा बक्सर में गंगा नदी पर दो लेन का पुल भी बनाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि बिहार को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से केन्द्रीय बजट में बिहार में 21 हजार 400 करोड़ रुपए की लागत से 2400 मेगावाट पावर प्लांट लगाने की घोषणा के साथ ही राज्य में नये एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज एवं स्पोर्टस इंफ्रा तैयार करने की घोषणा और नालन्दा के लिए केन्द्रीय बजट में राजगीर में हिन्दू, जैन एवं बुद्ध के अनुयायी के लिए विश्वा स्तरीय तीर्थ स्थल का स्वरूप देने संबंधी घोषणा पर भी खुशी व्यक्त किया है। श्री श्रवण कुमार ने बजट से खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इसे गांव एवं ग्रामीणों की तरक्की होगी एवं विकसित भारत के लिए जो प्राथमिकता तय की गयी है उससे विश्व में भारत का स्थान ऊंचा होगा और विश्व की तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था वाली देश बन सकेगा।

### देश को प्रगति के पथ पर ले जाने वाला बजट : चिराग



पटना।केंद्रीय खाद्यप्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए अपने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि 2024-25 का यह आम बजट अमृतकाल का महत्वपूर्ण बजट है। यह बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट की सोच को धरातल पर उतारने वाला बजट है। साथ ही देश को विकास और प्रगति के पथ पर ले जाने वाला बजट है।देशवासियों के सपनों को पूरा करने के साथ विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने की मजबूत आधारशिला इस बजट के माध्यम से रखी गई है।विकसित भारत के संकल्प की ओर अब देश और तेजी से कदम बढ़ाएगा।इस बजट की भारत की आर्थिक समृद्धि को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस बजट में गरीब, युवा, किसान, मध्यम वर्ग, नारी शक्ति सबका ख्याल रखा गया है।सभी के विश्वास के साथ सबका विकास करते हुए विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाला यह बजट है।प्रधानमंत्री जी के बिहार व बिहारियों से विशेष लगाव का परिणाम है कि इस बजट में बिहार का खासा ख्याल रखा है और ह्वकसित बिहार-समृद्ध बिहार के सपनों को पूरा करने के लिए , बिहार को कई अहम परियोजनाओं की सौगात दी गई है।मैं और मेरी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास इस समावेशी बजट का स्वागत करती है।

### बजट में बिहार को मिला झुनझुना : राबड़ी



पटना।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट में बिहार के लिए अतिरिक्त मदद का ऐलान किया।वित्त मंत्री ने बिहार को 26 हजार करोड़ रुपये आवंटित करने की घोषणा की। इस पर बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने कहा कि बजट में बिहार के लिए केवल झुनझुना है। उन्होने कहा कि केंद्र सरकार जनता को ठगने का काम करती है।नीतीश कुमार की मांगें पूरी नहीं हुईं, उन्हें एनडीए को छोड़ देना चाहिए। राज्य में बाढ़ आ रही है, पुल टूट रहे हैं, लोगों के घर डूब रहे हैं, इस पर कोई काम नहीं हो रहा है। बिहार में रोजगार नहीं मिल रहा है।खाद-बीज महंगा हो रहा है।किसानों को बिजली नहीं मिल रही है।बता दें कि केंद्र सरकार ने बजट में बिहार को कई तोहफे दिए हैं।वहीं, राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि पेश किये गए बजट में बिहार को कुछ लाभ नहीं मिला है। किसानों, मजदूरों के लिए कोई बड़ा ऐलान नहीं किया गया है। केवल और केवल कॉरपोरेट घरानों को ध्यान में रखते हुए बजट बनाया गया है।बिहार के साथ सौतेलापन हुआ है।हम संसद से लेकर सड़क तक विशेष राज्य की मांग उठाते रहेंगे।पैकेज से काम नहीं चलेगा, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा हमारी मांग है।उन्होंने कहा कि पेपर लीक बिल बिहार में लागू होना चाहिए और इसका समर्थन विपक्षी दलों को भी करना चाहिए।इस बिल के लागू होने से निश्चित तौर पर छात्रों को लाभ होगा।

### बिहार के विकास की गति होगी और तेज : जदयू



पटना।केंद्र सरकार के बजट की प्रशंसा करते हुए जदयू के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने आज इसे पूरी तरह संतुलित और विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति की तरफ एक ठोस कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस बार का बजट युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीबों के कल्याण के साथ बिहार जैसे प्रगतिशील किन्तु आर्थिक रूप से कमजोर राज्यों को सशक्त करने वाला है।इसमें समाज के हर तबके के लिए कुछ न कुछ है।बजट में आदिवासी समाज से लेकर नौकरीपेशा वर्ग आदि सभी का ख्याल रखा गया है।बिहार को दी सौगातों के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए जदयू महासचिव ने कहा कि इस बार के बजट में केंद्र सरकार ने बिहार को 58,900 करोड़ की कई योजनाओं की सौगात दी है, जिससे बिहार के विकास को नए पंख लगेंगे।जदयू प्रवक्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ने बिहार में कई सड़क परियोजनाओं के लिए 26,000 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त सरकार ने बिहार को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए बिहार के पीरपैंती में 21,400 करोड़ रुपए की लागत से 2400 मेगावाट का पावर प्रोजेक्ट लगाने का ऐलान भी किया है। बजट में बिहार में हर साल आने वाली बाढ़ की त्रासदी से निपटने और राहत के लिए लिए 11,500 करोड़ रुपए देने की घोषणा भी की है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ने बिहार को ग्लोबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने के लिए भी कई ऐलान किये हैं। नालंदा विश्वविद्यालय के गौरव को फिर से पुनर्बहाल करने की दिशा में भी काम किये जायेंगे।

### बजट में स्वास्थ्य व कृषि पर विशेष फोकस : मंगल



पटना। सूबे के स्वास्थ्य व कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि गांव, किसान और गरीब को समर्पित 2024-25 का विकासोन्मुखी आम बजट 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। आम बजट ने आम नागरिकों से जुड़ी कई योजनाओं पर मुहर लगा दी। जिसमें अन्नदाता किसानों की समृद्धि के लिए एक लाख 52 हजार करोड़ रुपये, तो वहीं महिला सशक्तिकरण के लिए तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान अहम है। युवाओं के लिए लाखों नौकरी और मध्यम वर्गीय परिवार के लिए नए टैक्स स्लैब की घोषणा भी स्वागत योग्य है। श्री पांडेय ने कहा कि बिहार में विभिन्न योजनाओं के लिए 58 हजार 900 करोड़ रुपए की घोषणा है। पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की आवास जरूरतों को पूरा किया जाएगा। केंद्र सरकार ने बजट के माध्यम से बिहार में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अहम घोषणाएं की। बिहार में नए मेडिकल कॉलेज बनाए जाएंगे। कैंसर की तीन और दवाओं पर छूट दी जाएगी। कैंसर इलाज के उपकरण सस्ते होंगे। जो सराहनीय हैं। वहीं कृषि सेक्टर के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए की घोषणा ऐतिहासिक हैं जिससे 400 जिलों में खरीफ फसल सर्वे होगा। बजट के माध्यम से कृषि रिसर्च में सुधारों पर काम होगा। एक करोड़ किसानों के लिए प्राकृतिक खेती पर जोर दिया जाएगा। बिहार में बाढ़ आपदा से निपटने के लिए 11 हजार 500 करोड़ रुपए निवेश होंगे। सब्जियों की सप्लाई चेन और स्टोरेज पर काम होगा। मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख से 20 लाख की गयी जो सराहनीय है। वहीं बिहार में सड़क के लिए 26 हजार करोड़ रुपए की घोषणा भी स्वागत योग्य हैं। वहीं 21 हजार 400 करोड़ की लागत से बिहार में 2400 मेगावाट का पावर प्रोजेक्ट लगाया जाएगा। इसके साथ ही राज्य में नए एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज, स्पोर्टस इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किए जाएंगे।

### बिहार के सर्वांगीण विकास की नींव रखेगी : हरि



पटना।बिहार सरकार के पिछड़ा और अति पिछड़ा कल्याण मंत्री हरि सहनी ने केंद्रीय बजट को स्वागत योग्य बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में किये गए प्रावधानों से बिहार सहित पूर्वी राज्यों के विकास को गति मिलेगी। इस बजट में रोजगार के करोड़ों अवसर बढाने के बड़े रोडमैप है। उन्होंने कहा कि इस बजट से मछुआरों के लिए रोजगार के नये अवसर बढ़े इसके हेतु मत्स्य उद्योग को बढ़ावा दिया गया है।इस बजट के केन्द्र में नारी शक्ति कल्याण और नारी सशक्तिकरण दोनों की विशेष चिन्ता की गई है।उन्होंने कहा कि बजट में बिहार में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने की चिंता की गई है तो बाढ़ प्रभावित इस राज्य में बाढ़ के नियंत्रण करने के भी प्रयास करने की बात की गई है। बिहार में मानव संसाधन, इंफ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक विकास के नये अवसर को बढ़ावा देने का प्रावधान किया गया है। श्री सहनी ने कहा कि बजट में देश के युवाओं, देश के किसान के लिए बहुत कुछ है, छात्रों के लिए भी पहली बार शिक्षा लोन 10 लाख रुपये कर दिया गया है।मुद्रा लोन भी 10 लाख से 20 लाख रुपये कर दिया गया है।तीन करोड़ गरीबों के लिए नया घर है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो वादा किया था, उसको निभाया है।

### बिहार को एक बार फिर किया गया गुमराह: गगन



पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने केन्द्रीय बजट को बिहार के लिए निराशाजनक बताते हुए कहा है कि बजट में अन्य राज्यों के लिए जो सामान्य हिस्सेदारी है उसे हीं बिहार के लिए विशेष पैकेज बताकर बिहार के लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि केन्द्र की एनडीए सरकार तो अपने गठन काल से हीं बिहार के साथ सौतेला व्यवहार करती आ रही है। पर चुंकि इसबार वह जदयू के समर्थन से हीं सत्ता हासिल की है, इसलिए उम्मीद किया जा रहा था कि इसका लाभ बिहार को मिलेगा। जैसा कि जदयू के द्वारा भी बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की बात की जा रही थी। पर पिछले कई दिनों से जदयू के बदले तेवर से लगा कि विशेष राज्य का दर्जा नहीं तो विशेष पैकेज के द्वारा हीं क्षतिपूर्ति की जाएगी। पर आज लोकसभा में पेश बजट में ऐसा कुछ भी दिखाई नहीं दिया। जिन हाईवे की चर्चा की गई है वो तो केन्द्र की पूर्व घोषित योजना का हीं अंश है। इसी प्रकार पूर्व स्वीकृत कई योजनाओं का रिपैकेजिंग किया गया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि जदयू भले हीं अपनी साख बचाने और अपने को तसल्ली देने के लिए जो भी कहे पर वास्तविकता यही है कि भाजपा ने उसे ठेंगा दिखा दिया और जदयू चाहे जो भी तर्क दे पर हकीकत यही है कि उसने बिहार को धोखा देने का काम किया है।

### बिहार की रूप रेखा बदलने वाला स्वर्णिम बजट : ऋतुराज



पटना। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट पेश हुए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे अमृतकाल के स्वर्णिम बजट की संज्ञा दी है। उन्होंने कहा कि इस बजट में एक तरफ जहा महिला , किसान ,युवा और गरीब के हितों का ध्यान रखा गया है वही दूसरी ओर विकास के साथ विरासत का समन्वय कर विकसित भारत की स्वर्णिम परिकल्पना की गई है। यह एक ऐतिहासिक बजट है जिसमे बिहार जैसे पिछड़े राज्यों को विकसित राज्यों के साथ मुख्यधारा में जोड़ने के लिए नीतिगत प्रावधान रखे गए है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट ने बिहारवासियों को बड़ी सौगात दी है। रोड, इंडस्ट्री, मेडिकल कॉलेज, एयरपोर्ट, मंदिरों के जीणोर्धार और कई योजनाओं के रूप में बिहार को 58.9 हजार करोड के बजट का ऐलान कर पीएम मोदी ने बिहार राज्य को विकसित राज्य बनाने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया है। यही नहीं बिहार को नए एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज भी मिलेंगे। बजट में पीएम पैकेज के तहत रोजगार से जुड़ी स्किल योजना की भी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अब विपक्ष झुनझुना बजाए या बैंड बाजा हां यह सच है कि मोदी सरकार के आज के बजट ने हर बिहारवासियो को खुशी से झूमने की सौगात दी है।

### कॉरपोरेट आधारित बजट में बिहार के साथ छलावा : अखिलेश



पटना। केंद्रीय बजट में बिहार के लोगों के साथ केंद्र की मोदी सरकार ने छलावा किया है और बिना किसी उचित फंड निर्धारण के केवल हवाई घोषणाओं को जगह दी है। ये बातें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कही है। उन्होंने कहा कि केवल महंगे टोल टैक्स वाली सड़कों का निर्माण करने की अनुमति दिलवाकर कॉरपोरेट को फायदा देने वाले प्रधानमंत्री को जनता के हितों का ध्यान में रखते हुए स्लीपर बोगियों को और ट्रेन को बढ़ाने की उपलब्धता करनी चाहिए।बिहार के युवाओं को रोजगार देने लायक भी बजट नहीं मिल सकता है। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने संबंधी वादे से आप पहले ही मुकर गए हैं और अब बिहार के औद्योगिक विकास के मुद्दों पर आप चुनावी घोषणाओं के तरह स्वयं के तारीफों के पुल बांध रहें हैं। वास्तव में केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की नीतीश सरकार ने प्रदेश को सत्ता सुख के लिए गिरवी रखने का काम किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट में बिहार के हिस्से केवल वायदे आएं और उन्हीं प्रोजेक्ट्स को गिनाया गया जो पहले से घोषित थे। बिहार को इस बार ट्रेन कम मिली थी तो हमें उम्मीद हुई थी कि संभव हो पलायन रोकने के लिए ये सरकार कुछ ठोस कदम उठाएगी। लेकिन इस बार भी केवल भविष्य के सपनों को लच्छेदार भाषणों में तराश कर बेचने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वित्त मंत्री ने किया है। पर्यटन के क्षेत्र में श्रीराम की दीक्षा स्थली और मां जानकी मंदिर के विकास के लिए अलग से बजट निर्धारण नहीं करना और युवाओं के रोजगार के लिए कोई अतिरिक्त कार्यक्रम की शुरूआत नहीं होना भी कमी रह गई। इस बजट को खासा निराशाजनक बताते हुए प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि केंद्र बिहार के साथ लगातार सौतेला व्यवहार कर रहा है।

### न विशेष राज्य का दर्जा न ही पैकेज देने की घोषणा : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि केंद्रीय बजट में बिहार की उपेक्षा की गई है न ही बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की घोषणा की गई है और न ही विशेष पैकेज का ऐलान किया गया है। जिन योजनाओं की घोषणा की गई है, वह पुरानी है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि 2024-25 का केंद्रीय बजट वैश्विक नीतिगत अनिश्चितताओं के पीछे भाजपा-शासन के पिछले 10 वर्षों की विफलताओं को छिपाने की एक कपटपूर्ण कवायद है। भाजपा की कॉपोर्रेट-समर्थक नीति-निर्धारण और कष्टकारी निर्णयों के कारण आम लोगों को व्यापक दुखों का सामना करना पड़ा है और सरकार ऐसे समय में बेशर्मी से अपनी विफलताओं को बाहरी विकासों पर छिपाने की कोशिश कर रही है, जब कच्चे तेल की कीमतें पहले की तुलना में अनुकूल बनी हुई हैं। बजट से यह भी पता चलता है कि भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के अस्तित्व को लेकर अनिश्चित है और वह बिहार और आंध्र प्रदेश के अपने सहयोगियों को सत्ता में बने रहने के लिए मनाने की कोशिश कर रही है। भाजपा ने फिर से रोजगार सृजन पर बयानबाजी की है लेकिन कार्यान्वयन में बड़े पैमाने पर विफल रही है। सरकारी प्राप्तियों में अप्रत्यक्ष करों का हिस्सा कॉपोर्रेट टैक्स से अधिक है, जिससे पता चलता है कि सरकार आम लोगों पर बोझ डाल रही है। बजट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकार युवाओं, महिलाओं, गरीबों और किसानों पर केवल शोर मचाती है, जबकि विशेष रूप से कॉपोर्रेट हित को आगे बढ़ाती है।

### विशेष वित्तीय पैकेज से विकास के मार्ग प्रशस्त होंगे : उमेश



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अथक और ईमानदार प्रयासों से बिहार के लिए विशेष आर्थिक सहायता के रूप में हमारी चिर-प्रतीक्षित मांग को केंद्र की एनडीए सरकार द्वारा हरी झंडी मिल गई है। केन्द्रीय बजट में बिहार की आवश्यकताओं और जन आकांक्षाओं का खास ध्यान रखा गया है। पूरे प्रदेशवासियों के लिए यह अति हर्ष का विषय है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से बिहार के लिए विशेष वित्तीय सहायता का ऐलान प्रदेश के चैमुखी विकास में मील का पत्थर साबित होगा और साथ ही इससे विकसित और समृद्ध बिहार बनाने के सपनों को भी नया पंख मिलेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट में बिहार के विकास संबंधित विभिन्न योजनाओं की घोषणा की गई है, जो की आने वाले दिनों में नई पीढ़ियों के लिए नए बिहार के निर्माण में निर्णायक साबित होगा। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि केंद्रीय बजट में बिहार की सड़क सम्पर्क परियोजनाओं, राज्य में बिजली की पर्याप्त उपलब्धता हेतु पावर प्लांट, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेजों एवं खेलकूद से संबंधित आधारभूत संरचनाओं को मजबूत बनाने के लिये विशेष आर्थिक पैकेज का प्रावधान किया गया है। साथ ही बिहार के पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों को भी विकसित करने के लिये विशेष सहायता राशि की घोषणा की गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से बिहार को इसी प्रकार के विशेष आर्थिक सहयोग की आगे भी अपेक्षा है ताकि विकास का पहिया अनवरत बढ़ता रहे।

### किसानों के लिए बजट में कुछ भी नही : किसान महासभा

पटना। अखिल भारतीय किसान महासभा ने संसद में पेश केन्द्रीय बजट को देश की खेती व किसानों के लिए पूरी तरह निराशाजनक बताते हुए इसे कृषि क्षेत्र में कारपोरेटीकरण को बढ़ाने वाला बताया। वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा पेश केन्द्रीय बजट सी-2+50 प्रतिशत के आधार पर फसलों की एमएसपी, किसानों की कर्ज माफी, किसान पेंशन और किसान सम्मान निधि में बढ़ोतरी जैसे किसानों की प्रमुख मांगों पर चुप्पी साधे रहा है। खेती में लागत कम करने के लिए कृषि यंत्रों, बीज, खाद और कीटनाशकों को टैक्स फ्री करने की किसानों की मांग को भी सरकार ने पूरी तरह नजरअंदाज किया है। उक्त बातें प्रेस बयान के जरिए बताते हुए किसान महासभा के बिहार राज्य सचिव उमेश सिंह ने कहा कि देश की आधी से ज्यादा आबादी की आजीविका को चलाने वाले कृषि क्षेत्र के लिए मात्र ढाई प्रतिशत (1.27 लाख करोड़) से कुछ ज्यादा बजटीय प्रावधान किया गया है। किसान सम्मान निधि व कृषि बीमा के लिए जारी आवंटन भी जरूरत से काफी कम है। उन्होंने ने कहा कि बजट ये बताता है कि किस तरह देश की खेती-किसानी को तबाह कर इस क्षेत्र में कारपोरेट की घुसपैठ का रास्ता बनाया जा रहा है। और डिजिटल एग्रीकल्चर योजना को कृषि उपज के भंडारण और मंडी पर कारपोरेट का नियंत्रण बढाने वाला बताया। साथ ही अधिक उत्पादन देने वाले बीज लाने की योजना को भारत की खेती में जीएम बीजों की घुसपैठ कराने की साजिश करार दिया। वेतन भोगी कर्मचारियों को 5 लाख रुपए तक की आमदनी में पूर्ण टैक्स माफी की बहुप्रतीक्षित मांग को सरकार ने एक बार फिर अनसुना किया है। किसान महासभा शेयर बेच कर अकूत मुनाफा कमाने वाली कम्पनियों और देश के अमीरों की सम्पत्ति के विरासत हस्तान्तरण पर टैक्स लगाकर उसे कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च करने की मांग करती है।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–22 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक–31.07.2024 को 12.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति कि तिथि एवं समय : दिनांक–01.08.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–01.08.2024 को 3.30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, भ0नि0वि0, पटना। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित भवन अवर प्रमंडल का कार्यालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य का विवरणी

| क्रम स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (ओ0ग्रास) | कार्य समप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Renovation of 84 officer's flat No.-18/84 at New Punaichak, Patna for the year 2024-25 | 572200.00 | 12000-00 | 1250-00 | 1 month |

निविदा की विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखें।

PR- 004418 ( B C D ) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई–खुली निविदा सूचना सं.– एस–टी/सोन/ई–खुली निविदा/24–25/25 दिनांक: 19.07.2024. मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूर संचार)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि 09.08.2024 को 12.00 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट – www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है। ई–निविदा सं.: एस&टी/सोन./ई–खुली निविदा/ 24–25/25.
1. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : सोनपुर मंडल – एलसी संख्या 61/एसपीएल (बरौनी–तिलरथ), एलसी संख्या 24/उमाशनगर–खगड़िया, एलसी संख्या 7'बी'/बरौनी–तेघरा के बदले आरओबी के निर्माण के संबंध में सहयोगी एसएंडटी कार्य का प्रावधान और बरौनी–दिनकर ग्राम सिमरिया के बीच किमी 11/5–7 पर एफओबी का निर्माण और लखमीना–दनौली फुलवरिया के बीच किमी 147/21–23 पर एलएचएस का निर्माण। 2. अनुमानित लागत (रू. में) : ₹1,12,72,846.25, 3. बयाने की राशि (रू. में) : ₹2,06,400.00, 4. निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (रू. में) : ₹0.00, 5. समापन अवधि : एल.ओ.ए. जारी होने की तिथि से 06 (छ:) माह तक।
उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। दिनांक 19.07.2024 को अपलोड कर दिया गया है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार–किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदा दाता का इसमे कोई दावा मान्य नही होगा। निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक (सि.)/पूमरे/सोनपुर
पीआर/00733/एसईई/सि./टी/24–25/44

# संस्कृति वर्मा गोलीकांड का हुआ उद्भेदन, शूटर समेत 4 गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। लगभग एक महीने के बाद पुलिस ने कंप्यूटर ऑपरेटर संस्कृति वर्मा गोली कांड का उदभेदन कर लिया है। पुलिस ने गोली चलाने वाले शूटर गिरोह को गिरफ्तार करने के बाद पूरे कांड की जानकारी देते हुए बताया कि गोली कांड में बिहार सरकार न के पूर्व मंत्री की बहू मुख्य साजिशकर्ता ने निकली है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए वे फिलहाल छापेमारी जारी है। सनद रहे कि बीते 25 जून को बेला थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में कंप्यूटर ऑपरेटर संस्कृति वर्मा को बाइक सवार अपराधियों ने तीन गोलियाँ मारी थी । घटना के 27 दिनों बाद पुलिस ने मामले का सनसनीखेज खुलासा कर दिया है।पूरे मामले में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री की बहू रूपा शर्मा को मुख्य साजिशकर्ता र के रूप में चिह्नित किया गया है। पुलिस का दावा है कि हत्या की सुपारी रूपा शर्मा ने अपने ही एजेंसी में काम करनेवाले दो कर्मियों के माध्यम से दी थी। जिले के मनियारी थाना क्षेत्र के एक कर्मचारी ने शूटर को तीन लाख रुपए अग्रिम भुगतान किया था। जबकि पूरी घटना कि सुपारी दस लाख में तय किया गया था। संस्कृति वर्मा के पति आर्यन कार एजेंसी में कई सालों से कार्यरत थे। एजेंसी की मालकिन रूपा शर्मा का कथित अवैध संबंध संस्कृति वर्मा के पति आर्यन के साथ पूर्व से था। अवैध संबंध का संस्कृति वर्मा के द्वारा विरोध किया जा रहा था।पूरे मामले का उद्भेदन करते हुए एसएसपी राकेश कुमार ने एक प्रेसवार्ता में बताया कि बेला थाना इलाके में 25 जून को संस्कृति वर्मा नामक एक महिला को गोली मार दी गई थी। इसमे बाईक सवार तीन अपराधी का गोली चलाते सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ था। इस मामले में एएसपी, बेला थानेदार और अन्य अधिकारी की टीम बनाकर जांच पूरी की गयी। इस मामले में एक शूटर समेत चार लोगों अभिनीत कुमार उर्फ सन्नी , शिव शेख रंजन ,तुषार कुमार और कृष्णकांत मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। तुषार, कृष्णकांत, अभिनीत और शिव शेख ने घटना की साजिशकर्ता रूपा शर्मा से दस लाख कि सुपारी ली थी। काम के एडवांस के रूप में साढ़े तीन लाख रुपए ले कर संस्कृति वर्मा की रेकी कर सुनसान जगह पर उसे तीन गोली मार कर हवाई फायर करते हुए फरार हो गए।मानवीय और तकनीकी जांच के बाद इस मामले में इन चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है वहीं दो शूटर समेत मुख्य साजिशकर्ता रूपा शर्मा फरार चल रही है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए टीम छापेमारी कर रही है। एसएसपी ने बताया कि रूपा शर्मा ने अभिनीत के माध्यम से पूरे कांड की साजिश रची। अभिनीत व शिव शेख ने शूटर का इंतजाम कराया ,जिसे तुषार के माध्यम से प्रारंभ में 3.30 लाख रुपया भी मुहैया कराया गया। मिशन सफल होने पर 10 लाख की डील थी। कृष्णकांत इस कांड में शूटर के रूप में सामने आया है। वही शिव शेख रंजन का भी पुराना आपराधिक इतिहास है। वह भोपाल के पिलानी बैंक लूट कांड में एक साल तक जेल में था। जेल से छूटकर आने के बाद वह मुजफ्फरपुर में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होगया। अभिनीत उर्फ सन्नी शराब तस्करी मामले में जेल जा चुका है।

## संक्षिप्त खबरें

### दहेज के लिए गर्भवती से मारपीट केस दर्ज

बोचहा। दहेज के लोभी ससुरलवालों ने गर्भवती महिला के साथ मारपीट की, मामला बोचहां थाना क्षेत्र के बुधौली गांव का है, शनिवार को पीड़िता थाने पहुंच कर पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए पति समेत चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है, पुलिस को दिए गए बयान में पीड़िता ने कहा है कि एक वर्ष पूर्व बुधौली गांव निवासी रूजिद के पुत्र मो० महताब से शादी हुई थी, कुछ दिनों तक ठीक-ठाक रहा इसी बीच मैं गर्भवती हो गई, अब ससुराल वाले दहेज की डिमांड करते हैं, उन लोगों की मांग पूरा नहीं हो पर ससुराल वाले मारपीट करते हैं, पति, सास, ससुर, देवर और मामा के द्वारा बंधक बनाकर प्रताड़ित किया जाता है, थाना अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने बताया की पीड़िता द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### बजट में बिहार को विशेष तवज्जो दिया जाना स्वागत योग्य : अजीत

मुजफ्फरपुर । वर्तमान वित्तीय वर्ष के बजट में मोदी सरकार द्वारा बिहार को विशेष तवज्जो दिए जाने पर पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दिया है। उन्होंने कहा है कि इस बार के बजट में समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बिहार के लिए योजनाओं की घोषणा की गई है, जो बेहद प्रसन्नता का विषय है। श्री कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा विकसित भारत बनाने का संकल्प इस बजट में किए गए प्रावधानों से स्पष्ट झलकता है ।

### कर्मचारी के निधन से विश्वविद्यालय परिवार मर्माहत, शोक सभा के बाद अवकाश घोषित

दरभंगा ।ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय परिवार अपने चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी मोहित कांत झा के असामयिक निधन से मर्माहत है। कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित शोक सभा में स्वर्गीय मोहित कांत झा को पूरे विश्वविद्यालय परिवार ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अत्यंत मृदभाषी और सरल स्वभाव के चरित्रवान , समर्पित, ईमानदार एवं कुशलकर्मी को खोना विश्वविद्यालय प्रशासन के लिए अपूर्णीय क्षति है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से आयोजित शोक सभा में कुलसचिव डॉ. अजय कुमार पंडित, कुलानुशासक प्रो अजय नाथ झा, उप- कुलसचिव डॉ कामेश्वर पासवान ,उप -परीक्षा नियंत्रक, डॉ. मनोज कुमार , कॉलेज निरीक्षक प्रो. अशोक कुमार मेहता व प्रो.अरुण कुमार सिंह सहित समस्त पदाधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी गणों ने स्वर्गीय झा की आत्मशांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने मृतक के परिजनों के प्रति अपनी

### लेखपाल पद से हटाए गये विवेक

बेनीपुर(दरभंगा)। नगर परिषद बेनीपुर कार्यालय में लेखपाल पद पर कार्यरत विवेक जायसवाल को विभिन्न शिकायत के आलोक में लेखपाल पद से विमुक्त कर दिया गया है तथा अवकाश से आने के बाद जेएनयूएलएम के नोडल के रूप में कार्य करेंगे। नगर परिषद बेनीपुर के कार्यपालक अधिकारी दीपक कुमार ने पत्र जारी किया है। उन्होंने जारी पत्र में कहा है कि विवेक जायसवाल पर विभिन्न जांच, बोर्ड के प्रस्ताव, आशीष रंजन दास के शिकायत के आलोक में तथा एसडीम के पत्र के आदेश पर जांच को लेकर लेखपाल पद से हटाया गया है। अधिकारी ने बताया कि विवेक जायसवाल 3 माह की छुट्टी का आवेदन दिया था, जिसे स्वीकृत कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पूरी जांच की जाएगी।

### बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान

बेनीपुर(दरभंगा)। प्रखंड एवं नगर परिषद क्षेत्र में बीते 4 माह से बिजली की आंख मिचौनी से इस उमस भरी गर्मी में उपभोक्ता परेशान है, जिसका समस्या कोई सुनने वाला नहीं है। विभागीय अधिकारी मेंटिनेंस का बहाना बताकर वाला झाड़ लेते हैं। बहेड़ा, बेनीपुर आदि जगहों के उपभोक्ता उर्मिला देवी, मिथिलेश कुमार आदि का कहना है कि बीते 4 माह से पूरी गर्मी के मौसम तथा प्रेचंड धूप से लोग परेशान है और बिजली विभाग भी इसका लाभ उठाकर प्रत्येक 10 मिनट पर काटती है और आती है, जिससे लोगों की परेशानी कम होने के बदले और बढ़ जाती है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली विभाग के अधिकारियों को इस समस्या शिकायत करने पर यह कहकर पल्ला झाड़ लिया जाता है कि मेंटिनेंस का कार्य चल रहा है। मामला चाहिए जो भी हो लेकिन भुगतना उपभोक्ताओं को पढ़ रहा है। विद्युत एसडीओ मोनेलाल कुमार ने बताया कि इस समस्या का समाधान शीघ्र कर लिया जाएगा।

## मानसून पड़ा कमजोर , 4 दिनों तक बारिश की सम्भावना नहीं

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।उत्तर बिहार में एक बार फिर मानसून कमजोर पड़ गया है ।इस कारण अगले 4दिनों तक बारिश की सम्भावना नहीं है ।ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 24से28जुलाई तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में यह जानकारी दी है ।आर्द्रा नक्षत्र के बाद अच्छी बारिश नहीं होने और अब सावन माह की शुरूआत में बर्षा नहीं होने से किसानों में बेचैनी देखी जा रही है ।जिन किसानों ने धान की रोपाई कर ली है ,अब वे निजी नलकूप से सिंचाई कर अपनी फसल बचाने का प्रयास कर रहे हैं ।विगत मौसम पूवार्नुमान अवधि के आकलन में बताया गया है कि पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 34.2 एवं 27.0 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 90 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 71 प्रतिशत, हवा की औसत गति 13.1 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 4.7 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 4.3 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 31.3 एवं दोपहर में 35.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में भी वर्षा नही हुई। 24-28 जुलाई मौसम पूवार्नुमान के अनुसार,पूवार्नुमानित अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में हल्के से मध्यम बादल छाये रहने का अनुमान है। कमजोर मानसून के कारण कम वर्षा की स्थिति बनी हुई है ।इस अवधि में अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 27-29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है ।पूवार्नुमानित अवधि में पूरवा हवा चलने का अनुमान है। औसतन 10-20 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है ।सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 95 प्रतिशत तथा दोपहर में 40 से 50 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि धान की फसल में खरपतवार नियंत्रण के लिए रोपाई के 2-3 दिन बाद तथा एक सप्ताह के अन्दर ब्यूटाक्लोर (3 लीटर दवा प्रति हेक्टेयर) याप्रीटलाक्लोर (1.5 लीटर दवा प्रति हेक्टर) या पेन्डीमिथेलीन (3 लीटर दवा प्रति हेक्टर) का 500-600 लीटर पानी में घोल बनाकर एक हेक्टर क्षेत्रमें छिड़काव करें। छिड़काव के वक्त खेत में एक से०मी० पानी की उपस्थिति रहनी चाहिए।

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के सभी लाभुकों का सत्यापन अनिवार्य नहीं तो उनका नाम कटेगा : डीएम



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। समाहरणालय अवस्थित बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी राजीव रौशन की अध्यक्षता में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे उपभोक्ता जो लगातार एक साल से कहीं से अनाज नहीं ले रहा है, उनको नोटिस करके उनका नाम डिलीट करने के निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के पात्र सभी लाभुकों का लाभार्थी सत्यापन (ई-केवाईसी) शत-प्रतिशत कराना है नहीं तो उनका नाम कटेगा। उन्होंने कहा कि सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के दुकानों पर लाभाथीर्यों का सत्यापन ई-केवाईसी निःशुल्क किया जाना है। जिस उपभोक्ता के द्वारा ई-केवाईसी नहीं कराया गया है, उनका नाम काटा जाएगा। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता ई-केवाईसी जल्द से जल्द कराए। बैठक में बताया गया कि पीओएस मशीन पुराना हो गया है, कभी-कभी ठीक से काम नहीं कर रहा है,बैटरी काम नहीं कर रहा है इसलिए नई पीओएस मशीन उपलब्ध कराई जाए।जिलाधिकारी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को इस आशय का पत्र विभाग को प्रेषित करने का निर्देश दिए।उन्होंने तीनों अनुमंडल पदाधिकारी को जन वितरण प्रणाली विक्रेता के दुकानों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि संभावित बाढ़ को देखते हुए पूर्व भंडारण हेतु जगह चिन्हित का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी को दिया, ताकि बाढ़ के समय अनाज सुरक्षित रखा जाए।बैठक में ई-पॉश मशीन,आरटीपीएस लंबित आवेदन, ,पीडीएस डीलरों का मासिक निरीक्षण,सीपीग्राम की भी समीक्षा की गई,बताया गया कि पीडीएस का पद रिक्त है,जिसे भरने का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी द्वारा आयुष्मान कार्ड कार्य में तेजी लाने हेतु निदेशित किया गया एवं जिले में कार्यरत सभी सीएससी ऑपरेटर को जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं के दुकान के साथ सम्बद्ध करते हुए सूची जारी करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी राकेश रंजन,अनुमंडल पदाधिकारी सदर विकास कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपुर शंभू नाथ झा,जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम एवं संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## एसएसबी ने लगाया निःशुल्क कैम्प

### निशुल्क मानव चिकित्सा शिविर आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48 वीं वाहिनी वाह्य सीमा चौकी पीपरोन के जिम्मेदारी के इलाके गांव मनोहरपुर के सामुदायिक भवन मनोहरपुर में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के निदेर्शानुसार डॉक्टर सुनेहा सिंह चिकित्सा पदाधिकारी की मौजूदगी में निशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया इस कार्यक्रमों में 48 वी वाहिनी के चिकित्सा कर्मियों द्वारा पीपरोन मनोहरपुर एवं आस पास के गावों के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारिया दी गयी तथा निशुल्क इलाज किया गया और आवश्यक औषधियों का निशुल्क वितरण किया गया ।इस चिकित्सा कार्यक्रमों में कुल 62 स्थानीय लोगो ने भाग लिया जिसमे पुरुष 26 महिलाये 30 एवं बच्चे 06 लाभान्वित हुए । डाक्टर सुनेहा सिंह चिकित्सा पदाधिकारी 48 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर द्वारा वहा उपस्थित सभी लोगो को खान पान पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया तथा समय समय पर शारीरिक जांच करवाते रहने का भी सुझाव दिया। सशस्त्र सीमा बल अनवरत रूप से जन सरोकार के तथा आम जनता के हित के लिए सदैव प्रयत्नशील रही है।

## प्रखंड व अंचल कार्यालय को बिचौलिए से मुक्त करने के संघर्ष जारी रखेगी सीपीआई :अजय

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।वास रहित भूमिहीन परिवारों को पांच डीसमल जमीन तथा पक्का मकान, बुढ़े-बुढ़ियो, विकलांगों, विधवा महिलाओं को पेंशन, मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना से गरीबों के मुहल्ले में सड़क, जमीन के दाखिल-खारिज के लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण तथा जमीन के डिजिटाइजेशन में हुए अनियमितता में सुधार के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लगातार आंदोलन को तेज करेगी। उक्त बातें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के आह्वान पर गायघाट प्रखंड कार्यालय पर आहूत अनिश्चितकालीन धरना के दूसरे दिन संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा। इन्होंने कहा कि प्रखंड तथा अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का केन्द्र बन चुका है। राज्य के मंत्री भी स्वीकार कर चुके हैं कि कार्यालयों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है और अराजकता की स्थिति कायम है। धरना के दौरान नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, मनरेगा की मौजूदगी में 20 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल ने स्मारपत्र में उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए कारंवाई का आश्वासन दिया। पदाधिकारियों के आश्वासन पर अनिश्चितकालीन धरना समाप्त किया गया तथा पदाधिकारियों द्वारा आश्वासन को लागू नहीं करने पर प्रखंड कार्यालय पर घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को पार्टी के जिला सचिव रामकिशोर झा, वरीय अधिवक्ता राम बच्चन यादव, अंचल सचिव विश्वनाथ सिंह, मोहन रावत, हरि किशोर ठाकुर, शहादत अंसारी, मनोज सहनी, दशरथ सहनी, कौशर खातुन, मीना खातुन, अमीना खातुन, वसी राईन, विभा देवी, विनोद राम, भोला पासवान, देवनन्दन सहनी, लाल बाबू साह, निर्मला देवी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## निजी नलकूप योजना का लाभ लेने के लिए करें ऑफलाइन आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई ने उपस्थित किसान प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा सात निश्चय-2 के तहत प्रारंभ किए गए मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना का लाभ लेने को इच्छुक किसान भू-धारकता प्रमाण पत्र का आवेदन अंचल कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन बनने लिए डोर टू डोर ऑफलाइन प्रक्रिया भी जारी है। जिले के 804 किसानों द्वारा इस योजना का लाभ लेने हेतु अपनी सहमति प्रदान की गई है। जिला पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के द्वारा सभी अंचलाधिकारियों को भू-धारकता प्रमाणपत्र निर्गत करने का निदेश दिया गया है। ध्यातव्य है कि मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना के तहत बोरिंग नलकूप छिद्रण व मोटरपम्प समर्सिबल सेट के लिए सरकार द्वारा निर्धारित लागत मूल्य का अस्सी प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाता है। योजना में सामान्य वर्ग को पचास प्रतिशत, पिछड़ा अतिपिछड़ा वर्ग को सत्तर प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति जनजाति को अस्सी प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है। किसी भी प्रकार की समस्या या जानकारी के लिए कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई के मोबाइल नंबर 9973320497 पर कर सकते है संपर्क। उक्त बैठक में डीपीआरओ परिमल कुमार जिला कृषि पदाधिकारी जिला पशुपालन पदाधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## केंद्रीय बजट है एकाधिकार -परस्त और किसान -मजदूर विरोधी :सत्यवान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की अखिल भारतीय समिति के अध्यक्ष सत्यवान और महासचिव शंकर घोष ने आज एक बयान जारी कर केन्द्रीय बजट को एकाधिकार -परस्त और किसान - मजदूर विरोधी बताया है। बयान में कहा गया है कि 2024-25 का यह केंद्रीय बजट पूरी तरह से जन-विरोधी, किसान-विरोधी और एकाधिकार- परस्त है। यह बजट किसानों की समस्याओं का कोई ठोस समाधान पेश किए बिना खोखले वादों से भरा है। हमारे देश के किसान अपनी विभिन्न जायज और लोकतांत्रिक मांगों को हासिल करने के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं, जैसे सरकारी खरीद के साथ सी2+50% फामूर्ले पर अपनी उपज के एमएसपी की कानूनी गारंटी, बिजली बिल-2023 को निरस्त करना, मनरेगा को मजबूत करना, कर्ज माफी और पेंशन आदि। इनमें से कोई भी मांग पूरी नहीं हुई है। इसके अलावा, केंद्र की भाजपा सरकार यह कहकर आम लोगों को धोखा देने की कोशिश कर रही है कि वे कृषि उपज का एमएसपी उत्पादन लागत के 50% से अधिक दे रहे हैं। यह सरासर झूठ है। ेंद्र सरकार द्वारा घोषित वास्तविक एमएसपी मूल्य ऊ2+50% से बहुत कम है। यह एकाधिकार-परस्त केन्द्रीय बजट किसानों को अपने अस्तित्व के लिए शक्तिशाली देशव्यापी किसान आंदोलन संगठित करने के लिए मजबूर करता है ।एआईकेकेएमएस ने आम जनता और विशेष रूप से किसानों और खेत मजदूरों से आग्रह किया है कि वे जनता की लोकतांत्रिक मांगों को प्राप्त करने के लिए शक्तिशाली आंदोलन बनाने के लिए आगे आएं।

## मिथिला के लिए ऐतिहासिक है यह बजट : सरावगी

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा ।मंगलवार को भारत की वित्त मंत्री की ओर से सदन में प्रस्तुत किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता व नगर विधायक संजय सरावगी ने कहा कि बिहार के विकास के लिए पहली बार इतना सुंदर बजट पेश किया गया है। यह बजट मिथिला क्षेत्र के लिए भी ऐतिहासिक है। यहां की प्रमुख समस्या बाढ़ के स्थायी समाधान के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं। मोदी सरकार बाढ़ से निपटने के लिए बिहार को 11,500 करोड़ रुपए देगी। जिससे मिथिला क्षेत्र में भी बाढ़ का स्थायी समाधान होगा। वहीं बोधगया से राजगीर, वैशाली होते हुए दरभंगा तक एक्सप्रेस वे बनेगा। जो पूरे मिथिला के विकास को गति देगा। नगर विधायक श्री सरावगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट आधुनिक भारत के निर्माण में सहायक साबित होगा। गाँव, गरीब, किसान को समृद्धि मिलेगी। बजट में समाज के हर वर्ग का खास ख्याल रखा गया है, जिसका सर्वाधिक लाभ बिहार को मिलेगा। बिहार में सड़क परियोजनाओं के लिए 26 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा 21 हजार करोड़ रुपये से पावर प्लांट भी बनेगा। बिहार में नए एक्सप्रेस. वे बनेंगे। पटना से पूर्णिया के बीच एक्सप्रेस.वे के लिए केंद्र सरकार पैसा देगी। बक्सर से भागलपुर के बीच हाईवे का निर्माण होगा। बोधगया से राजगीर, वैशाली होते हुए दरभंगा तक हाईवे बनेगा। बक्सर में गंगा नदी पर दो लेन का एक पुल भी बनेगा। बिहार में हवाई अड्डे, मेडिकल कॉलेज और खेल से जुड़े ढांचे भी बनाए जाएंगे। विष्णुपद टेंपल, महाबोधि टेंपल कॉरिडोर को केंद्र सरकार सहायता दी जाएगी। काशी विश्वनाथ टेंपल कॉरिडोर की तरह ही मदद दी जाएगी। ताकि यहां भी पर्यटक आ पाएं। राजगीर के विकास के लिए भी मदद दी जाएगी। नालंदा को टूरिस्ट सेंटर के रूप में बढ़ावा देगी। ताकि नालंदा यूनिवर्सिटी को भी गैलरी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि ये आम बजट बिहार की तस्वीर बदल देगी।

## विकसित भारत के लक्ष्य पूरा करने का रोडमैप है यह बजट : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा ।देश के चहुंमुखी विकास और समृद्धि को समर्पित है यह आम बजट, उक्त बातें दरभंगा सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर ने मंगलवार को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल के प्रथम आम बजट पेश होने के पश्चात प्रतिक्रिया देते हुए कहा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत एवं समृद्ध भारत के लक्ष्य को पूरा करने में यह आम बजट ऐतिहासिक सिद्ध होगा। सांसद ने कहा कि यह बजट देश के गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता के उत्थान पर केंद्रित है। इस बजट में कृषि कल्याण, रोजगार, कौशल विकास, मानव संसाधन विकास, सामाजिक न्याय,विनिर्माण, शहरी विकास, अवसंरचना विकास, ऊर्जा सुरक्षा, पर्यटन, अनुसंधान को प्राथमिकता दिया गया है। उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी के सुधार एवं अवसरों को देखते हुए बजट में कई प्रावधान किया गया है। उन्होंने इस अद्वितीय और सर्वस्पर्शी आम बजट पेश करने के लिए पीएम श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन को बधाई देते हुए कहा कि इस बजट में मिथिला एवं बिहार के विकास को भी तरजीह दी गई है। उन्होंने कहा कि बिहार को बाढ़ की विभीषिका से निजात दिलाने के लिए केंद्र सरकार ने इस आम बजट में 11500 करोड़ रुपए आवंटित किया है वहीं बोध गया, राजगीर, वैशाली और दरभंगा सड़क संपर्क परियोजना को भी स्वीकृति दी गई है। सांसद डॉ ठाकुर ने कहा कि इस बजट में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर मॉडल के अनुरूप बिहार के विष्णुपद मंदिर, महाबोधि मंदिर के समग्र विकास का प्रावधान भी किया गया है वहीं नालंदा विश्वविद्यालय के उत्थान एवं नालंदा को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। सांसद ने कहा कि यह आम बजट देश में विकास की नई इबारत लिखेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट सभी धर्म, जाति, लिंग, आयु के लोगों के जीवन लक्ष्य और आकांक्षा को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा। यह बजट मोदी सरकार के सबका साथ, सबका विकास मॉडल को चरितार्थ करता है, जिसमें सर्व समावेशी विकास को प्राथमिकता दिया गया है।

## कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने जिले में रोपनी की स्थिति,नहरों से सिंचाई,नलकूप,उर्वरक की उपलब्धता आदि का समीक्षा कर संबधित अधिकारियों को निर्देश भी दिये ।समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने जल-संसाधन विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिया कि पटवन हेतु नहरों के अंतिम छोर तक लगातार पानी पहुँचे, इसको लेकर नहर प्रमंडल के सभी पदाधिकारी प्रतिदिन क्षेत्र में जाकर नहरों में रही जलापूर्ति पर नजर रखे। किसानों से मिलकर पटवन की स्थिति जाने ।उन्होंने कार्यपालक अभियंता नलकूप को निर्देश दिया कि बंद पड़े नलकुपो को शीघ्र मरम्मति कर चालू करवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि सिंचाई के लिए सुदूर खेतों तक तेजी के साथ विद्युत संबद्धता प्रदान करना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने बैठक में उपस्थित कार्यपालक अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि जिले में जिन इच्छुक किसानों के खेतों में बिजली का खंबा उपलब्ध है, वहां शत प्रतिशत इच्छुक किसानों को जल्द से जल्द विद्युत संबद्धता प्रदान करे,साथ ही साथ ही उन्होंने जले हुए ट्रांसफार्मर को जल्द से जल्द बदलने के निर्देश भी दिए ।उन्होंने कृषि फीडर से निर्बाध बिजली प्रतिदिन उपलब्ध करवाने को लेकर विधुत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए ।

उन्होंने नलकूपों की मरम्मती और नव निर्माण में गति लाने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बंद पड़े नलकुपो को शीघ्र चालू करवाना सुनिश्चित करवाये,विशेषकर विधुत दोष से बंद पड़े नलकूप को शीघ्र ठीक करवाकर चालू करवाये। उर्वरक की उपयोगिता के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है ।जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि किसान डीएपी के जगह पर मिक्कर का उपयोग कर सकते है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया की उर्वरक की उपलब्धता एवं बिक्री पर सतत निगरानी रखे,किसी भी स्थिति में उर्वरकों की कालाबाजारी की शिकायत नही मिलनी चाहिये।

## केवटी विधायक ने मुख्य मंत्री को क्षेत्र के जनसमस्या से कराया अवगत

प्रात : किरण संवाददाता

सिंहवाड़ा(दरभंगा)। केवटी के विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने जनकल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भेंट कर स्मार पत्र सौंपा है ।कहा है जनहित के साथ केवटी विधान अंतर्गत विकास के साथ न्याय की नींव को मजबूत करने का सीएम ने आश्वासन दिया है ।हम सभी को आत्म विश्वास है कि बिहार की एनडीए सरकार में जो वंचित काम है वह धीरे धीरे समय पर पूर्ण होगा ।सौंपे ज्ञापन में कोयलस्थान पंचायत के हरपुर में मरने नदी पर पुल निर्माण,कोठिया विश्वंभरपुर सिरहुल्ली धौंस नदी पर पुल निर्माण, सिहवाड़ा के सढवाड़ा पंचायत अंतर्गत जुड़िया नदी पर पुल निर्माण,टेकटार एवं वाजितपुर के बीच धौंस नदी पर पुल निर्माण,हरिहरपुर से चमनपुर पथ में क्षतिग्रस्त स्क्रू पाइल पुल के स्थान पर आरसीसी पुल निर्माण, कनौर से चमनपुर में क्षतिग्रस्त स्क्रू पाइल के स्थान पर हाईलेवल पुल सहित दस जनहित के मामले का ध्यान आकृष्ट कराया है। विधायक ने कहा आज लोकसभा के मानसून सत्र में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बजट पेश किया है वह आम बजट गरीब,महिला,युवा एवं अन्नदाताओं के जन -अकांक्षाओं का बजट हैं। जिस तरह भारत की जनता ने मोदी 3.0 पर विश्वाश जताया हैं उसका झलक इस बजट में देखने को मिला है ।चाहे प्रधानमंत्री आवास हो, मुफ्त का राशन व महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 3 लाख करोड़ का लाभान्वित होने वाली योजनाएं हो। युवाओं के रोजगार के लिए नई नई नौकरियां व प्रशिक्षण के 20 लाख युवाओं चयन, किसान भाइयों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए का कृषि रोड मैप सभी बिंदुओं पर बहुत बारकी से नजर रखते हुए इस बजट को पेस किया गया हैं । डॉ मुरारी ने कहा कि मैं भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को बधाई देता जो बिहार के सबसे ज्वलंत मुद्दा रहता है।

## संक्षिप्त खबरें

### सभी सरकारी विद्यालयों में वर्ग रूटीन लगाना अनिवार्य

जमुई/गिद्धौर:- प्रखंड के सभी सरकारी स्कूलों में छात्रों के बीच शिक्षण कार्य करने के लिए वर्ग रूटीन चार्ट अनिवार्य रूप से विद्यालय में लगाने का शिक्षा विभाग ने निर्देश दिया है ।इसके अलावा वरीयता अनुसार कार्यरत शिक्षकों की सूची फ्लेक्स बोर्ड पर लगाकर विद्यालय में लगाना सुनिशिचत करेंगे ।विद्यालय के कार्यालय में वर्ग बार छात्रों के नामांकन एवं दैनिक उपस्थिति बोर्ड पर प्रतिदिन दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे ।वर्ग कक्ष में जाने के पूर्व शिक्षक अपना मोबाइल प्रधानाध्यापक कक्ष में रखकर ही वर्ग में शिक्षण कार्य करेंगे ।बता दें कि स्कूलों की व्यवस्था में सुधार हेतु कई कदम उठाए जा रहे है ।सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को इस बारे में निर्देश दिए जा रहे हैं।

### ग्रामीण कपड़ा को उतारकर महारायडीह नदी करते हैं पार

जमुई/चकाई चकाई को अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक मनोज पोद्दार द्वारा जब प्रखंड के पेटरपहरी पंचायत अंतर्गत महेश्वरी गांव में चकाई को अनुमंडल बनाओ हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा था उस वक्त ग्रामीण विद्यानंद पांडेय, सुभाष पांडेय,अजय राय, श्रवण पाण्डेय ,भरत कुमार राय, विष्णुदेव राय, त्रिवेणी राय, सुधीर राय, शिवशंकर राय, मुकेश पाण्डेय सहित दर्जनों लोगों ने महारायदीह नदी पुल निर्माण की मांग रखते हुए कहा बरसात के दिनों में हमलोग पंगु बन जाते हैं इसके कारण क्षेत्र के दर्जनों गांव बाधित है। इतना ही नहीं विकास का चक्का भी जाम हो गया है और चकाई जाने के क्रम में कपड़े उतार कर नदी पार करना पड़ता है। मौके पर मौजूद भाजपा नेता सह चकाई को अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक मनोज पोद्दार ने कहा आपकी इस समस्या को सरकार तक पंहुचा देंगे।

### घर के पास कूड़ा फेंकने के विवाद पर एक महिला के साथ हुई मारपीट

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के रानीकुरा गांव में घर के आगे कूड़ा रख देने का विरोध किए जाने पर एक महिला के साथ बगलगीर की एक महिला और उसकी बेटी के द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल महिला की पहचान मो. साहिल की पत्नी सगीना खातुन के रूप में हुई है। जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा घायल महिला का इलाज किया गया और स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। घायल महिला के पति ने बताया कि बगलगीर के रहने वाले मो. मुस्तकीम की पत्नी और बेटी ने मारपीट किया है।

# बरामद दोनो युवकों को अपहरणकर्ता से एसपी ने किया पूछताछ, कहा पुलिस हर बिंदुओं पर कर रही है कार्रवाई

## हनी ट्रैप कर दो युवको को अपहरण कर ले जा रहे दो बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [झाझा] फिरौती के लिए अपहरण किए जा रहे दो युवको पुलिस ने बरामद करते हुए अपहरण करने वाले दो लोगों को देशी कटटा के साथ गिरफ्तार कर लिया। वही गिरफ्तारी के संदर्भ में जमुई एसपी डॉक्टर शौर्य सुमन मंगलवार को झाझा थाना पहुंचा और एसडीपीओ, थानाध्यक्ष से पूरी जानकारी लेते हुए गिरफ्तार दोनो अपहरणकताओं के अपराधिक इतिहास को भी खंगाला। इस संदर्भ में जमुई एसपी ने बताया कि झाझा पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ था कि दो युवकों का थानाक्षेत्र के मछिंद्रा जखराज बाबा मंदिर के पास हनि ट्रैप कर जमुई के युवकों की फिरोती के लिए अपहरण थान वाहन समेत कर लिया गया है जिसके बाद एसडीपीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में थानाध्यक्ष संजय कुमार, पुनि संजय कुमार यादव,पुअनि निधि कुमारी, कुंज बिहारी,परिपुअनि गोविंद कुमार दास एवं सशस्त्र बल की एक टीम बनाई गई। दोनो अपहरण हुए युवकों को अपहरणकर्ता के द्वारा थार वाहन से ले जाने के दौरान लढुमा के पास थार वाहन का तेल खत्म हो गया था जिसके बाद अपहरणकताओं ने दोनो को बाइक से ले जाया जा रहा था। वही पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए बताए गए दिशा में पीछा किया गया परंतु अपहरणकर्ता द्वारा ग्रामीण सड़क पकड़ने के कारण झाझा पुलिस द्वारा बैजला के आगे गांव डुमरहार के ग्रामीणों को फोन से इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद ग्रामीण एवं झाझा पुलिस के सहयोग से दोनो अपहरण हुए युवक अभिमन्यु कुमार एवं कुमार राहुल उर्फ चंदन मिश्रा सहित को बरामद करते हुए दो अपहरणकरने वालों को एक देशी कटटा एवं दो जिंदा कारतूस के साथ एक अपहरण में प्रयुक्त होने वाले दो मोटरसाइकिल के साथ सकुशल बरामद करने में सफलता पाई। गिरफ्तार अपहरणकर्ता की पहचान लक्ष्मीपुर थानाक्षेत्र के संदीपी गांव के रहने वाले धर्मा पासवान तथा झाझा थानाक्षेत्र के डुमरहार के रहने वाले अर्जून सिंह के रूप में हुई है। एसपी ने आगे बताया कि दोनो अपहरण हुए युवकों को बदमाशों के द्वारा लगातार लोकेशन बदल रहा था। वही गश्ती के दौरान बदमाश पुलिस की गाड़ी के सामने से गुजरी जिसके बाद गश्ती कर रही पुलिस ने भी बदमाशों का पीछा किया और लगातार गठित टीम को सूचना देते रहे ।एसपी ने बताया कि बहुत बड़ी रैकी कि जा रही थी ताकि बहुत बड़ा रकम अपहरणकताओं के परिजनों से वसूला जाता ।एसपी ने बताया कि अन्य जो साक्ष्य है उसपर भी पुलिस अनुसंधान कर रही है ताकि धर्मा पासवान के गैंग में शामिल सभी लोगों की गिरफ्तारी कि जा सके। एसपी ने बताया कि इस घटना को अंजाम देने में एक महिला भी शामिल है। गिरफ्तार धर्मा पासवान पूर्व के हिस्ट्री शिटर है जिसपर लक्ष्मीपुर, झाझा सहित जमुई लगभग दो दर्जन से भी अधिक मामला है जबकि अर्जून सिंह का भी झाझा थाना में मामला दर्ज है बताया जाता है कि अर्जून सिंह भी नक्सल के नाम पर एक फोन करने का मामला है। फिलहाल दोनो के खिलाफ अन्य जो भी मामला सभी मामलों पर पुलिस हर बिंदुओ पर कार्रवाई कर रही है ।बताया जाता है कि युवक का अपहरण कर ले जा रहे बदमाशों ने डुमरहार में ग्रामीणों के बीच फायरिंग भी किया था। जहां ग्रामीणों ने बदमाशों को पकड़ने के बाद उसकी धुनाई भी किया।

# बिहार के लिए मोदी ने बजट मे खोला खजाना : विकास सिंह



● किसानों के लिए मोदी का बजट ऐतिहासिक -भाजपा नेता

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई:-भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला पार्षद विकास प्रसाद सिंह ने मोदी सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट को विकसित भारत का द्वार कहकर सराहना करते हुए कहा है कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत अब रुकने वाला नहीं है। यह देश 2047 से पहले ही विकसित भारत की श्रेणी में आकर खड़ा हो जायेगा। श्री सिंह ने आगे कहा कि आज के बजट में कुशल युवाओं के लिए सुनहरा अवसर प्रदान किया गया जो मुद्रा लोन की राशि की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दिया गया है। बिहारवासियों के लिए मोदी सरकार ने सौगात की बौछार कर दिया है। बिहार विकास के लिए अन्य राज्यों से कदम से कदम मिलाकर चले इसके लिए 26,500 हजार पांच सौ करोड़ एवं बाढ़ आपदा से निजात के लिए 11500 करोड़ की राशि का आवंटन किया है । इसके अलावे राजगीर जैन मंदिर और महाबोधि मंदिर सहित बिष्णुपद मंदिर का काशी के तर्ज पर विकास करने का एलान किया गया है । गंगा पर बक्सर, आरा में दो और नये पुल का मोदी सरकार ने निर्माण करने का किया है बजट में प्रावधान। बिहार मे नालंदा से बोधगया, बोधगया से बैशाली एवं पटना से पूर्णिया को एक्सप्रेसवे देकर बिहारवासियों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल जीत लिया। भाजपा नेता विकास सिंह ने आगे कहा कि किसानों के लिए लगातार चिंता करने बाले मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्रों में पैदावार पर मौसम का कोई असर नहीं पड़े, इसके लिए 1.5 लाख करोड़ का किया व्यवस्था। नये कर व्यवस्था में मोदी सरकार ने किया 3 लाख तक कर मुक्त का एलान और करदाता को दिया बड़ी राहत। युवाओं को सही शिक्षा के साथ इंटर्नशिप के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2 लाख करोड़ की राशि सुरक्षित कर देश में रोजगार और नौकरी के लिए सक्षम बनाने हेतू किया शानदार पहल। इसलिए आज के इस बेहतरीन बजट कि सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बिहारवासियों के तरफ से आभार प्रकट करते है। सब का साथ,सब का विकास,सब को साथ लेकर चलने वाले भाजपा की जय जय हो।

# चोरों ने एक घर और उसमें संचालित सीएसपी केंद्र में चोरी की घटना को दिया अंजाम

## चांय गांव की है घटना, सीसीटीवी कैमरा का हार्ड डिस्क भी चोर लेकर हुआ फरार



● चोरी के बाद कमरा में क्षतिग्रस्त था आलमीरा

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के चांय गांव स्थित मोदी टोला में एक घर और उसमें संचालित सीएसपी केंद्र में अज्ञात चोरों के द्वारा भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोरों ने घर में रखे आलमीरा तोड़कर उससे नगदी सहित जेवरात मिलाकर दस लाख रूपए की चोरी किया तो वही घर मे संचालित हो रहे सीएसपी केंद्र से भी लगभग डेढ़ लाख रूपए नगद की चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरा को क्षतिग्रस्त कर हार्ड डिस्क लेकर भाग निकला। इस संदर्भ में गृहस्वामी यदुवीर प्रसाद बरनवाल ने बताया कि रात्रि में खाना खाने के बाद 11 बजे हमलोग छत पर सोने के लिए चला गया और जब सुबह उठकर छत से नीचे उतरकर कमरे में आया तो देखा कि कमरे में रखे आलमीरा खुला हुआ है उसमें रखे जेवरात सहित नगद साढ़े चार लाख रूपए गायब है। जिसके बाद बेटा शुभम कुमार को जानकारी दिया और घर में स्थित सीएसपी केंद्र में पहुंचा तो वहां पर भी सारा सामान बिखरा पड़ा था और काउंटर में रखे लगभग डेढ़ लाख रूपए गायब था। शुभम ने बताया कि चोरों ने चोरी करने के बाद सीसीटीवी कैमरा को क्षतिग्रस्त कर सीसीटीवी कैमरा का हार्ड डिस्क को लेकर फरार हो गया। गृहस्वामी ने बताया कि चोर सीढ़ी की रास्ते से घर में घुसा और ताला तोड़कर कमरा में घुसा है। गृहस्वामी ने बताया कि साढ़े चार लाख रूपए नगद और किमती जेवरात, अन्य कई सामग्री की चोरी हुई है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट चुकी है।

# मौरा में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर मॉडल पंचायत बनाने की पहल शुरू



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर:- प्रखंड अंतर्गत मौरा पंचायत के पंचायत भवन के प्रांगण में मंगलवार को मुखिया धनराज यादव की अध्यक्षता में ओडीएफ प्लस मॉडल पंचायत बनाने हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार पंचायत सचिव नीरज कुमार स्वच्छता समन्वयक प्रियंका रानी उपस्थित हुए। स्वच्छता समन्वयक प्रियंका रानी ने सभी ग्रामीण को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि सभी परिवार का शौचालय के साथ स्नान घर का निर्माण के साथ व्यवहार सुनिश्चित करवाना एवं शौचालय का स्वयं से लाभुक को निर्माण करना होगा। वही सभी महिलाओं को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण महामारी स्वच्छता प्रबंधन हेतु सभी महिलाओं को प्रशिक्षण देकर जागरूक किया गया। साथ ही किसानों को समुचित निपटारा करना एवं सभी परिवार को नई-नई तकनीक लगाकर खेती करवारकर आर्थिक रूप से मदद करना। जिससे गांव में सभी सदस्य बेहतर जीवन यापन जी सके। मौके पर वार्ड सदस्य नुसरत खातून, सरस्वती देवी,देवेंद्र यादव,विजय रावत,प्रमोद यादव,मुस्ताक अंसारी, श्याम सुंदर ठाकुर के अलावे दर्जनों ग्रामीणों उपस्थित थे।

# सावन माह देवाधिदेव महादेव का प्रिय महीना होता है:अनिल मिश्र

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/चकाई पौराणिक कथा के अनुसार आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु चार माह के लिए शयन कक्ष चले जाते है जिसे हरीशयन भी कहा जाता है, तो इस चार माह की अवधि में सृष्टि का संचालन की जिम्मेंवारी देवाधिदेव महादेव की होती है। इस वार का सावन माह की शुरूआत सोमवार से एवं समापन भी सोमवार को ही होने जा रहा है जिस कारण इस वार महीने में पांच सोमवार पड़ रहा है जिससे इसकी महत्व अधिक बढ़ गई है। त्रिदलं त्रिगुनाकारं त्रिनेत्र च त्रिधायुधम, त्रिजनम पाप संहारंग बिल्वपतराम शिवार्पनम ।अर्थात सावन माह की पवित्र महीने में जो शिव भक्त देवाधिदेव महादेव के शिवलिंग पर बेलपत्र अर्पण करेगा उसके तीन जन्मों में किये गए पाप का क्षय होगा। उपरोक्त जानकारी पंडित अनिल मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया की सावन माह महादेव का अतिप्रिय महीना होता है। शिवपुरान के अनुसार इस महीने में जो भी भक्त सच्ची श्रद्धा निष्ठा से देवो के देव महादेव की पूजा करेगा उसे निश्चित हीं मनवांछित फल मिलेगी।

# छूटे हुए बच्चों का नामांकन करने के लिए बीईओ को निर्देश, 1808 स्कूलों में चलेगा नामांकन अभियान

● सभी बच्चों का आधार कार्ड बनेगा

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। जमुई के 1808 स्कूलों में विशेष नामांकन अभियान चलाया जाएगा। बता दें की शैक्षणिक सत्र 2024-25 में वर्ग 1 से 12 तक नामांकन से वंचित बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा। इस बारे में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया है। सभी सरकारी विद्यालयों में बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रवेशोत्सव विशेष नामांकन अभियान विद्यालय स्तर पर एक सप्ताह तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए सभी शिक्षा सेवक एवं तालिमी मरकज को जिम्मेदारी दी गई है। संबंधित टोला के महादलित दलित एवं अल्पसंख्यक अति पिछड़ा वर्ग 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चे का नामांकन विद्यालय में सुनिश्चित कराएंगे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए विद्यालय स्तर पर शिक्षा सेवक एवं तालिमी मरकज विद्यालय के पोषक क्षेत्र में सघन रूप से भ्रमण कर विद्यालय के बच्चों के नामांकन का गृह वार सत्यापन कर यह सुनिश्चित करेंगे। कि कोई भी बच्चा विद्यालय में अनामांकित नहीं है। शिक्षा सेवक के द्वारा किए जा रहे बच्चे के नामांकन के सत्यापन कार्य में विद्यालय के प्रधानाध्यापक पोषक क्षेत्र में स्थित आंगनबाड़ी सहायिका,जीविका दीदी, विकास मित्र,मुखिया,वार्ड सदस्य, सरपंच एवं पंच का सहयोग लिया जाएगा। इन सभी से इस आशय का प्रमाण पत्र भी लिया जाएगा कि उनके विद्यालय के पोषक क्षेत्र में कोई भी बच्चा विद्यालय में आनामांकित नहीं है। निजी स्कूल व कोचिंग संस्थान के छात्रों का भी डाटा अपलोड होगा वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 में सभी निजी एवं सरकारी विद्यालय में नामांकित सभी बच्चों से संबंधित आंकड़े की प्रविष्टि ई- शिक्षा कोष ऐप पर उनके आधार सीड़िग के साथ ही की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में फर्जी एवं दोहरा नामांकन को रोकना है। आधार संख्या उपलब्ध होने पर वास्तविक नामांकित बच्चे ही सरकार के स्तर से संचालित योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। सभी बच्चों का आधार कार्ड बनेगा विभागीय निर्देश के आलोक में जिले सभी स्कूलों में विशेष नामांकन अभियान चलाया जा रहा है। सभी बच्चों का आधार कार्ड भी बनवाया जाएगा। सभी सरकारी और निजी स्कूलों कोचिंग संस्थानों में नामांकित छात्रों का डाटा ई-शिक्षा कोष ऐप पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया है।

# सहकार भारती कमेटी को लेकर कि गई बैठक, विश्वनाथ प्रसाद यादव बने अध्यक्ष



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] प्रखंड क्षेत्र के औरैया गांव स्थित विजय यादव के आवास पर सहकार भारती कमेटी के गठन को लेकर एक बैठक आयोजित कि गई। बैठक की अध्यक्षता विश्वनाथ प्रसाद यादव ने किया।

बैठक मे मुख्य अतिथि सहकार भारती के जिला संयोजक मदन यादव उपस्थित हुए। बैठक में आगामी 24-25 अगस्त को होने वाली दो दिवसीय प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दि गई और लोगों को प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए जिला संयोजक ने कहा। बैठक में किसानों को सब्सीडी, खाद्य, सिंचाई सहित अन्य कई सुविधाओं को लेकर भी जिला संयोजक ने महत्वपूर्ण बिंदुओं को लोगों के सामने रखा। प्रखंड क्षेत्र में सहकार भारती की मजबूती को लेकर कमेटी का गठन किया गया।

जिसमें अध्यक्ष के लिए विश्वनाथ प्रसाद यादव, सचिव देवनंदन बेसरा, उपाध्यक्ष सुधीर यादव, पूजा कुमारी, महामंत्री दशरथ यादव, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार सिन्हा, संगठन मंत्री राजू पंडित, महासचिव राजेश यादव, सदस्य सविता कुमारी, हरदेव पंडित, गुगली देवी, पवंती देवी को बनाया गया। जिला संयोजक ने कमेटी में मनोनित पदाधिकारी, सदस्य को संगठन के लिए ईमानदारी पूर्वक कार्य करने के लिए शपथ भी दिलवाया।

# पूर्ण बजट विकास की दशा और दिशा निर्धारित करने वाली: प्रो. गौरीशंकर

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई:-भारत सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा 2024- 25 वित्तीय वर्ष के लिए संसद के पटल पर पेश होने वाले मोदी 3.0 के प्रथम और पूर्ण बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवं मुंगेर विश्वविद्यालय के पूर्व वित्तीय सलाहकार डॉ गौरी शंकर पासवान ने कहा कि भारत की आर्थिक दशा और दिशा के लिए परिवर्तनकारी बजट है। इसे आर्थिक विकास का इंजन भी कह सकते हैं। वित्त मंत्री ने अर्थव्यवस्था के तीन महत्वपूर्ण सेक्टर कृषि, उद्योग, और सेवा क्षेत्र पर विशेष फोकस किया है। बजट के माध्यम से संतुलन बनाए रखने की पूरी कोशिश की गई है अतः बजट को संतुलित और सर्व हितकारी बजट कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। प्रो पासवान ने कहा कि इस बजट में वित्त मंत्री द्वारा बक्सर में गंगा पर दो लेन बनाने की घोषणा तथा 26000 रुपया खर्च करने का निर्णय स्वागत योग्य,तो नालंदा को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की घोषणा, बाढ़ आपदा के लिए 11500 करोड रुपए आवंटन की घोषणा भी सराहनीय है। चमड़े से निर्मित वास्तुएं, एक्स-रे मशीन, उपकरण, सोना, चांदी, आदि को सस्ता करने से जनता लाभान्वित होगी। वित्त मंत्री ने बिहार को स्पेशल स्टेटस का दर्जा तो नहीं दे सकती, परंतु जो कुछ भी सौगात दी हैं वे बिहार के हित में हैं। प्रो पासवान ने कहा कि दाल रोटी की कीमत बढ़ी हुई है। टमाटर प्याज के दाम आसमान छू रहे हैं। फिर भी वित्त मंत्री कह रही हैं की महंगाई नियंत्रण में है। यह बजट महंगाई नियंत्रण (4 प्रतिशत) वाला जरूर है, किंतु स्थाई नहीं है। देश की जनता को परमानेंट महंगाई नियंत्रण चाहिए। अन्यथा यह लोकोक्ति कि जब दाल-रोटी की कीमत बढ़ती है, तो देश में क्रांति जन्म लेती है लागू होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि मोदी 3.2 के प्रथम बजट में वित्त मंत्री ने व्यवसाइयो को भी खुश करने की कोशिश की है। एमएसएमई एवं नौकरी, स्वरोजगार बढ़ाने,स्टार्ट अप, टूरिज्म आदि पर ज्यादा ध्यान दिया गया है। पूर्ण बजट के पिटारे से जो निकाला है, उससे किसान, जवान, महिल, युवा, मध्यम वर्ग, करदाताओं को खुशी की लहर देखने को मिल रही है। मोबाइल फोन, चार्जर, कपड़ा, जूता, प्लास्टिक सामान प्लास्टिक सामान के होने से आम जनता में भी खुशी है। इतना ही नहीं 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए यह बजट ब्लूप्रिंट जैसा परिलक्षित हो रहा है।

# मधेपुरा पुलिस के लिए चुनौती बना 25 हजार का ईनामी कुख्यात आलोक एक अन्य शागिर्द के साथ हुआ गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा पुलिस के लिए चुनौती बन चुका ईनामी कुख्यात आलोक एक अन्य शागिर्द के साथ गिरफ्तार किया गया। दरअसल मधेपुरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली। जघन्य काडों में वांछित कुख्यात अपराधकर्मी एवं 25 हजार का ईनामी आलोक कुमार को उसके एक सहयोगी के साथ गिरफ्तार किया गय ।वहीं इस मामले को लेकर मधेपुरा एसपी संदीप सिंह ने बताया कि बीते 5 जनवरी को मधेपुरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत चन्द्रीका पब्लिक स्कूल के पास कई अपराधकर्मियों द्वारा गढ़िया भेलवा निवासी भुपेन्द यादव के पुत्र मनीष कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संदर्भ में मृतक मनीष कुमार के परिजन द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर मठाही निवासी आलोक कुमार सहित दस नामजद अपराधियों के विरुद्ध सदर थाना में मामला दर्ज करवाया गया था। घटना में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु अधीक्षक मधेपुरा के द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक सह अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी मधेपुरा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। बता दें कि विशेष टीम में एसटीएफ एवं जिला पुलिस के जवानों को शामिल किया गया था। गठित विशेष टीम के द्वारा तकनीकी विश्लेषण एवं गुप्त सूचना के आधार पर लागातार छापेमारी की जा रही थी, परंतु उक्त कांड के अभियुक्त फरार चल रहे थे, जो कि पुलिस के लिए एक चुनौती बनी हुई थी। आलोक कुमार पर जिला स्तर पर 25,000 रुपये का ईनाम भी घोषित किया गया था। आसूचना संग्रह एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आलोक कुमार को उसके सहयोगी मठाही निवासी मो. जाहिद के साथ विशेष टीम के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि इनकी गिरफ्तारी से अपराधिक घटनाओं में कमी आयेगी। आलोक कुमार पर पूर्व से कई मामले दर्ज हैं। इनके और भी आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।

# केंद्र की एनडीए सरकार की बजट पूरी तरह कॉपोर्रेट पक्षी एवं गरीब विरोधी है

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा बिहार के साथ फिर एक बार छलावा किया गया, ना विशेष राज्य की दर्जा मिला और ना हीं विशेष पैकेज मिली। उक्त बातें केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रमोद प्रभाकर ने कही। उन्होंने कहा कि इस बजट में किसानों के लिए कुछ भी नहीं है, कृषि आधारित उद्योग पर कोई फोकस नहीं किया गया। नौजवानों को निजी कंपनियों के हवाले कर दिया गया, सरकारी नौकरी नहीं प्राइवेट कंपनियों में रोजगार मिलेगी। सोना, चांदी, टीवी और मोबाइल की कीमत घटेगी परंतु जीवन उपयोगी आवश्यक सामानों की कीमतें नहीं। चमड़ा का सामान सस्ता होगा पर प्लास्टिक का सामान महंगा। उन्होंने कहा कि इस बजट से गरीबों की जिंदगी में कोई सुधार होने वाली नहीं है ,शहरों का सौंदयीकारण होगा परंतु गाँव बदहाल ही रहेगा। भाकपा नेता ने कहा कि बजट में शिक्षा चिकित्सा को कोई खास अहमियत नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि मजदूरों के पलायन पर रोक लगाने, गरीबों के हालात सुधरने, बाढ़ और सुखार के स्थायी निदान करने, किसानों और नौजवानों को स्वावलंबन बनाने की कोई योजना इस बजट में नहीं है। उन्होंने कहा कि एमएसपी की कोई गारंटी नहीं, मनरेगा को मजबूती नहीं, वृद्धों के पेंशन में कोई वृद्धि नहीं, फिर यह किसकी बजट और किसके लिए बजट ? भाकपा नेता प्रभाकर ने कहा कि यह बजट खोदा पहाड़ निकली चुहिया के समान है।

# भवन निर्माण कार्य में घोर अनियमितता जिलाधिकारी से जांच की मांग

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई झाझा के कार्यकताओं ने नगर स्थित महात्मा गांधी हाई स्कूल में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण कार्य में अनियमितता पायी गई। मौके पर प्रान्त एसएफडी सह संयोजक सूरज बरनवाल ने कहा कि यह विद्यालय नगर में सबसे अग्रणी है। ऐसे विद्यालय में अगर निर्माण कार्य में अनियमित बरती जाती है तो विभाग से और क्या ही यह अपेक्षा की जा सकती है। भवन निर्माण कार्य में जो ईंट का प्रयोग किया जा रहा है वह अत्यंत निम्न स्तर का है तथा छड़ एवं सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है वह भी गुणवत्ताहीन है ।जिलाधिकारी से इस निर्माण कार्य का उच्च स्तरीय जांच कर सभी दोषियों पर न्याय संगत कार्रवाई करने का मांग करता हूं। मौके पर अभाविप नगर मंत्री हरिनंदन प्रजापति ने कहा कि वर्तमान समय में एमजीएस विद्यालय में निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें घठिया किस्म के ईट , छड़ व सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है जो बेहद चिंताजनक है, विद्यार्थी परिषद इस प्रकार के अनियमितता की कड़ी शब्दों में निंदा करती है तथा जिलाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी से निष्पक्ष जांच की मांग करती है अन्यथा विद्यार्थी परिषद चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी। मौके पर दक्षिण बिहार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रूपेश भारती ,नगर कार्यकारिणी सदस्य धीरज कुमार,राजेश यदुवंशी ,सैलाब सिंह ,नीरज कुमार ,अभय प्रकाश,अनुज कुमार सूर्य, नीतिश केशरी,राज आदि मौजूद रहें।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## और अब नाम-पहचान पर धर्मयुद्ध?

आज सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि समूचा विश्व एक दमघोटू माहौल में जीनें को मजबूर है, साम्प्रदायिकता का यह जहरीला धुंआ हर किसी के दिल-दिमाग में घुटन पैदा कर रहा है, भारत का ह्यहिन्दूराष्ट्रह्व का नारा अब विश्वमंच से लगाया जाने लगा है, इस कारण से एक सम्प्रदाय विशेष में डर तथा चिंता व्याप्त हो गई है, अब यह माहौल क्यों बनाया गया और इसके पीछे कौन सी शक्तियां है? इसका उत्तर तो बाद में खोज लिया जाएगा, किंतु प्राथमिकता इस माहौल को खत्म करने की है, क्योंकि यह माहौल यदि खतरे की सीढ़ी पार कर गया तो पूरे विश्व की शांति खतरे में पड़ सकती है। भारत में इस माहौल की शुरूआत देश को राजनीतिक नेतृत्व प्रदान करने वाले उत्तरप्रदेश से हुई है, जहां सबसे पहले धार्मिक रैलियों के मार्ग की दुकानों के बाहर उनके मालिकों के नाम की पट्टियां लगाने के आदेश प्रदान किए गए, जिसका सबसे पहले अनुसरण पड़ौसी राज्य उत्तराखण्ड ने किया जहां कांवड मार्ग की दुकानों पर इस विवादित नियम को लेकर सख्ती बरती गई। उत्तरप्रदेश और उत्तराखण्ड के बाद अब छूत का यह रोग मध्यप्रदेश में भी प्रवेश कर गया है और मध्यप्रदेश स्थित देश की सबसे पूण्य व पवित्र नगरी अवंतिका (उज्जैन) में इस नियम को सख्ती के साथ लागू करने के निर्देश प्रदान कर दिए गए।

अब आज देश की सबसे बड़ी और अहम चिंता यही है कि आखिर इन आदेशों को पालन करवा कर देश-प्रदेश का राजनीतिक नेतृत्व अपना कौन सा मकसद पूरा करना चाहता है? प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी ने पद ग्रहण करने से ही आज से एक दशक पहले प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के पंचशील सिद्धांतों की तो इतिश्री कर ही दी थी, जिनमें भारत में शांति की पहल की गई थी, अब आज के शासक देश को साम्प्रदायिक भट्ठी में झौंक कर अपना कौन सा मकसद पूरा करना चाहते है, यदि मोदी जी को अपने तीसरें कार्यकाल में हिन्दूराष्ट्र का संकल्प पूरा करना ही है तो उसके और भी अन्य रास्ते हो सकते है इसके लिए एक सम्प्रदाय विशेष को लक्ष्य बनाने की क्या जरूरत है?

....और अब तो यह मुहीम भारत तक सीमित न रहकर धीरे-धीरे विश्व स्तरीय स्वरूप ग्रहण करती जा रही है, यही आज की चिंता का सबसे बड़ा कारण है यदि देश-विदेश में यही माहौल बना रहा तो इसके परिणाम कितने खतरनाक होगें? इसकी किसी ने कल्पना भी की है? हमारा इतिहास ऐसी मुहीम के परिणामों का गवाह है, इससे आज शिक्षा ग्रहण करने की जरूरत है। हमारा पुरातन काल से नारा सर्वधर्म समभाव रहा है, हम आखिर उसे त्यागने को क्यों आतुर है?

शायद इसका मुख्य कारण आज का बदला हुआ माहौल है, हमारा देश हमेशा से धर्मपरायण रहा है, इसीलिए ऋषि-मुनियों ने अपना दबदबा कायम रखा, किंतु अब माहौल एकदम उलट गया है, अब देश के कर्णधार राजनेता साधु-महात्माओं की शरण में नहीं बल्कि साधु-महात्मा राजनेता की शरण में नजर आ रहे है, अब ऐसे में सहज ही देश, प्रजा और यहां के आध्यात्म के भविष्य की कल्पना की जा सकती है। वैसे इस स्थिति के लिए कोई दोषी नही है, न राजनेता और न उनके आराध्य। दोषी है तो कुर्सी का मोह, जिसने एक बार कुर्सी प्राप्त कर ली वह उसे दीर्घजीवी बनाने की कौशिश करता है और यही भावना आज की राजनीति का मुख्य केन्द्र है, अब ऐसे में यह सवाल पैदा होना स्वाभाविक है कि इसका इलाज क्या है? तो सत्य बात यह है कि इसका इलाज किसी संत-मौलवी या डॉक्टर के पास नही बल्कि स्वयं रोगी के पास है, जो अपने में आत्म चेतन पैदा कर अपने आपको ठीक कर सकता है और वही अब करना भी चाहिए, दुकानों पर नाम पट्टी लगाने से कुछ नही होगा।

## सवाल बिहार को विशेष राज्य के दर्जे का

डॉ. अजीत कुमार सिंह

संसद में केंद्र की मोदी सरकार ने दो टूक में कह दिया कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा। इस खबर के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का वक्तव्य भी छपा है ! केंद्र के इस रवैये का उन्होंने विरोध नहीं किया है, बल्कि उनकी बातों में बेचारगी झलक रही है। मुख्यमंत्री जी कह रहे हैं कि विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिले तो कम से कम विशेष पैकेज ही मिल जाता। मुख्यमंत्री की यह बेचारगी लगातार बिहार को शर्मसार कर रही है।

बिहार की जनता ने एन.डी.ए. को 40 में से 30 सीटें दी हैं । इसके बावजूद केंद्र सरकार का बिहार के साथ यह सौतेला व्यवहार कहीं से भी उचित नहीं है । केंद्र सरकार का यह रवैया बतलाता है की मोदी जी को सिर्फ गुजरात और गुजरातियों से स्नेह है बिहारियों की उन्हें कोई चिंता नहीं है। आप जानते हैं कि बिहार राज्य की आर्थिक स्थिति बेहद बदहाल है । झारखंड के अलग हो जाने के बाद बिहार में आर्थिक श्रोतों की कमी हो गई । मौजूदा सरकार जो पिछले 19 वर्षों से बिहार की गद्दी पर आसीन हैं उसने आर्थिक श्रोतों के विकास के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया । ना उद्योग धंधे शुरू हुए ना उत्पादन के नए क्षेत्रों में कोई कार्य हो सका। आज भी बिहार दुनिया भर में श्रम निर्यात करने वाले राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान पर बना हुआ है ।

हाल ही में हुई बिहार राज्य की आर्थिक सर्वे की रिपोर्ट से यह बात सामने आ गई कि बिहार के 80 प्रतिशत लोग आज भी 20,000 रुपए से कम की मासिक आमदनी पर अपना जीवन गुजर-बसर कर रहे हैं । इसमें लगभग चौरानवे लाख परिवारों की आमदनी तो 6,000 रुपए मासिक से भी कम है जिसे बिहार की सरकार ने प्रति परिवार दो लाख रुपया देने का आश्वासन दिया है । लेकिन दुख की बात यह है कि बिहार सरकार के पास यह राशि देने के लिए भी पैसे नहीं है । यह बात महागठबंधन सरकार के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं सदन पटल पर कही थी। बिहार राज्य कृषि प्रधान राज्य है लेकिन सरकार किसानों को नहरों के अंतिम छोर तक पानी देने, किसानों को कृषि फीडर में 24 घण्टे निर्बाध बिजली देने व किसानों के उत्पादन का उचित मूल्य देने में सक्षम नहीं है।

बिहार में मनरेगा सहित निर्माण आदि क्षेत्रों में काम कर रहे दैनिक मजदूरों को आज भी देश में सबसे कम न्यूनतम मजदूरी मिल रही है । विभिन सरकारी क्षेत्र में काम रहे महिला - पुरुष ठेकाकर्मियों का मानदेय इतना कम है कि वे अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं । बिहार राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग (ठ्र) को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश सड़के व पुल - पुलियों की हालत बहुत गंभीर है । हाल ही में बिहार में गिरे 17 पुलों ने बिहार की भ्रष्ट व्यवस्था का पोल-खोल दिया है। सड़कों के रख रखाव व पुनर्निर्माण के लिए लिए अनुशंसा करने के बावजूद भी सरकार पैसे का रोना रो रही है । बल्कि हकीकत तो यह है कि बिहार सरकार की सड़के वर्ल्ड बैंक और नाबार्ड जैसे संस्थानों की ओर याचक की दृष्टि से देखती रहती है की कब उधर से लोन मिले तो काम शुरू हो सके ।

एक तो पैसे का अभाव और दूसरी तरफ भ्रष्ट नौकरशाही ने राज्य की आर्थिक स्थिति को और बदतर कर दिया है । शिक्षा और स्वास्थ्य की हालत तो सबसे ज्यादा खराब है । जहां एक तरफ सरकारी विद्यालय और महाविद्यालय सिर्फ सर्टिफिकेट बांटने का केंद्र बने हुए हैं वहीं दूसरी तरफ सरकारी अस्पताल गरीबों की हत्या करने पर आमादा है । के. के. पाठक जैसे ब्यूरोक्रेट्स के तानाशाही फरमानों और अपनी रोबिन हुड छवि बनाने की कोशिशों ने विद्यालयों में एक नए प्रकार के भ्रष्टाचार को जन्म दे दिया है । जिसमें शिक्षा विभाग के अधिकारी से लेकर विद्यालयों के प्रधानध्यापकों तक की संलिप्तता पाई जा रही है । आज भी बिहार के सरकारी विद्यालय और महाविद्यालय बुनियादी जरूरतों जैसे शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी, भवन, बेंच-डेस्क आदि के लिए तरस रहे हैं ।

राज्य का कोई भी सरकारी अस्पताल अपनी जरूरतों को पूरा नहीं कर पाता । उदाहरण के लिए आप डुमराँव अनुमंडल अस्पताल को ही देख सकते हैं । अपताल में 30 डॉक्टर का पद है लेकिन मात्र ग्यारह डॉक्टर ही पदस्थापित है ! चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी नहीं हैं, ड्रेसर नहीं है, परिचारी नहीं है, सभी दवाइयां नहीं मिलती है त्यहीं स्थिति कमोबेश राज्य के सभी अस्पतालों की है ।

ऐसे में बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की आवश्यकता है । केंद्र की सरकार द्वारा फिलहाल इस मांग को खारिज करना मतलब बिहार के विकास की गति पर रोक लगाना है । इंकार के बावजूद नीतीश कुमार का उनके सामने घुटने टेकना बिहारी सम्मान के साथ भद्दा मजाक है ।

विशेष राज्य का दर्जा हमारा अधिकार और हमारी जरूरत है । फिलहाल बिना इसके हम विकसित राज्यो के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने में हम सक्षम नहीं हो पाएंगे ।

इसलिए भले ही मुख्यमंत्री ने घुटना टेक दिया है लेकिन हमलोग बिहार और बिहारियों के अधिकार और उनके सम्मान की लड़ाई लड़ते रहेंगे । विशेष राज्य के दर्जे से कम हमें कुछ नहीं चाहिए ।

# क्यों सरदार पटेल की सीख से पूजा खेडकर दूर रही

सरदार पटेल ने उन्हें स्वराज और सुराज का अंतर भी समझाया था। जाहिर है, उनका ईमानदारी से आशय यही रहा होगा कि वे अपने जीवन के हर क्षेत्र में शुचिता और तटस्थता का पालन करेंगे। पर हाल में आईएएस प्रोबेशनर, पूजा खेडकर मामले को गहराई से देखने से समझ आ रहा है कि कुछ शातिर तत्व आईएएस या अन्य सरकारी नौकरियों को पाने के लिए फर्जी प्रमाणपत्र भी सौंपते हैं। उनके लिए ईमानदारी का कोई मतलब नहीं है। उन्हें सरदार पटले की सीख से भी कोई लेना-देना नहीं। पूजा खेडकर मसूरी के लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षण ले रही थीं। उन्हें महाराष्ट्र, शायद उनके अपने राज्य कैडर, में जिला प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था। उन्हें एहसास नहीं था कि आईएएस अफसर बनने का मतलब जन सेवा होता है। इसके बजाय, उसने इस पद को हासिल करने के बाद अपनी झूठी शान दिखानी शुरू कर दी। उसने कार, सुसज्जित कार्यालय और कर्मचारियों जैसी कई सुविधाओं की मांग की। चूँकि प्रोबेशनर्स इन लाभों के हकदार नहीं होते हैं, इसलिए उन्हें कोई भी लाभ नहीं दिया गया। इसलिए, उसने अपनी दैनिक जरूरतों के लिए एक लग्जरी कार किराए पर ली। इससे भी बुरा यह है कि उन्होंने कार की छत पर नीली बीकन लाइट भी लगाई। बीकन लाइट के इस्तेमाल को लेकर नियम हैं कि हर कोई ऐसी लाइट नहीं लगा सकता, जिसके कार्यात्मक उद्देश्य आवश्यक नहीं हैं। एम्बुलेंस वाहन पर ऐसी लाइट वाहन की तेज गति को सुविधाजनक बनाने के लिए है। पूजा का चयन दो विशेष श्रेणियों के तहत किया गया था। एक, वह ओबीसी के गैर-क्रीमी वर्ग से संबंधित हैं। यह स्वयं ही संदिग्ध है, यह देखते हुए कि उनके पिता एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी थे।





आर.के. सिन्हा
लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने 21 अप्रैल, 1947 को राजधानी के मेटकॉफ हाउस में आजाद होने जा रहे भारत के पहले बैच के आई सी एस जो 1948 से आई पी जो 1948 से आई पी एस कहलाये ऐसे सभी अफसरों को संबोधित करते हुए कहा था कि उन्हें स्वतंत्र भारत में जनता के सवालों को लेकर गंभीरता और सहानुभूति का भाव रखना होगा। उन्हें अपने दायित्वों का निर्वाह ईमानदारी से करना होगा। सरदार पटेल ने उन्हें स्वराज और सुराज का अंतर भी समझाया था। जाहिर है, उनका ईमानदारी से आशय यही रहा होगा कि वे अपने जीवन के हर क्षेत्र में शुचिता और तटस्थता का पालन करेंगे। पर हाल में आईएएस प्रोबेशनर, पूजा खेडकर मामले को गहराई से देखने से समझ आ रहा है कि कुछ शातिर तत्व आईएएस या अन्य सरकारी नौकरियों को पाने के लिए फर्जी प्रमाणपत्र भी सौंपते हैं। उनके लिए ईमानदारी का कोई मतलब नहीं है। उन्हें सरदार पटले की सीख से भी कोई लेना-देना नहीं।

पूजा खेडकर मसूरी के लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षण ले रही थीं। उन्हें महाराष्ट्र, शायद उनके अपने राज्य कैडर, में जिला प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था। उन्हें एहसास नहीं था कि आईएएस अफसर बनने का मतलब जन सेवा होता है। इसके बजाय, उसने इस पद को हासिल करने के बाद अपनी झूठी शान दिखानी शुरू कर दी। उसने कार, सुसज्जित कार्यालय और कर्मचारियों जैसी कई सुविधाओं की मांग की। चूँकि प्रोबेशनर्स इन लाभों के हकदार नहीं होते हैं, इसलिए उन्हें कोई भी लाभ नहीं दिया गया। इसलिए, उसने अपनी दैनिक जरूरतों के लिए एक लग्जरी कार किराए पर ली। इससे भी बुरा यह है कि उन्होंने कार की छत पर नीली बीकन लाइट भी लगाई। बीकन लाइट के इस्तेमाल को लेकर नियम हैं कि हर कोई ऐसी लाइट नहीं लगा सकता, जिसके कार्यात्मक उद्देश्य आवश्यक नहीं हैं। एम्बुलेंस वाहन पर ऐसी लाइट वाहन की तेज गति को सुविधाजनक बनाने के लिए है।

पूजा का चयन दो विशेष श्रेणियों के तहत किया गया था। एक, वह ओबीसी के गैर-क्रीमी वर्ग से संबंधित हैं। यह स्वयं ही संदिग्ध है, यह देखते हुए कि उनके पिता एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी थे। फिर वह गैर-क्रीमी लेयर में कैसे चुनी गई। वह निश्चित रूप से गरीब व्यक्ति नहीं थी। उनके परिवार के पास पर्याप्त जमीन है जो निश्चित रूप से उन्हें एक अलग आर्थिक श्रेणी में रखेगी। पूजा ने यह भी दावा किया था कि उसकी एक अलग तरह की शारीरिक स्थिति है, जो उसे विकलांग कोटे के तहत आरक्षित सीट के लिये हकदार बनाती है। यूपीएससी और कार्मिक विभाग द्वारा विकलांगता के संबंध में कुछ तय दिशानिदेर्शो का पालन करते हैं। एक व्यक्ति जिसे एक आंख में दृष्टि नहीं होती है, उसे विकलांग नहीं माना जाता है, यदि दूसरी आंख हर तरह से ठीक है।

मैंने इसके बारे में तब जाना जब मेरे एक मित्र के पुत्र ने सिविल सेवा परीक्षा दी। । बचपन में, उसके एक भाई ने उसकी दाहिनी आंख में कंपास डाल दिया था, जिससे वह आंशिक रूप से अंधा हो गया था। वह विकलांग कोटे के तहत आरक्षण के लिए योग्य नहीं होता, अगर उसकी दूसरी आंख सही होती। उसकी सामान्य आंख में आंशिक अंधापन था। इस तरह वह रेलवे सेवा के लिए चुना गया, जहाँ वह अब एक जिम्मेदार पद पर है।

पूजा खेडकर के मामले में, वह लोकोमोटर डिफिशिएंसी का दावा करती है, जो उसकी बाहों और पैरों के चलने में बाधा उत्पन्न करती है। डॉक्टर और तकनीशियन आसानी से कमी का आकलन कर सकते हैं। उसे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के मेडिकल बोर्ड के सामने खुद को प्रस्तुत करना चाहिए था, जो यह प्रमाणित करता था कि वह विकलांग श्रेणी में शामिल करने के लिए योग्य है या नहीं। किसी न किसी बहाने से, वह बोर्ड के सामने पेश नहीं हुई, एक बार नहीं बल्कि पांच बार। वह उन अस्पतालों से विकलांगता का उचित प्रमाण पत्र भी प्राप्त नहीं कर सकी थी जिनसे उसने कथित तौर पर संपर्क किया था। यह भी रिकॉर्ड पर है कि उसने 2007 में एक मेडिकल कॉलेज में शामिल होने के दौरान पूर्ण फिटनेस प्रमाण पत्र जमा किया था। उल्लेखनीय बात यह है कि कार्मिक विभाग ने उसे मसूरी में आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त करने और मेडिकल चेक-अप पास किए बिना आईएएस में शामिल होने की अनुमति दी। यहाँ कोई गंभीर गलती हुई है, जो भ्रष्टाचार की श्रेणी में आयेगा और सही और निष्पक्ष जांच के बाद इसके लिये दोषी अधिकारी या अधिकारीयों को दण्डित तो करना ही होगा। केंद्र सरकार ने एक मेडिकल परीक्षा का आदेश दिया है जिसके लिए उसने एक व्यक्तिगत समिति नियुक्त की है, जो यह साबित करेगी कि क्या वह किसी भी विकलांगता से पीड़ित है। अगर उसने नखरे नहीं दिखाए होते, तो वह सेवा में बनी रहती। इससे कांड के बाद यूपीएससी की कार्यप्रणाली भी अच्छी रोशनी में नहीं दिखता है।

इससे भी गंभीर बात यह है कि पूजा अपने जिला मजिस्ट्रेट जिससे अधीन वह प्रशिक्षण प्राप्त ककर रही थी उनके आदेशों की अनदेखी करती थी। यह सरकारी सेवा में एक गंभीर आरोप है। इस बीच, तेलंगाना में एक आईएएस अधिकारी के बारे में भी रिपोर्ट आई हैं, जो कुछ विकलांगताओं के आधार पर सेवा में शामिल हुए। उदाहरण के लिए, उन्हें कथित तौर पर पोलियो का हमला हुआ है। लेकिन घोड़े की सवारी और साइकिल चलाते हुए उनके वीडियो यह तो नहीं बताते कि वे कभी पोलियो के शिकार थे?। इससे यह सवाल उठता है कि क्या सिविल सेवाओं में विकलांग श्रेणियों के तहत रिक्तियों को भरने में मानदंडों का सख्ती से पालन किया जाता है। लगता तो यही है कि इस मामले में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है और पिछले दस-पंद्रह साल में विकलांगता के आधार पर चुने गये ऐसे सभी मामलों को जांच के दायरे में लाने की आवश्यकता है। आईएएस, जिसे अक्सर भारत के इस्पात फ्रेम के रूप में जाना जाता है, यह उपाधि सरदार वल्लभभाई पटेल, भारत के लौह पुरुष से प्राप्त करता है। उन्होंने नव स्वतंत्र भारत की एकता और स्थिरता बनाए रखने में सिविल सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया था। आईएएस राष्ट्र के प्रभावी शासन के लिए आवश्यक, सबसे प्रतिष्ठित सेवाओं में से एक है। इस सेवा में भर्ती में कोई भी समझौता देश के हितों को गंभीर रूप से कमजोर कर सकता है। यदि देश की जनता के दिल में आईएएस पदाधिकारियों के प्रति स्वाभाविक रूप से सम्मान और आदर का भाव नहीं रह जायेगा, तो कोई भी आईएएस प्रशासन कर ही नहीं पायेगा। आईएएस अधिकारियों से अपनी भूमिकाओं में निष्पक्षता और अखंडता का प्रदर्शन करने की अपेक्षा की जाती है। उनके फैसले लाखों लोगों के जीवन और देश की समग्र स्थिरता को प्रभावित करते हैं। निष्पक्षता बनाए रखकर और कानून के शासन का पालन करके, आईएएस अधिकारी यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि सरकार की नीतियां और कार्यक्रम निष्पक्ष रूप से और प्रभावी ढंग से लागू

# महानगरों में बढ़ता जानलेवा प्रदूषण गंभीर चुनौती

भारत के दस बड़े शहरों में हर दिन होने वाली मौतों में सात फीसदी से अधिक का मुख्य कारण हवा में व्याप्त प्रदूषण है। वहीं दुनिया में सबसे प्रदूषित राजधानी दिल्ली में यह आंकड़ा साढ़े ग्यारह प्रतिशत है। भारत के महानगरों में वायु प्रदूषण के रूप में पसर रही मौत के लिये सरकार एवं उनसे संबंधित एजेंसियों की लापरवाही एवं कोताही शर्मनाक है, क्योंकि सरकार द्वारा 131 शहरों को आवंटित धनराशि का महज 60 फीसदी ही खर्च किया जाता है। गंभीर से गंभीरतर होती वायु प्रदूषण की स्थितियों के बावजूद समस्या के समाधान में कोताही चिन्ता में डाल रही है एवं आम जनजीवन के स्वास्थ्य को चौपट कर रही है। महानगरों में प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं, जीवन सांसों पर छाये संकट से जूझ रहे हैं। केंद्र सरकार ने वायु प्रदूषण एवं हवा में घुलते जहरीले तत्वों की चुनौती के मुकाबले के लिये राष्ट्रीय वायु स्वच्छता कार्यक्रम के क्रियान्वयन की घोषणा 2019 में की थी। जिसका मकसद था कि खराब हवा के कारण नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभाव को कम किया जा सके। सरकार की कोशिश थी कि देश के चुनिंदा एक सौ तीस शहरों में वर्ष 2017 के मुकाबले वर्ष 2024 तक घातक धूल कणों की उपस्थिति को बीस से तीस फीसदी कम किया जा सके। लेकिन विडम्बना है कि तय लक्ष्य हासिल नहीं हो सके। महानगरों-नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है।





ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

चिकित्सा विज्ञान से जुड़ी चर्चित अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका लासेंट के हाल के अध्ययन में वायु प्रदूषण की बढ़ती विनाशकारी स्थितियों के आंकड़े न केवल चौंकाने वाले है बल्कि अत्यंत चिन्तातनक है। भारत के दस बड़े शहरों में हर दिन होने वाली मौतों में सात फीसदी से अधिक का मुख्य कारण हवा में व्याप्त प्रदूषण है। वहीं दुनिया में सबसे प्रदूषित राजधानी दिल्ली में यह आंकड़ा साढ़े ग्यारह प्रतिशत है। भारत के महानगरों में वायु प्रदूषण के रूप में पसर रही मौत के लिये सरकार एवं उनसे संबंधित एजेंसियों की लापरवाही एवं कोताही शर्मनाक है, क्योंकि सरकार द्वारा 131 शहरों को आवंटित धनराशि का महज 60 फीसदी ही खर्च किया जाता है। गंभीर से गंभीरतर होती वायु प्रदूषण की स्थितियों के बावजूद समस्या के समाधान में कोताही चिन्ता में डाल रही है एवं आम जनजीवन के स्वास्थ्य को चौपट कर रही है। महानगरों में प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं, जीवन सांसों पर छाये संकट से जूझ रहे हैं।

केंद्र सरकार ने वायु प्रदूषण एवं हवा में घुलते जहरीले तत्वों की चुनौती के मुकाबले के लिये राष्ट्रीय वायु स्वच्छता कार्यक्रम के क्रियान्वयन की घोषणा 2019 में की थी। जिसका मकसद था कि खराब हवा के कारण नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभाव को कम किया जा सके। सरकार की कोशिश थी कि देश के चुनिंदा एक सौ तीस शहरों में वर्ष 2017 के मुकाबले वर्ष 2024 तक घातक धूल कणों की उपस्थिति को बीस से तीस फीसदी कम किया जा सके। लेकिन विडम्बना है कि तय लक्ष्य हासिल नहीं हो सके। महानगरों-नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। हालांकि लोगों को सिर्फ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है, एंटीडस्ट अभियान को निरन्तर जीवन का हिस्सा बनाना होगा। लोगों को खुद भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी। लोगों को खुली जगह में कूड़ा नहीं फैंकना चाहिए और न ही उसे जलाया जाए। वाहनों का प्रदूषण लेवल चैक करना चाहिए। कोशिश करें कि हम निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। आम जनता की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाली पटाखे जलाने की भौतिकतावादी मानसिकता को विराम देना जरूरी है। प्रदूषण मुक्त पर्यावरण की वैश्विक अभिधारणा को मूर्त रूप देने के लिये इको फ्रेंडली दीपावली मनाने की दिशा में गत दो-तीन साल में कई पायदान हम ऊपर चढ़े हैं, एक सकारात्मक वातावरण बना। लेकिन पटाखों से ज्यादा खतरनाक हैं पराली का प्रदूषण। पराली आज एक राजनीतिक प्रदूषण बन चुका है। दिल्ली एवं पंजाब में एक ही दल ही सरकारें है, दूसरों पर आरोप लगाने की बजाय क्यों नहीं आम आदमी पार्टी की सरकार समाधान देती। प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता। इसके लिये शहरों में वृक्षारोपण करके हरियाली का दायरा बढ़ाना, कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन, इलेक्ट्रानिक वाहनों को प्रोत्साहन तथा इन वाहनों के लिये चार्जिंग स्टेशन बनाने जैसे प्रयास करने के सुझावों का क्रियान्वित करने की अपेक्षा है, इसके लिये जो कार्यक्रम प्रदूषण से ग्रस्त चुनिंदा शहरों में चलाया जाना था, लेकिन स्थानीय प्रशासन की तरफ से इस दिशा में कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया। जिससे समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। इसी कारण देश के अधिकांश शहर गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में हैं। लेकिन स्थानीय निकायों व प्रशासन ने संकट की गंभीरता को नहीं समझा। इस दिशा में अपेक्षित सक्रियता नजर नहीं आई। प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रहे महानगरों को कोई समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती? सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? प्रशासन अपनी जिम्मेदारी क्यों नहीं निभा पा रही है?

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिये सक्रिय है, केंद्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने भी प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिये करीब साढ़े दस हजार करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी। लेकिन विडम्बना है कि पर्याप्त फण्ड होने के बावजूद सिर्फ साठ फीसदी राशि ही इस मकसद के लिये खर्च की गई। वहीं सत्ताईस शहरों ने बजट का तीस फीसदी ही खर्च किया। कुछ शहरों ने तो इस मकसद के लिये आवंटित धन का बिल्कुल उपयोग नहीं किया। कैसे समस्या से मुक्ति मिलेगी? जीवाश्म ईंधन के उपयोग, सड़कों पर निरंतर बढ़ते पेट्रोल-डीजल वाहन, सार्वजनिक यातायात की बदहाली व कचरे का ठीक से निस्तारण न होने से वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लक्ष्य हासिल करना जटिल होता जा रहा है। अब समस्या की विकरालता को देखते हुए केंद्र सरकार इस दिशा में नये सिरे से गंभीरता से पहल कर रही है

# यात्रियों की नजर में केन्द्र सरकार कितनी पास कितनी फेल

शमशीर सिवानी

रेल मंत्रालय का तुगलकी फरमान, जनता को मिली राहत या हो रही है हलाकान चर्चा चौराहे की खबर लेकर आपके सामने हाजिर हूं, और आम जनता की सोच और अपना विचार आपके सामने परोस रहा हूं कि यात्रियों की नजर में केन्द्र सरकार कितनी पास और कितनी फेल है, रेल मंत्रालय लगातार जो कदम उठा रही है, और तुगलकी फरमान जो जारी कर रही है उससे जनता को कितनी राहत मिल रही है और कितने हलाकान हो रहे हैं। इसका एनालिसिस करने पर यह सामने आ रहा है कि पिछले दस सालों से केन्द्र में सत्तासीन भाजपा व उसकी सहयोगी एनडीए सरकार पास बहुत कम लेकिन फेल ही नजर आ रही है। भाजपा ने जो नारा दिया था सबका साथ सबका विकास लेकिन कई मामलों में इनका ये नारा खोखला साबित हो रहा है, इसका जीता जागता उदाहरण केन्द्र सरकार के रेल मंत्रालय की कार्यशैली है। पिछले दस सालों में देश की रेल व्यवस्था पूरी तरह लडखडा गई है, हर सप्ताह देश के हर मंडलों में 40 से 50 ट्रेनों को रेलवे के विकास कार्य का नाम लेकर रद्द कर दिया जा रहा है।

पूरे देश में मालगाडियों को पासिंग कराया जा रहा है, एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेने तो माशाअल्लाह है इनकी तो बात छोडिए फ्लाईट के जैसे भारी भरकम किराया देकर दुरंतो, राजधानी व सुपरफास्ट जैसे ट्रेनों को भी कई कई घंटे कही भी रोक दिया जा रहा है और अपने गंतव्य तक 4-6 घंटा तक ये ट्रेने लेट पहुंच रही है। एक्सप्रेस ट्रेने और पैसेंजर ट्रेनो को तो 10 से 12 घंटा तक लेट किया जा रहा है। केन्द्र में सत्तासीन एनडीए सरकार ने रेल यात्रियों को बहुत बडा झटका दिया है। जहां सुपरफास्ट, एक्सप्रेस ट्रेनों में 11 से 12 टू टायर यानि स्लीपर कोच रहता था, उसको घटाकर मात्र 5-6 बोगी कर दिया है और एसी बोगी को अत्यधिक बढा कर भारी भरकम किराया वसूल तो किया ही जा रहा है। सबसे अधिक जो मार पडी है वह मात्र 25 प्रतिशत सीटों का ही सामान्य तौर पर आरक्षण किया जा रहा है, और 75 प्रतिशत सीटों को तत्काल और प्रिमियम तत्काल के लिए आरक्षित रखकर तत्काल में डबल और प्रिमियम तत्काल के नाम पर चार से 10 गुना किराया वसूलकर रेल यात्रियों के जेब में डकैती डालने का काम कर रही है। उपर से रेलवे के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिली भगत के कारण काउंटर से स्लीपर के टिकिट के लिए जाने पर वेटिंग बताते है और वही दलालों के पास जाकर उसी टिकिट कई गुना अधिक राशि देने पर उनके द्वारा कंफर्म टिकिट मिल जाता है।

रेल मंत्रालय के नये नियम से लोग भारी आक्रोशित है। नया नियम बिना कन्फर्म टिकिट के आरक्षण बोगी में अब यात्रा नहीं कर पायेंगे, पहले इमरजेंसी में रेलवे के काउंटर से वेटिंग का टिकिट लेकर यात्रा कर सकते थे, लेकिन रेल मंत्रालय का तुगलकी फरमान कि अब बिना कन्फर्म टिकिट के स्लीपर बोगी में नही घुस पायेंगे और घुसने पर भारी भरकम जुमार्ना भी वसूला जा रहा है और उसके अगले स्टेशन पर उसे उतार भी दिया जा रहा है। एक तो स्लीपर बोगी आधा कर दिये, 5-6 जनरल बोगी जो था उसको कम करके दो तीन कर दिये उपर से बिना कन्फर्म टिकिट स्लीपर में नही घुसने देने का रेलवे का फरमान का निर्णय बहुत ही गलत है। देश में सबसे अधिक निवास करने वाले गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार रहते है। देश में प्रतिदिन 2 करोड 40 हजार लोग यात्रा करते है जिसमें 20 प्रतिशत लोग एसी में सफर करते है जबकि 80 प्रतिशत लोग स्लीपर और जनरल बोगी मे सफर करते हैं, खासतौर से गर्मी के दिनों में तो जनरल बोगी में ये स्थिति रहती है कि अत्यधिक भीडभाड होने से कई लोगों की मौत तक हो जाती है, आखिर ये मध्यमवर्गीय और गरीब लोग अपनी यात्रा कैसे करें।

आजीवन लाखों रुपए वेतन व पेंशन और ट्रेनों व फ्लाईट में फ्री में यात्रा की सुविधा पाने वाले क्या जानेंगे आम जनता का दुख दर्द रेल मंत्रालय और रेल प्रशासन में बैठे लोग अमीर और व्हीआईपी लोग है जो बिना सोचे समझे अपनी सोच आम जनता पर थोपते है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 24 जुलाई, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### मझौलिया सीएचसी में आशा कार्यकताओं का सात दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

मझौलिया ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौलिया में नियमित टीकाकरण रिफ्रेशर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया ।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड की सभी आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया गया । उक्त जानकारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लुकमान ने दी ।इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को दी जाने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और टीकाकरण कार्य के दौरान शत प्रतिशत सरकारी गाइडलाइन का पालन करने की बात कही । उन्होंने बताया कि यह सात दिवसीय प्रशिक्षण हैं । इसका मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा गर्भवती महिलाओं को दिलाया जा सके ।इस मौके पर बीसीएम राजेश प्रसाद एसटीएस जितेंद्र कुमार,मनीष कुमार ,आशा फैसिलिटेटर चंदा देवी,कृष्णावती देवी,नजमा खातून,आशा देवी,सहित दर्जनों आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### चोरों ने मवेशी चारा मशीन उड़ाया

बगहा। वाल्मीकिनगर स्थित जलसंसाधन विभाग के ई टाइप कॉलोनी में चोरों ने मवेशी चारा मशीन की गत रात चोरी कर ली। बतादें ई टाइप कॉलोनी निवासी राघव शरण सिंह के क्वार्टर कैम्प्स में बने गौशाला से मवेशियों के लिए छांटी काटने की मशीन को चोरों ने चुरा लिया। इस मशीन का वजन करीब 100 केजी बताई जा रही है। अमूमन इसे चोरी करते समय तीन चार लोग लगे होंगे। पीड़ित ने बताया कि यह काम असमाजिक तत्वों द्वारा किया गया हो सकता है ।बतातें चलें कि इन असमाजिक तत्वों के द्वारा छोटी मोटी चोरियां कर भांगारे ( कबाड़ी ) को ओने पौने दामो में बेच देते हैं।

### जीरो डोज से वंचित बच्चों के सर्वे का प्रशिक्षण शुरू



माँझी। मंगलवार को माँझी सीएचसी के सभागार में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रोहित कुमार की अध्यक्षता में आशा कर्मियों को जीरो डोज से वंचित बच्चों के सर्वे का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन पहुँची आशा कार्यकर्त्रियों को जीरो डोज पर मनोयोग से कार्य करने का टास्क दिया गया। प्रशिक्षणार्थियों को जीरो डोज से वंचित बच्चों के सर्वे करने का गुर सिखाया गया। डॉ कुमार ने बताया कि आशा कार्यकर्त्रियों को नवजात शिशु की देखभाल के साथ ही उन्हें अन्य बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को स्तनपान के लिए प्रेरित करने पर भी जोर दिया गया। सर्वे के दौरान महिलाओं को साफ-सफाई रखने व हाथों को सही ढंग से धोने की जानकारी भी दी गई। स्वास्थ्य प्रबंधक राममूर्ति,बीसीएम विवेक कुमार ब्याहुत,यूनिसेफ के बीएमसी संजय अनुपम तथा डब्ल्यूएचओ के मॉनिटर अभिषेक कुमार आदि ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

### विकसित भारत के रूपरेखा वाला बजट है:धर्मेन्द्र

छपरा कार्यालय। यह बजट विकसित भारत के रूपरेखा वाला बजट है ।इस बजट मे गरीब,महिला,युवा एवं अन्नदाता का ध्यान रखा गया है । गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 5 साल के लिए गरीबों को 5 किलो अनाज बढ़ा दिया गया है। देश में 4 करोड़ युवाओं को अगले 5 वर्ष में रोजगार देने का काम किया जाएगा। शिक्षा क्षेत्र के उत्थान के लिए 148000 करोड़ का बजट में प्रावधान करने से शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति आएगी ।साथ ही इस बजट में बिहार पर विशेष ध्यान देते हुए बिहार में तीन एक्सप्रेसवे पटना पूर्णिया बक्सर भागलपुर तथा बोधगया वैशाली दरभंगा एवं बक्सर में गंगा नदी पर पुल के निर्माण से बिहार के विकास को गति मिलेगी। बिहार में बाढ़ को नियंत्रण मे लाने एवं सिंचाई जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान दिया गया है जिसके तहत बजट में 11500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। बिहार के पिरपैंति में 2400 मेगावाट का विद्युत संयंत्र लगाने से बिहार के विकास में गति मिलेगी। इस बजट में मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर रोजगार का ज्यादा से ज्यादा सृजन करने का प्रावधान किया गया है ।यह बजट बिहार सहित देश के विकास में मददगार बनेगा साथ हीं विकसित भारत की संकल्पना पूरी होगी उक्त बातें भाजपा के शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह ने कही।

# आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये 31 जुलाई तक सभी पीडीएस दुकानों पर चलाया जा रहा विशेष अभियान

## इस विशेष अभियान के अबतक की प्रगति पर जिलाधिकारी ने जताया असंतोष

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये 18 जुलाई से 31 जुलाई तक सभी पीडीएस दुकानों पर विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। राज्य में आयुष्मान भारत-जन आरोग्य योजना का क्रियान्वयन पात्र लाभार्थियों को प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक निःशुल्क चिकित्सा प्रदान करने हेतु किया जा रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभार्थियों को सम्पूर्ण रूप से स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के क्रम में प्रथम लक्षित परिवारों को आच्छादित करने के उपरांत ठञ्ञअ के डेटाबेस में शेष बचे लाभार्थियों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करते हुये इसका संचालन आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के एकीकृत प्लेटफॉर्म पर किया जा रहा है ।एन एफ एस ए से आच्छादित शत प्रतिशत परिवारों के शत प्रतिशत सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाने के उद्देश्य से इस विशेष अभियान का अयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत जिला के सभी जनवितरण प्रणाली की दुकानों पर सभी पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इस योजना के तहत प्रत्येक पात्र परिवार के सभी सदस्यों का व्यक्तिगत रूप से कार्ड बनाया जा रहा है। पात्र परिवार के जिस व्यक्ति का कार्ड नहीं बनेगा, वह इस योजना का लाभ नहीं ले सकेंगे। इस विशेष अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आज जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने विभिन्न संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। इस अभियान के तहत 18 जुलाई से 22 जुलाई तक जिला में 12097 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। जिलाधिकारी ने अबतक की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया तथा अभियान को और भी प्रभावी बनाने के लिये महत्वपूर्ण निदेश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि 31 जुलाई तक इस अभियान को मिशन मोड में चलाना है, इस लिये सभी संबंधित पदाधिकारियों को इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये शेष अवधि में क्रियान्वित करने का निदेश दिया गया। सभी पीडीएस दुकानों के साथ सी.एस.सी. के वी.एल.ई.(विलेज लेवल इंट्रप्रेनर) की टैगिंग की गई है ।समीक्षा में ज्ञात हुआ कि वीएलई पीडीएस दुकानों पर निरंतर मौजूद नहीं रहते हैं। पीडीएस दुकानों के साथ वीएलई के साथ साथ आवास सहायक, पंचायत रोजगार सेवक, कृषि समन्वयक के अतिरिक्त आईसीडीएस,आपूर्त्ति, स्वास्थ्य, सहकारिता आदि के स्थानीय कंप्यूटर ऑपरेटर को भी टैग करने का निर्णय लिया गया। सभी पात्र परिवारों के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बने, इसके लिये सिविल सर्जन, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस एवं डीपीएम जीविका को आशा, आंगनबाडी सेविका/सहायिका, टोला सेवक, विकास मित्र एवं जीविका दीदियों के माध्यम से जमीनी स्तर पर पात्र परिवारों के घर घर जाकर लोगों को पीडीएस दुकानों पर जाकर कार्ड बनवाने या स्वयं मोबाइल एप्प के माध्यम से कार्ड बनाने हेतु प्रेरित करने को कहा गया। इस योजना का लाभ लेने के लिये संबंधित पात्र व्यक्ति का व्यक्तिगत रूप से कार्ड बना होना चाहिये। इस अभियान का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने को कहा गया। सभी मार्केटिंग ऑफिसर को प्रतिदिन इसकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का स्पष्ट निदेश दिया गया। यह उनकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी इस अभियान हेतु नोडल अधिकारी बानाये गये हैं। प्रखंडों के वरीय प्रभारी भी बुधवार को फील्ड में जाकर इस अभियान के क्रियान्वयन की स्थलीय समीक्षा करेंगे। सभी प्रखंड में नियंत्रण कक्ष बनाकर इस अभियान की दैनिक मोनिटरिंग सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। लोग आयुष्मान भारत एप्प के माध्यम से स्वतः लॉगिन कर निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन कर स्वयं भी अपना आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान के तहत सभी पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने से समाज के लोगों को निःशुल्क बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी। इस योजना के अंतर्गत सबद्ध निजी अस्पतालों की संख्या को भी लगातार बढ़ाया जा रहा है। डिस्ट्रिक प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर आयुष्मान भारत को प्रतिदिन का प्रगति प्रतिवेदन वीएलई वार उपलब्ध कराने का निदेश दिया।

# सावन में बोल बम की सज गई दुकाने गेरुआ मय हुआ वाल्मीकिनगर

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत वाल्मीकिनगर सावन के रंग में पूरी तरह से रंग गया है ।गोलचौक, कौलेश्वर त्रिवेणी,जटाशंकर आदि जगहों पर बोलबम से सम्बंधित दुकाने सज कर लग गई है। बतादें की पूरा वाल्मीकिनगर परिक्षेत्र बोलबम मय हो चला है। चारो तरफ गेरुआ ही गेरुआ रंग से सराबोर नजर आ रहा है। बतातें चलें कि वाल्मीकिनगर स्थित गंडक नारायणी के घाटों त्रिवेणी, कौलेश्वर, काली घाट,बेलवा आदि तटों पर श्रद्धालु स्नान ध्यान पूजार्चना व जलबोझी कर उत्तरप्रदेश स्थित अटलाहिया और रामनगर स्थित नर्देश्वर मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। श्रद्धालु निजी सवारी व बसों के द्वारा वाल्मीकिनगर स्थित गोलचौक पहुंचते हैं ।जहां बोलबम के नारों के साथ पूजार्चना व जलबोझी के लिए आवश्यक सामग्री की खरीद स्पेशल सावन में लगी दुकानों से करते हैं। कांवड़,प्लास्टिक के बिछावन,टॉर्च,पैंट,बनियान,कैर्री बैग आदि खरीद करते हैं। रविवार को त्रिवेणी संगम व दूसरे घाटों पर स्नान ध्यान कर गन्तव्य स्थानों के लिए श्रद्धालु प्रस्थान कर जाते हैं।

# सावन में श्रद्धालुओं के भीड़ से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन और एसएसबी ने बढ़ाई चौकसी

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर में पर्यटकों के साथ साथ सावन में श्रद्धालुओं की भीड़ से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन समेत एसएसबी ने तैयारियां पूरी कर चौकसी बढ़ा दी है ।ताकि किसी भी अप्रिय घटना की संभावना से पहले निपटा जा सके। वहीं एसएसबी 21 वीं बटालियन के गंडक बराज बी समवाय के जवानों ने इंडो नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ाते हुए हर वाहनों समेत आने जाने वालों की गहन जांच कर रही है। बतादें की सावन माह में श्रद्धालुओं की भीड़ की चलहलकदमी इंडो नेपाल के दोनों तरफ बढ़ जाती है। सभी श्रद्धालु एक ही रंग में होते हैं, इससे वांछितों को मौका नहीं मिले इसके लिए समय समय पर डॉग स्क्वार्ड की मदद भी ली जा रही है। नवपदस्थापित वाल्मीकिनगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने त्रिवेणी संगम घाटों समेत कौलेश्वर व जटाशंकर मंदिर का दौरा कर जायजा लिया।

# दूषित पानी व खाद्य पदार्थों के सेवन से होता है: डायरिया

## रोकथाम के लिए जागरूकता जरूरी, जिला स्वास्थ्य समिति से हुई स्टॉप डायरिया कार्यक्रम की शुरूआत




प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया( घनश्याम ) ।जिला स्वास्थ्य समिति बेतिया से ह्यस्टॉप डायरियाह्न कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने किया। इस दौरान सीएस ने स्वास्थ्य कर्मियों व आमजनों को डायरिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 22 सितंबर तक जिले में अभियान चलाया जाएगा ।सिविल सर्जन ने कहा कि यह एक गंभीर रोग है जिसका तुरंत इलाज आवश्यक होता है। यह मुख्यतः दूषित पानी एवं खाद्य पदार्थों के सेवन से यह रोग होता है। डायरिया से बचाव एवं उसकी रोकथाम को लेकर जन समुदाय में सभी 18 प्रखंडो में जनजागरूकता कार्यक्रम स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा चलाया जाएगा। एसीएमओ डॉ रमेश चंद्रा ने ह्यस्टॉप डायरिया अभियानह्न के दौरान कहा कि डायरिया एक संक्रामक बीमारी है जो गंदे हाथों से भोजन करने, संक्रमित व्यक्ति के मल में मौजूद रोगाणुओं से दूषित पानी या खाद्य पदार्थों का सेवन करने पर फैलता के बाद व खाने से पहले अपने हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोना बहुत आवश्यक है। आशाओ को पर्याप्त मात्रा में जिंक-ओ.आर.एस. उपलब्ध कराया गया है: डीआईओ अवधेश कुमार एवं डीसीएम राजेश कुमार ने कहा कि जिले के सभी आशाओ को पर्याप्त मात्रा में जिंक-ओ.आर. एस. उपलब्ध कराया गया है। आशा कार्यकताओं को घर घर 05 वर्ष से कम उम्र के बच्चों वाले सभी परिवार को चिन्हित कर ओ.आर.एस. के पैकेट वितरित करने का निर्देश किया गया है। उन्होंने विद्यालयों और आंगनवाड़ी केंद्रों में भी स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाने का आह्वान किया। **डायरिया के लक्षण** जी मिचलाना, पेट में मरोड़, लूज मोशन, सूजन, डिहाइड्रेशन, बुखार, मल में खून आना मौके पर सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार, एसीएमओ डॉ रमेश चंद्रा, डीआईओ अवधेश कुमार, डीसीएम राजेश कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदा।

# 28 जुलाई को आयोजित होगी एक दिवसीय रैपिड ओपन शतरंज प्रतियोगिता



प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया। नगर के बाजार समिति स्थित होटल पार्थ बेतिया मे एक दिवसीय बनारस बाबू मेमोरियल सतरंज प्रतियोगिता का आयोजन चित्रांश खेल एवम सांस्कृतिक मंच द्वारा चम्पारण चेस अकादमी के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है ।इस प्रतियोगिता में 24 खिलाड़ियों के बीच 5 चक्रो मे खेली जाने वाले इस प्रतियोगिता मे मुजफ्फरपुर से 8 पूर्वी चम्पारण से 8 एवम पश्चिमी चम्पारण से 8 खिलाडी भाग लेंगे। प्रतियोगिता मे 7 अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त खिलाडी भी भाग ले रहें हैं। सुभाष चंद्र सिन्हा 2065 को प्रथम, रामचरण 1828को द्वितीय, अभिषेक सोनू 1768 को तृतीय, वरीयता प्रदान किया गया है ।भाग लेने वाले अन्य खिलाड़ियों मे मनीष कुमार 1714 शुभम कुमार सिंह 1680 राजीव रंजन 1595 सभी मुजफ्फरपुर से हैं । शाहिद हुसैन 1450, कुमार कृषभ, प्रबल सिंह, प्रवीण तिवारी राधा कृष्ण, शिवांश वर्णनवाल स्वरित राज सभी पश्चिम चम्पारण ज़िले से हैं। दीपक कश्यप, संजय मिश्रा, मुकेश कुमार सिन्हा, एफ एच सिद्दीकी, अक्षय आनंद पूर्वी चम्पारण सम्मिलित हैं. पांच चक्रो मे खेले जाने वाले इस प्रतियोगिता के प्रथम चक्र की बाजी 28 जुलाई को सुबह 9 बजे से खेली जाएगी।

# भारत के छात्रों एवम युवाओं का सुनहरा भविष्य लिखने का कार्य करेगा यह बजट : रौशन कुमार गुप्ता

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया( कुमार अभिजितम ) ।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र शक्ति के उत्तर बिहार प्रांत के प्रांत संयोजक एवम महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोधार्थी रौशन कुमार गुप्ता ने संसद में पेश हुए बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट भारत के छात्रों एवम युवाओं का सुनहरा भविष्य लिखने का कार्य करेगा ।इस बजट में समाज के सभी वर्गो के विकाश के लिए योजना बनाई गई हैं ।रौशन ने आगे कहा की कौशल विकास क्षेत्र के लिए वित्त मंत्री द्वारा घोषित उपायों में 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों ( आईटीआई ) को ह्यहब और स्पोक मॉडलह्न में उन्नत करना, पाठ्यक्रम सामग्री को उद्योगों की कौशल आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना और मॉडल कौशल ऋण योजना में संशोधन करना शामिल है ।उन्होंने यह भी कहा, ह्यह्यसरकार की योजनाओं और नीतियों के तहत किसी भी लाभ के लिए पात्र नहीं रहे हमारे युवाओं की मदद के लिए सरकार घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के लोन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। इस उद्देश्य के लिए ई-वाउचर हर साल एक लाख छात्रों को सीधे दिए जाएंगे, जिसमें ऋण राशि का तीन प्रतिशत ब्याज अनुदान होगा ।ह्न्ह्न केंद्रीय बजट 2024-25 में शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

# कटिहार - अमृतसर - कटिहार ग्रीष्म कालीन ट्रेन का संचलन 25

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।: रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 05734/05733 कटिहार-अमृतसर-कटिहार ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन कटिहार से 25 जुलाई से 15 अगस्त, 2024 दिन प्रत्येक वृहस्पतिवार को तथा अमृतसर से 27 जुलाई से 17 अगस्त, दिन प्रत्येक शनिवार को 04 फेरों के लिये किया जायेगा । 05734 कटिहार-अमृतसर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी कटिहार से 25 जुलाई से 15 अगस्त, दिन प्रत्येक वृहस्पतिवार को कटिहार से 11.40 बजे प्रस्थान कर नौगछिया से 12.27 बजे, थाना बीहपुर से 12.47 बजे, मानसी से 13.32 बजे, खगड़िया से 13.44 बजे, बेगसूराय से 14.57 बजे, बरौनी से 15.40 बजे, हाजीपुर से 17.45 बजे, सोनपुर से 17.57 बजे, छपरा से 19.55 बजे, सीवान से 20.55 बजे, देवरिया सदर से 21.47 बजे, गोरखपुर से 23.25 बजे, दूसरे दिन बस्ती से 00.25 बजे, गोण्डा से 01.30 बजे, बाराबंकी से 03.25 बजे, लखनऊ से 04.25 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 06.40 बजे, इटावा से 08.17 बजे, अलीगढ़ से 10.35 बजे, खुर्जा से 11.45 बजे, हापुड़ से 13.17 बजे, मेरठ सिटी से 14.15 बजे, मुजफ्फरनगर से 15.07 बजे, सहारनपुर से 17.25 बजे, अम्बाला कैण्ट से 19.00 बजे, लुधियाना से 21.25 बजे, जलंघर सिटी से 22.55 बजे तथा व्यास से 23.35 बजे छूटकर तीसरे दिन अमृतसर 00.10 बजे पहुंचेगी । वापसी यात्रा में 05733 अमृतसर-कटिहार 27 जुलाई से 17 अगस्त,2024 दिन प्रत्येक शनिवार को अमृतसर से 04.25 बजे प्रस्थान कर व्यास से 04.57 बजे, जलंधर सिटी से 05.35 बजे, लुधियाना से 06.40 बजे, अम्बाला कैण्ट से 08.50 बजे, सहारनपुर से 10.35 बजे, मुजफ्फरनगर से 11.25 बजे, मेरठ सिटी से 12.35 बजे, हापुड से 13.32 बजे, खुर्जा से 15.05 बजे, अलीगढ़ से 15.42 बजे, इटावा से 17.35 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 20.10 बजे पहुंचेगी।

# महापौर की सख्ती के बाद आशा नगर में रोड पर जल जमाव का ऑन स्पॉट समाधान

## आदेश के बावजूद महीनों पैमाईस लटके होने से जारी जल जमाव से लोगों को नहीं मिल पा रहा था निजात

प्रात: किरण, संवाददाता



- सांसत में पड़े लोगों से तीसरी बार शिकायत मिलने पर सख्त होकर दल बल के साथ मौके पर पहुंची महापौर
- नगर निगम अमीन की पैमाईस के बाद तत्काल कच्चा नाला चिरवा कर महापौर ने शुरू कराई जल निकासी

बेतिया( मोहन सिंह )। महापौर गरिमा देवी सिकारिया की सख्ती के बाद नगर निगम के वार्ड 40 में आशा नगर में रोड पर महीनों से जारी जल जमाव की समस्या का आखिरकार ऑन स्पॉट समाधान हो गया। सड़क पर नाला का पानी बहने से परेशानी में पड़े मुहल्लावासी लोगों से तीसरी बार शिकायत मिलने पर सख्त होकर महापौर दल बल के साथ मंगलवार को पुनः मौके पर पहुंचीं। नगर निगम के उपायुक्त गोपाल कुमार, अभियंता सुजय सुमन आदि की उपस्थिति में निगम के अमीन मुन्ना कुमार की पैमाईस के आधार पर सड़क की अतिक्रमित जमीन में महापौर श्रीमती सिकारिया ने तत्काल कच्चा नाला चिरवा कर जल निकासी को शुरू कराया। यहां उल्लेखनीय है कि लोगों की लिखित शिकायत पर महापौर के आदेश के बावजूद महीनों पैमाईस कार्य को नगर निगम प्रशासन द्वारा महीनों से लटकाए होने से जारी जल जमाव से लोगों को निजात नहीं मिल पा रहा था। महापौर ने बताया कि सड़क की जमीन के दोनों छोरों पर शीघ्र ही पक्के नाले का निर्माण कराया जाएगा।

# माँझी पुलिस ने ट्रैक्टर के तहखाने से 340 लीटर अंग्रेजी शराब किया जब्त




प्रात: किरण, संवाददाता

माँझी। यूपी की पुलिस को ठेंगा दिखाने के बाद माँझी के जयप्रभा सेतु पर तैनात उत्पाद विभाग की पुलिस को भी झाँसा देकर शराब लदे ट्रैक्टर को लेकर चालक भाग निकला। हालाँकि सूचना पाकर माँझी के थानाध्यक्ष अमित कुमार ने उसका पीछा करते हुए छपरा माँझी मुख्य मार्ग पर मझनपूरा गाँव के समीप स्थित राम जानकी मंदिर के पास से खदेड़कर पकड़ लिया। हालाँकि इस दौरान चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से भाग निकलने में सफल रहा। पुलिस द्वारा बरामद की गई बिना नम्बर की ट्रैक्टर के डाला के नीचे लोहे की प्लेट से बने विशेष तहखाने के भीतर छुपाकर रखी गई साढ़े सात सौ एमएल की 219 पीस ब्लेंडर प्राइस तथा साढ़े सात सौ एमएल की 235 पीस रॉयल स्टेज की अंग्रेजी शराब जब्त की गई। मंगलवार को कुल जब्त अंग्रेजी शराब की मात्रा लगभग 340 लीटर बताई जा रही है तथा जब्त अंग्रेजी शराब की कीमत लगभग साढ़े चार लाख रुपये आंकी जा रही है। ट्रैक्टर को जब्त करने के बाद माँझी थाना पुलिस उसके इंजन नम्बर तथा चेचिस नम्बर के सहारे ट्रैक्टर मालिक के ठिकाने तक पहुँचने का प्रयास कर रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कम्प ब्याप्त है।

# लोकप्रिय और प्रगतिवादी मोदी सरकार का बजट सबके कल्याण को सुनिश्चित करेगा: रुडी

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।। नये भारत के निर्माण में यह बजट महत्पूर्ण रूप से उत्प्रेरक है जो, अन्नदाताओं के कल्याण से लेकर उद्योगों के द्रुत विकास तक एक समान योजनागत लाभ पहुंचाने वाला है। विद्यार्थियों, महिलाओं के उत्थान, बालिकाओं के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और समग्र समृद्धि में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा। आज लोकसभा में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले आम बजट पर सारण से सांसद सह भाजप के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव प्रताप रुडी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उक्त बात कही। उन्होंने आगे कहा कि लोकप्रिय और प्रगतिवादी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला आम बजट सबके कल्याण को सुनिश्चित करेगा। बता दें कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में आज देश का आम बजट पेश किया। सांसद ने कहा कि मोदी सरकार ने बजट से यह बता दिया है कि उनका फोकस गरीब, युवा, अंत्योदय और नारी पर है। इसके अन्तर्गत युवाओं के रोजगार के लिए सरकार ने दो लाख करोड़ रुपये की 5 योजनाएं पेश की है। सारण सांसद रुडी ने बजट में बिहार के हिस्से की परियोजनाओं को बताते हुए कहा कि बजट में बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए हर एक क्षेत्र में विशेष पैकेज युक्त योजना की घोषणा की गई है जो अत्यंत प्रशंसनिय और प्रगतिवादी है। उन्होंने कहा कि नालंदा को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना, बिहार में दो नए एक्सप्रेसवे, विष्णुपद और महाबोधि मंदिर को काशी विश्वनाथ की तर्ज पर विकसित करने की योजना, 21,400 करोड़ रुपये की लागत से बिहार के पीरपैंती में 2400 मेगावाट का नया बिजली संयंत्र स्थापित करने की योजना, बक्सर में गंगा नदी पर 2 लेन पुल के लिए 26,000 करोड का आवंटन, बाढ़ के लिए बिहार को 11,500 करोड़ रुपये अलग से आवंटन, बिहार में नए एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेजों और खेलकूद की अवसंरचना का निर्माण, पूंजीगत निवेशों में सहायता के लिए अतिरिक्त आवंटन उपलब्ध कराने की व्यवस्था के साथ ही राजगीर के तीर्थ क्षेत्रों के विकास की योजना बिहार के विकास के लिए वरदान साबित होंगी। सारण सांसद ने कहा कि ये योजनाएं देश की माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली लोकप्रिय और प्रगतिवादी सरकार की बिहार के विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# सर्व जन हिताय, सर्व जन सुखाय को ध्यान में रखकर बजट पेश किया गया है : श्याम बिहारी

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय।भाजपा मीडिया प्रभारी श्याम बिहारी अग्रवाल ने आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोकसभा में पेश हुआ बजट आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की आकांक्षाओं, अभिलाषाओं की मजबूत नींव है। यह बजट असीमित संभावनाओं को समेटकर बनाया गया है। श्याम बिहारी अग्रवाल ने बताया बजट में समाज के हर वर्ग का हित निहित है। इसमें भारत की कार्ययोजना से लेकर देश के चहुंमुखी विकास का खाका खींचा गया है। मुद्रालोन की लिमीट 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख की गई जो स्वागतयोग्य है। बिहार को एक्सप्रेस-वे के लिए 26 हजार करोड़ का प्रावधान बिहारवासियों का सम्मान हैं। अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। इस बार बजट में बिहार का विशेष ध्यान रखा गया है। बजट में देशवासियों को अभूतपूर्व सौगातें देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति हार्दिक अभिनंदन किया है।

# विशेष ट्रेन का संचलन 28 से

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय ।रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 09041/09042 उधना-छपरा-उधना अनारक्षित साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन उधना से 28 जुलाई तथा 04, 11, 18 एवं 25 अगस्त,2024 दिन प्रत्येक रविवार को एवं छपरा से 22, 29 जुलाई तथा 05, 12, 19 एवं 26 अगस्त दिन प्रत्येक सोमवार को निम्नवत किया जायेगा। फलस्वरूप 09041 उधना-छपरा अनारक्षित साप्ताहिक विशेष गाड़ी 28 जुलाई तथा 04, 11, 18 एवं 25 अगस्त,2024 दिन प्रत्येक रविवार को उधना से 11.15 बजे प्रस्थान कर चलथान से 11.34 बजे, बारडोली से 11.55 बजे, नंदुरबार से 13.50 बजे, अमलनेर से 15.12 बजे, भुसावल से 16.45 बजे, खंडवा से 18.50 बजे, इटारसी से 21.30 बजे, दूसरे दिन जबलपुर से 01.20 बजे, कटनी से 02.50 बजे, सतना से 04.30 बजे, मानिकपुर से 05.50 बजे, प्रयागराज छिवकी से 07.40 बजे, वाराणसी जं. से 12.40 बजे, जौनपुर से 14.42 बजे, गाजीपुर सिटी से 16.35 बजे तथा बलिया से 17.32 बजे छूटकर छपरा 19.00 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 09042 छपरा-उधना अनारक्षित साप्ताहिक विशेष गाड़ी 22, 29 जुलाई तथा 05, 12, 19 एवं 26 अगस्त,2024 दिन प्रत्येक सोमवार को छपरा से 23.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन बलिया से 00.32 बजे, गाजीपुर सिटी से 01.35 बजे, जौनपुर से 03.12 बजे, वाराणसी जं. से 05.25 बजे, प्रयागराज छिवकी से 10.25 बजे, मानिकपुर से 12.00 बजे, सतना से 13.20 बजे, कटनी से 14.55 बजे, जबलपुर से 16.35 बजे, इटारसी से 20.10 बजे, खंडवा से 23.35 बजे, तीसरे दिन भुसावल से 01.45 बजे, अमलनेर से 03.17 बजे, नंदुरबार से 04.30 बजे, बारडोली से 05.57 बजे तथा चलथान से 06.17 बजे छूटकर उधना 06.45 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी के 16, साधारण द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान के 02 एवं एस.एल.आर/डी. के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय जनता युवा मोर्चा का किया गया बैठक

आरा। भारतीय जनता युवा मोर्चा का बैठक जिला अध्यक्ष विशुद्ध बिभु जैन के नेतृत्व किया गया बैठक जिसका अध्यक्षता नगर अध्यक्ष बलजीत सिंह के द्वारा किया गया इस बैठक में पार्टी द्वारा आगमी 25/7/2024 को। कारगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा शहीद के परिवार का सम्मान समारोह , तिरंगा यात्रा सह मसाल जुलूस के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है मठिया मंदिर में सम्मान समारोह संध्या 4:00 बजे से होगा तथा उसके तत्काल बाद तिरंगा यात्रा सब मसाल जुलूस निकलेगा एवं 25 घंटे का शहीद के स्मारक पर अखंड दीपक प्रज्वलित किया जाएगा इस बैठक में जिले के इस कार्यक्रम के प्रभारी रविशंकर सिंह दीपक, महामंत्री राहुल सिंह, नितेश दूबे, सौरभ सिंह, सोशल मीडिया संयोजक प्रतीक सिंह चंद्रवंशी ,र और धन्यवाद ज्ञापन ग्रामीण अध्यक्ष सोनू सिंह के द्वारा किया गया।

### विद्यालय में मनाया गया चंद्रशेखर आजाद की जयंती

आदापुर। प्रखंड के नकरदेई पंचायत स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसतपुर में मंगलवार को चंद्रशेखर आजाद एवं लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरीय शिक्षक मोहम्मद नुरूल होदा ने की। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के प्रधान शिक्षक मनोज कुमार के द्वारा दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पार्चन से हुआ। उसके बाद वरीय शिक्षक मोहम्मद नुरूल होदा ने चंद्रशेखर आजाद के जीवन से जुड़ी घटनाओं एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान की जानकारी बच्चों को दी । विद्यालय के शिक्षक जितेन्द्र ठाकुर ने बाल गंगाधर तिलक के जीवन पर प्रकाश डाला एवं उनके द्वारा किए गए कार्यो की जानकारी बच्चों को दी। फिर विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं छात्र - छात्राओं ने दोनों वीर सपूतों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बच्चों ने देशभक्ति गीत गाए और देश भक्ति नारे बुलंद किए। मौके पर प्रधान शिक्षक मनोज कुमार, दानिश अहमद के साथ - साथ विशाल कुमार, पप्पू कुमार, संजीत कुमार, मो. आदिल , गुड़िया कुमारी, नीतू कुमारी, निरपी कुमारी, प्रिया कुमारी सहित सभी छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

### नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी का अंग वस्त्र से स्वागत : प्रकाश पटवा

गया ।मानपुर प्रखंड विकास अधिकारी वेद प्रकाश को गया जिला अध्यक्ष जदयू व्यवसायिक एवम उद्योग प्रकोष्ठ सह पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष मानपुर प्रकाश राम पटवा के द्वारा बुनकरों द्वारा निर्मित अंग वर्ष से स्वागत ,अभिनंदन ,गर्म जोशी से किया गया है । इस मौके पर भाजपा बुनकर संयोजक दुखन पटवा इत्यादि मौजूद रहे हैं। प्रकाश राम पटवा ने नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी को समरसता के साथ स्वार्गिन भेदभाव रहित विकास का सुझाव दिया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी वेद प्रकाश ने कहा सरकार की योजनाओं का लाभ तीव्र गति से सभी पंचायत में होगा तथा वृद्धा पेंशन योजना का लाभ 60 साल से अधिक आयु के सभी वर्ग धर्म के महिला पुरुष सभी को मिलेगा, वशर्तें जो इसके पात्र होंगे।

### विष्णुपद मंदिर ,महाबोधि काशी कॉरिडोर की तरह से निर्माण पर,जीतन राम मांझी ने जताया प्रधानमंत्री का आभार

गया ।काशी कॉरिडोर की तर्ज पर होगा बोधगया सर्किट का निर्माण विष्णु पद मंदिर ,महाबोधि मंदिर के साथ-साथ राजगीर भी जुटेगा पर्यटन कॉरिडोर के साथ। हम पार्टी के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और लघु सिंचाई मंत्री संतोष मांझी ने लगातार बिहार के साथ मगध के विकास पर विशेष जोर दिया है पर्यटन के दृष्टिकोण से विष्णु पर मंदिर काफी पौराणिक व महत्वपूर्ण है।बौद्ध धर्म के दृष्टिकोण से महाबोधि मंदिर विश्व प्रसिद्ध है उसके साथ हैं राजगीर को भी पर्यटन कॉरिडोर से जोड़ा गया है यह पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है हमारे नेता जीतन राम मांझी और संतोष मांझी ने लगातार इस मांग को उठाया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित करने का काम किया है।आज बजट में पर्यटन कॉरिडोर के स्वीकृति कर बिहार को उपहार दिया है ।इसके अलावा गया मैं औद्योगिक हब बनाने का प्रस्ताव, पटना -पुर्णिया एक्सप्रेस वे, बक्सर भागलपुर राजमार्ग, बक्सर के गंगा नदी पर दो पुल, बोधगया, राजगीर, वैशाली, और दरभंगा में सड़को के काम में तेजी लाइ जाएगी,बाढ त्रासदी के लिए कोसी क्षेत्र को आर्थिक मदत, इसके अलावा आम आदमी के लिए बैक ऋण लेना होगा आसान, मुद्रा लोन की सीमा दस लाख से बढ़ाकर बिस लाख कि गयी है,खरीदारो को ट्रेडस प्लेटफार्म पर अनिवार्य रूप से शामिल करने के लिए कारोबार की सीमा पांच सौ करोड़ घटाकर अढाई सौ करोड़ किया गया।

# बड़हरा विधायक ने कटाव रोधी कार्य को जल्द पूरा करने का पदाधिकारियों को दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



आरा/बड़हरा के विधायक पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह सोमवार को बाढ़ नियंत्रण पदाधिकारियों के साथ बड़हरा विधानसभा के सलेमपुर,मणी राय के टोला,अचरज लाल के टोला,सोहरा,हेतमपुर,मौजमपुर, महुलीघाट आदि गंगा किनारे कटाव क्षेत्रो का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान गंगा नदी किनारे के गाँवो मे हो रहे कटाव को रोकने के लिए बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा किए जा रहे कटाव रोधी कार्यो को निरीक्षण करते हुए उपस्थित संवंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता सहित पदाधिकारियों और संवेदको को कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिए। बड़हरा विधायक ने कहा कि बड़हरा विधानसभा का क्षेत्र बाढ और कटाव वाला क्षेत्र है। गंगा नदी किनारे के गाँवो मे पानी बढने के कारण हर वर्ष बाढ आने की संभावना बनी रहती है,जिससे जान-माल का हानी होता है। गंगा नदी किनारे के बहुत से गाँवो मे गंगा कटाव भी होता है,जिससे गाँव समाप्त होने के कगार पर रहता है। कटाव से गाँवो को बचाने के लिए बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा कटाव रोधी कार्य किए जा रहे है,जिसे जल्द पूरा करने का आश्वासन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा मिला है मै हमेशा उन गाँवो का भ्रमण कर कटाव रोधी कार्यो का निरीक्षण करता रहता हूँ।

निरीक्षण कार्यक्रम मे विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, भाजपा सलेमपुर मंडल अध्यक्ष धनंजय तिवारी, रामाधार पांडूय,श्रीनिवास पांडेय,मनोज सिंह-,बबलू सिंह,शशी सिंह,विकास यादव,विश्नु साह,उमेश यादव,पप्पु सिंह,बिरबल ठाकुर,मुन्ना सिंह,जितेन्द्र सिंह,दीपक दूबे सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।

## सेमरियां में महादेव लाइब्रेरी का शुभारंभ पूर्व जिला परिषद ने किया

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। बड़हरा एकवना रोड में केशोपुर पुल के समीप सेमरियां में महादेव लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। लाइब्रेरी का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष हाकीम प्रसाद, युवा राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला पार्षद धनंजय कुमार सिंह, युवा राजद के कोषाध्यक्ष सोनू राय, पूर्व जिला पार्षद उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने फीता काटकर किया। जहां महादेव लाइब्रेरी के संचालक दीपक कुमार व नवीन कुमार के द्वारा आगंतुक अतिथियों को अंग वस्त्र व फूल माला से स्वागत किया गया। पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष हकीम प्रसाद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में लाइब्रेरी खुलने से छात्र-छात्राओं को अध्ययन में सुविधा मिलेगी। पढ़ाई के लिए बच्चों को शहर की ओर जाना पड़ता था लेकिन बड़हरा क्षेत्र में इस तरह की लाइब्रेरी खुलने से शिक्षा को बढ़ावा देने में यह पहल स्वागत योग्य है।

इस तरह की लाइब्रेरी खुलने से छात्र-छात्राओं को एक उचित स्थान उपलब्ध होता है जहां वह शांत माहौल में पढ़ाई कर सकते हैं। वहीं युवा राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला पार्षद धनंजय कुमार ने कहा कि जो युवा पीढ़ी पढ़ाई में रुचि रखते हैं उनके लिए लाइब्रेरी एक उचित स्थान रहता है। हर गांव और शहर में इस तरह की लाइब्रेरी होनी चाहिए ताकि युवाओं को चीजों का सही ज्ञान हो सके और उन्हें पढ़ाई के लिए एक उचित माहौल और स्थान मिल सके। यहां पर कई तरह की किताबें भी उपलब्ध हैं जिसे बच्चे आसानी से अध्ययन कर सकते हैं और कई तरह की प्रतियोगिताओं की तैयारी भी कर सकते हैं। वही युवा राजद के कोषाध्यक्ष सोनू राय ने कहा कि इन लाइब्रेरी में पढ़कर युवा नौकरी के लिए तैयारी करते हैं और बहुत से युवा प्रतिभागी परीक्षाओं में सफल भी होते हैं। लाइब्रेरी छात्र-छात्राओं को ज्ञान अर्जित करने के लिए एक उत्तम स्थान होता है। वहीं पूर्व जिला पार्षद शैलेंद्र कुमार ने महादेव लाइब्रेरी के संचालक दीपक कुमार व नवीन कुमार की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण इलाके में लाइब्रेरी खोलना बहुत ही सराहनीय कार्य है। जहां बच्चे पढ़ने के लिए शहर की तरफ भागते थे अब उन्हें वह हर सुविधा ग्रामीण इलाके में ही मिलने लगी है। जहां वह पढ़ कर ज्ञान के साथ-साथ रोजगार की तरफ भी अग्रसर हो रहे हैं। डिजिटल लाइब्रेरी के खुलने से बच्चों को एक छत के नीचे वह उचित माहौल मिल पाता है जिससे वह अपने लक्ष्य को साधने की तैयारी में लगते हैं और वह सफल होते हैं।

## योजनाओं में विलम्ब और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : उप विकास आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। उप विकास आयुक्त भोजपुर की अध्यक्षता में मनरेगा के कार्य योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई इस समीक्षा बैठक में जिले से मुख्य रूप से निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण भोजपुर ,शालिनी प्रज्ञा सहायक परियोजना अधिकारी ,डीआरडीए, कुमार राकेश रंजन कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा , कार्यपालक अभियंता संजय कुमार मनरेगा भोजपुर, एवं जिले के सभी प्रखंडों के मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा , कनीय अभियंता ,प्रखंड तकनीकी सहायक पंचायत रोजगार सेवक उपस्थित रहे । उप विकास आयुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी पंचायत में कम से कम 50 मानव दिवस का सृजन करना सुनिश्चित करें। पिछले 5 वर्षो की सभी ऑनगोइंग वृक्षारोपण में शतप्रतिशत एम आर निर्गत किया जाए। वित्तीय वर्ष 2024 25 में लिए नए पौधारोपण की योजनाओं का 40% ओंगोइंग अगले दो दिनों में करना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक प्रखंडों में एक खेल का मैदान चयनित कर प्राक्कलन अगले चार दिनों में जिले को उपलब्ध कराए। जिले के प्रत्येक प्रखंडों में एक ग्रामीण है का स्थल चयनित कर दिनांक 26.7.2024 तक सूची जिले को उपलब्ध कराएंगे । उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी कार्यक्रम पदाधिकारी एवं कन्या अभियंता एरिया ऑफिसर को निरीक्षण माह के प्रथम सप्ताह में मासिक लक्ष्य के साथ प्रतिशत करना सुनिश्चित करेंगे । जिले के सभी विद्यालयों में मनरेगा के तहत पेड़ लगाने की योजना बनाकर यथा शीघ्र अमल करने का कार्य करेंगे।

## शराब को लेकर छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग की टीम पर शराब माफियाओं ने किया हमला

प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास (बिहार)। रोहतास जिले के सासाराम मुफस्सिल थानाक्षेत्र के तारगंज में शराब बेचने की सूचना पर छापामारी करने गई उत्पाद विभाग की पुलिस पर शराब माफियाओं ने हमला कर दिया तथा जमकर फायरिंग भी की। इस फायरिंग में उत्पाद विभाग के सिपाही गोविंद कुमार को गोली लग गई है। गोली लगने के बाद उसे इलाज के लिए सासाराम के सदर अस्पताल लाया गया है। डॉक्टर का कहना है की गोली सिपाही के बाएं कंधे में फंसा हुआ है। जिसे इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया घटना के बारे में बताया जाता है कि उत्पाद विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि मुफस्सिल थानाक्षेत्र के तारगंज में कुछ लोग शराब बेचने और खरीदने का काम कर रहे हैं। इसी सूचना पर जब टीम वहाँ पहुंची तो शराब बेचने वाले लोग एकजुट हो गए और पुलिस के साथ बदसलूकी करने लगे। जब उत्पाद विभाग की टीम सख्ती दिखाने की कोशिश की तो ताबड़तोड़ फायरिंग किया जाने लगा। जिसमें गोली लगने से उत्पाद विभाग के एक जवान घायल हो गया है। बता दे कि जिले में पुलिस पर हमले की लगातार वारदात सामने आ रही है।

## छात्र-छात्राओं द्वारा जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज में किया गया वृक्षारोपण समारोह

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। स्थानीय ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा वृहत वृक्षारोपण समारोह जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज में किया गया है। मुख्य अतिथि स्वरूप पधारे गया शिक्षक क्षेत्र के पार्षद श्री जीवन कुमार ने विद्यालय एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बढ़ती जलवायु परिर्तवन को देखते हुए प्रकृति की रक्षा करना अति आवश्यक है। श्री जीवन ने हाल ही में कोरोना संक्रमण काल में ऑक्सीजन के महत्व की याद दिलाते हुए कहा कि जीवन चलाने के लिए आवश्यक ऑक्सीजन सबसे महत्वपूर्ण है। संक्रमण काल में हमने देखा है कि ऑक्सीजन की कितनी आवश्यकता होती है। प्रकृति ने हमें मुफ्त ऑक्सीजन उपलब्ध कराया है। हमारा भी कर्तव्य बनता है कि अपने और पूरे विश्व के कल्याण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगायें। उन्होंने बताया कि वर्तमान जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण पाने के उद्देश्य से देशव्यापी ह्यएक पेड़ माँ के नामह्र मुहिम चल रही है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक भारतवासी से एक पेड़ लगाने की अपील की गई है। आज ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय एवं जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज द्वारा 500 वृक्षों का वृक्षारोपण किया जाना प्रकृति की रक्षा में श्रेयस्कर भागीदारी है।

हेल्थ एण्ड एजुकेशनल सोसायटी के सचिव डॉ. आदित्य बिजय जैन ने बताया कि सोसायटी के अन्तर्गत संचालित ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय एवं जिनवाणी मैनेजेमेन्ट कॉलेज परिवार का पर्यावरण संरक्षण में सदैव अग्रणी भूमिका रहती है। सचिव ने बताया कि पूर्व में भी कॉलेज एवं विद्यालय के परिसर में 1 हजार से अधिक पेड़ लगाये जा चुके हैं। कॉलेज परिसर में आगमी वर्षो में 5000 पेड़ लगाकर इस क्षेत्र को हरा-भरा करने का लक्ष्य है। आज यहां महोगनी, पीपल, पाकड़, नीम, शीशम, आम, जामुन आदि जैसे वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया है।

ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सीपी जैन ने विद्यालय और कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए जीवन में पेड़ों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्राचार्या ने बताया कि आधुनिकिकरण के विकास के लिए पेड़ों की संख्या कम होना एक चिंतनीय विषय है। हमें अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। यदि प्रत्येक नागरिक एक पेड़ लगाता है तो हम प्रकृति की रक्षा में एक अच्छी भागीदारी निभा सकेंगे। प्राचार्या ने बताया कि विद्यालय के छात्र-छात्रा अपने हाथों से वृक्षारोपण करके अत्यधिक आनंदित हैं साथ ही उत्साहित भी हैं। कई छात्रों ने भविष्य में भी अपने द्वारा वृक्षारोपण अवश्य करने की इच्छा जतायी है।

सिद्ध बिजय जैन ने बताया कि जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज के एमबीए, बीबीए, बीसीए के छात्र-छात्राओं ने आज के इस कार्यक्रम के लिए अत्यधिक उत्साह के साथ तैयारियां कराई हैं। इन्होंने जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए इसे नियंत्रित करने में अपना योगदान देने का बीड़ा उठाया है। आज की युवा पीढ़ी के मन में ऐसी भावना जागृत होना एक अति महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम है।

## सभापति के रूप में अवधेश नारायण सिंह हुए निर्वाचित, पूरे भोजपुर में खुशी की लहर दौड़ पड़ी



आरा। निर्विरोध पूर्णकालिक सभापति बिहार विधान परिषद चुने गए अवधेश नारायण सिंह भोजपुर जिले में जैसे ही सभापति के रूप में अवधेश नारायण सिंह निर्वाचित हुए पूरे भोजपुर में खुशी की लहर दौड़ पड़ी ' श्री सिंह पहले राज्यपाल महोदय के मनोनियां से कार्यकारी सभापति बने थे माननीय अवधेश नारायण सिंह जी के प्रस्ताव के रूप में विपक्ष की नेता राबड़ी देवी जी रही निर्विरोध चुना जाना यह बहुत बड़ी खुशी की बात है। भोजपुर वासियों के लिए' श्री सिंह को राजनीति का आजाद शत्रु भी कहा जाता है' सभापति बनने पर भोजपुर के लोगों ने खुशी जाहिर की है बिहार के मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री नीतीश कुमार सम्राट चौधरी विजय सिन्हा जी को भी बहुत-बहुत बधाई दिया है' बधाई देने वालों में भाजपा नेता विजय कुमार सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष अंगद सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गा राज महामंत्री राकेश सिंह नरेंद्र तिवारी पूनम कुशवाहा अखिलानंद ओझा मीरा यादव कौशल यादव शंभू चौरसिया अरविंद पांडे सतीश भट्ट संतोष सिंह ऋतुराज आनंद गोपाल पंडित विनय सिंह दया निधि सिंह भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश सिंह अजीत कुमार गुप्ता आदि नेताओं ने बधाई दिया है।

## बाबा गणिनाथ जी के जयंती समारोह को लेकर किया गया बैठक का आयोजन

आरा। अखिल भारतीय मद्धेशिया कानू वैश्य सभा नगर शाखा आरा की एक बैठक हरखेंन धर्मशाला चौक आरा के सभागार में परमेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में हुई बैठक का संचालन बिहार प्रदेश महामंत्री श्री रुपेश कुमार ने किया बैठक का मुख्य उद्देश्य आरा नगर शाखा से अलग स्थान पर हो रही बाबा गणिनाथ जी के जयंती समारोह को एक ही स्थान पर नगर शाखा के तत्वाधान में 31 अगस्त दिन शनिवार को हरखेन धर्मशाला चौक आरा में मनाने का निर्णय सर्व सम्मति से लिया गया जिसमें सहयोग में समाज के युवा नेता समाजसेवी श्री कन्हैया प्रसाद जी ने समाज के एकीकरण और बाबा के जयंती समारोह के लिए अपना धर्मशाला और सारी व्यवस्थाएं प्रदान करने की घोषणा की।

## भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक राम ने बताया कि बिहार को झुनझुना दिया सरकार ने

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष अशोक राम व वरीय कांग्रेस नेता डॉ.अमित कुमार द्विवेदी ने बजट पर सयुक्त प्रतिक्रिया देते बताया कि केंद्र सरकार द्वारा सदन में पेश किया गया आज का बजट पूरी तरह छात्र, नौजवान, गरीब और किसान विरोधी बजट है। बजट में महंगाई कैसे नियंत्रित होगी इस पर कुछ भी स्पष्ट नही है। छात्रों के लिए इस बजट में कुछ भी खास नही है। रोजगार सृजन पर भी सरकार की कोई ठोस कार्य योजना नही दिख रही है। किसान भी इस बजट से पूरी तरह निराश और हताश हैं। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा न देकर इस बजट में बिहार को सिर्फ लाली-पॉप दिया गया है। इस बजट में सूबे के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को बड़े ही चतुराई के साथ झुनझुना थमाया गया है। पिछले बजट में भी बिहार को जो पैकेज मिला था वो आजतक धरातल पर नही उतरा है, और यह भी बजट आने वाले समय मे जुमला साबित होगा।

ऐसा लगता है कि यह बजट आमजनों के हित के बजाय मोदी जी के कुछ खास कारबारियों को ध्यान के रख कर बनाया गया बजट है। यह बजट मात्र और मात्र कुर्शी बचाओं बजट है।

### बोधगया से वैशाली तक एक्सप्रेस वे का बजट में लाना गया जिला भाजपा एवं आमजन में खुशी की लहर

गया ।दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के मंदिर में आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने नरेंद्र मोदी के तृतीय काल में सातवीं बार बजट पेश किया है ।अपने बजट भाषण में देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनावों में जो वादा किए थे उसी के तहत बजट पेश किया गया है जिसका गया जिला भाजपा स्वागत करते हुए जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह ने कहा कि अपने बजट भाषण में गया जिला के जन जन के आवाज को नरेंद्र दामोदर दास मोदी के द्वारा विष्णुपद और बोधगया को काशी विश्वनाथ के तर्ज पर कोरिडोर बनाने और बोधगया से वैशाली तक एक्सप्रेस वे का बजट में लाना गया जिला भाजपा कार्यकताओं सहित आम जनों की आवाज को प्रधानमंत्री ने स्वीकार कर गया जी को मोदी के 3.0 कार्यकाल के प्रथम बजट में जैसे ही बोधगया और विष्णुपद की बजट भाषण पढ़ा गया।

## खरवा मुशहर टोला से जिला स्तरीय 'स्टॉप डायरिया' अभियान की हुई शुरूआत



मोतिहारी। जिले के बंजरिया प्रखंड स्थित खरवा मुसहर टोली में 'स्टॉप डायरिया अभियान-2024' का शुभारंभ किया गया। डायरिया से होने वाली मृत्यु को शून्य तक लाने के उद्देश्य पर बल देने के लिए इस महत्वपूर्ण अभियान को 22 सितंबर तक चलाया जाएगा ये बातें कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिले के सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिंह ने कहीं। उन्होंने बताया की भारत सरकार के निदेर्शानुसार, इस वर्ष इस अभियान को एक पखवाड़े से विस्तारित करते हुए 2 माह तक चलाने का निर्णय लिया गया है जिसके तहत डायरिया से बचाव, उसकी रोकथाम एवं उपचार हेतु संस्थान एवं समुदाय स्तर पर जनजागरूकता से संबंधित कई अहम गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के वृहत आयामों को ध्यान में रखते हुए 2 माह तक स्वास्थ्य विभाग सहित, 6 महत्वपूर्ण सरकारी विभाग समन्वित एवं सक्रिय भूमिका निभाएँगे ।इस अवसर पर उपस्थित स्कुल के बच्चे व जनसमूह को बताया गया कि यह अभियान हमारे बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि आज भी डायरिया बाल मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है।

एक अनुमान के अनुसार राज्य में प्रति वर्ष लगभग 27 लाख बच्चे डायरिया से पीड़ित होते हैं जिनमें से कईयों की जान चली जाती है,, डायरिया एक आसानी से ठीक होने वाली बीमारी है लेकिन इसके लिए इसका ससमय पहचान, रेफरल एवं उपचार आवश्यक है। डॉ. शरत चंद्र शर्मा जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी 'स्टॉप डायरिया अभियान' ने कहा कि डायरिया एक संक्रामक बीमारी है जो सामान्यतः जीवाणु या विषाणु के कारण होता है।

यह बीमारी तब फैलती है जब कोई स्वस्थ व्यक्ति गंदे हाथों से भोजन करता है या संक्रमित व्यक्ति के मल में मौजूद रोगाणुओं से दूषित पानी या खाद्य पदार्थो का सेवन करता है। इसीलिए डायरिया के प्रसार को रोकने के लिए हमें खुले में शौच से परहेज एवं शौच के बाद व खाने से पहले अपने हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोना बहुत आवश्यक है। साथ ही हमें दूषित पेयजल एवं खाद्य पदार्थो के सेवन से भी परहेज करना चाहिए।

इस अवसर पर बताया गया कि अभियान के अंतर्गत, राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में जिंक-ओ.आर.एस. कॉर्नर की स्थापना की जाएगी जहां प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी उपलब्ध रहेंगे। आशा कार्यकताओं के द्वारा 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों वाले सभी परिवारों के घर ओ.आर.एस. के पैकेट वितरित किए जाएंगे ।डीसीएम नंदन झा, यूनिसेफ के धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि डायरिया पर नियंत्रण के लिए 6 माह तक शिशु को केवल स्तनपान, पर्याप्त पूरक आहार और विटामिन- ए देने की आवश्यकता है। उन्होंने रोटा वायरस के टीकाकरण को भी महत्वपूर्ण बताया। एसीएमओ डॉ श्रवण कुमार पासवान ने कहा की बाढ़ प्रभावित स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतनी जरूरी है। यदि बच्चे को डायरिया हो जाए तो जिंक-ओ.आर.एस. का प्रयोग असरकारी होता है। डायरिया के गंभीर मामलों के अस्पताल में उपचार की भी विशेष व्यवस्था होती है जहाँ इसके लिए विशेष वार्ड बनाए गए हैं।

## एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए गया कॉलेज गया में रेड रन प्रतियोगिता- 2024 का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो डॉ सतीश सिंह चंद्र और राष्ट्रीय सेवा योजना, मगध विश्वविद्यालय के समन्वयक प्रो डॉ ब्रजेश कुमार राय की गरिमामयी उपस्थिति में प्रारंभ हुआ है। प्राचार्य सतीश सिंह चंद्र ने रेड रन प्रतियोगिता के महत्व को बदलते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य एड्स जैसी घातक बीमारी को अपने शहर गया से पूरी तरह समाप्त कर देना है क्योंकि गया सबसे ज्यादा एड्स प्रभावित 22 जिलों में बना हुआ है ।एड्स जैसी ला इलाज बीमारी की वजह से बहुत सारे परिवार पीड़ित हैं उनको उस पीड़ा से मुक्त कराना तथा समाज में उनके प्रति अच्छा बर्ताव किये जाने के लिए जागरूक करना है। कार्यक्रम पधाधिकारी राजेश कुमार मिश्र ने कहा की जानकारी के अभाव में युवक- युवति एवं अन्य लोग इसकी चपेट में आ जाते हैं ,इसलिए जागरूकता फैलाकर इसका उन्मूलन करना है। इस कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग मैराथन आयोजित किया गया। 5 किलोमीटर की प्रतियोगिता पुरुष वर्ग के लिए तथा 3 किलोमीटर की प्रतियोगिता महिला वर्ग के लिए आयोजित की गई है। इसमें पुरुष एवं महिला वर्ग में प्रथम पांच स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को जिला स्तर पर आयोजित होने वाली रेड रन मैराथन प्रतियोगिता के लिए चयनित कर लिया गया है। पुरुष वर्ग में अमर कुमार ने प्रथम स्थान, कुणाल आर्य ने द्वितीय स्थान, अभिषेक कुमार ने तृतीय स्थान, मानव कुमार ने चतुर्थ स्थान और मोहम्मद राशिद रजा ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। जबकि महिला वर्ग से रुपाली कुमारी ने प्रथम स्थान ,मधु कुमारी ने द्वितीय स्थान , रेवी कुमारी ने तृतीय स्थान ,नंदनी कुमारी ने चतुर्थ स्थान और स्मृति कुमारी ने पांचवा स्थान प्राप्त किया है। सफल प्रतिभागियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रांच मेजर मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया और भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया है। इस कार्यक्रम को करने में स्वयंसेवकों और शिक्षकों की पूरी टीम कार्य कर रही थी जिसकी वजह से कार्यक्रम सफल हुआ है। इस कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों में डॉ रामदेव प्रसाद चीफ प्रॉक्टर, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ अमित कुमार, अमरजीत सिंह सोनू मौजूद थे जबकि स्पोर्ट की तरफ से अंजनी कुमार, आरभ और विशाल कुमार ने निर्णायक मंडल के रूप में सहयोग प्रदान किया गया है। मैराथन के पश्चात एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया है जिसमें डॉ धर्मेंद्र कुमार के द्वारा एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए अपनाए जाने वाले तरीकों और उनके प्रयोग पर प्रकाश डाला गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो ब्रजेश कुमार राय ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रधानाचार्य प्रो सतीश सिंह चंद्र को बधाई और शुभकामनाएं दी और सफल छात्र छात्राओं को आगे की प्रतियोगिताओं में सफल होने के लिए बधाई दी है । इस जानकारी साझा करते हुए जनसंपर्क पधाधिकारी डा धनंजय धीरज ने बताया की एड्स एक वैश्विक चुनौति है इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्वयंसेवकों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही जिसमें आर्यन कुमार, वैष्णवी , रौशनी कुमारी प्रमुख थी।

### विपक्ष बाउंड्री से बाहर ,पूरा मगध झूम रहा है मोदी - मांझी बोल रहा है : गोपाल पटवा

गया। बिहार को केंद्रीय बजट में मिला शानदार सौगात , एनडीए 3 के बजट में काशी कॉरिडोर के तर्ज पर भगवान विष्णु व महाबोधि मंदिर कॉरिडोर निर्माण कराए जाने की स्वीकृति को लेकर गया वाशियों में खुशी का माहौल है। गोपाल प्रसाद पटवा अध्यक्ष बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि गया वासियों के लिए आज ऐतिहासिक दिन है मोदी सरकार ने गया को दिया अब तक का सबसे नायाब और बेहतरीन तोहफा इसकी जितनी भी तारीफ की जाए कम है जीतन राम मांझी केंद्रीय कैबिनेट मंत्री सह गया संसद का प्रयास रंग लाया है। इनके सराहनीय प्रयास को मिली सफलता। इस मांग को लेकर सभी का प्रयास सार्थक हुआ है। आने वाला समय में गया में विकास की गंगा बहेगी और गया वासी और पूरे बिहार सहित भारत और भारत से बाहर के लोग इसमें डुबकी लगाएंगे। काशी के तर्ज पर बनेगा भगवान विष्णु व महाबोधि मंदिर कॉरिडोर , मांझी और मोदी धन्यवाद और आभार के पात्र हैं।

## विकसित भारत के साथ समृद्ध बिहार वाला बजट: विवेक ठाकुर

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने कहा यह बजट बिहार के विकास यात्रा को तय करता है। यह बजट बिहार के लिए एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। घोषणा नहीं, प्रावधान के साथ यह बजट है। उन्होंने संपूर्ण बिहार वासियों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार प्रकट किया है ।विवेक ठाकुर ने कहा उत्तर बिहार कई वर्षो से बाढ़ की समस्या झेल रहा है।

इस विषय को प्रधानमंत्री के समक्ष पत्र के माध्यम से मैंने रखा था और विदेश मंत्री से भी इस विषय को लेकर मिला था, आज इसके समाधान की दिशा में वित्तीय प्रावधान किया गया है ।विवेक ठाकुर ने कहा मगध आज एक विकास का केंद्र के रूप में उभर कर सामने आने वाला है। गया जो हिंदू धर्म का अंतिम स्थान है, उसको काशी कॉरिडोर की तरह विकसित करने की घोषणा हुई है जो बिहार के लिए गौरव का एक विषय होगा। इसके साथ ही अनेकों राजमार्ग और पुलों का निर्माण किया जाएगा ।विवेक ठाकुर ने कहा बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश को कवर करते हुए देश के पूर्वी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए 'पूर्वोदय योजना' शुरू होगी। इसमें मानव संसाधन विकास, बुनियादी ढांचे और आर्थिक अवसरों का सृजन शामिल होगा ।विवेक ठाकुर ने कहा इस बजट में खास करके आकांक्षी जिलों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है, जो बिहार के लिए अतिआवश्यक थी। इसके साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को विभिन्न तरीकों व माध्यमों से कैसे सुदृढ़ किया जाए इस दिशा में भी कई प्रावधान इस बजट में किए गए हैं ।विवेक ठाकुर ने कहा युवाओं के रोजगार के लिए एक विस्तृत योजना और महिलाओं के उत्थान के लिए 3 लाख करोड़ का प्रावधान स्पष्ट करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### राजेंद्र कॉलेज में कैंपस इंटरव्यू का हुआ आयोजन, छात्रों को मिलेगा रोजगार

छपरा कार्यालय। राजेंद्र कॉलेज छपरा में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। इसमें रिषभ ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने भाग लिया। इंटरव्यू रिलेशनशिप मैनेजर और टेली सेल्स एग्जीक्यूटिव पद हेतु किया गया। परीक्षा हॉल में आयोजित इस कैंपस इंटरव्यू में काफी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। कंपनी के प्रतिनिधि वेद प्रकाश, नियाज अहमद वाणिज्य विभाग के डॉ. गोपाल कुमार सहनी, डॉ. मोहन मुरारी प्रसाद, शशितोष कुमार, जीवाकार हैदर इंटरव्यू पैनल में थे। पहले राउंड के इंटरव्यू में दर्जनों छात्रों का चयन किया गया। प्रभारी प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार श्रीवास्तव ने छात्रों को अगले राउंड के लिए शुभकामना प्रेषित किया है। इस तरह के रोजगार मेले छात्रों को कुछ करने के लिए प्रेरित करते हैं।

### कोपा में कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

कोपा( सारण) ।स्थानीय थाना क्षेत्र के मिल्की जानकी नगर गाँव के फेसबुक पर कट्टा लहराते हुए वीडियो डालना महंगा पड़ा ।सारण एसपी डॉ आशीष कुमार के निर्देश पर कोपा थाना अध्यक्ष लालबाबू प्रसाद ने रविवार को रात टावर लोकेशन के आधार पर गिरफ्तार कर लिया ।हालांकि सारण एसपी के निर्देश पर युवक के गिरफ्तारी के लिए एसआईटी के टीम ने 12 घटा तक काफी मशक्कत कियाया था गिरफ्तार युवक मिल्की जानकी नगर गाँव के गणेश प्रसाद के पुत्र ऋषि कुमार प्रसाद एक सप्ताह पूर्व स्व रामएकबाल यादव के पुत्री की बरात आई थी ।बरात में मारपीट के बाद युवक द्वारा कट्टा से साथ फेसबुक पर युवक धमकी के साथ पूरे परिवार को समसान पहुचाने का चुनैती दिया था।

### चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर युवाओं ने किया रक्तदान

छपरा कार्यालय। युवाओं की सामाजिक टीम फेस ऑफ फ्यूचर इंडिया द्वारा चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर सदर अस्पताल छपरा रक्त केंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। इस अवसर पर रक्त दान करते हुए संस्था अध्यक्ष व राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता मंटू कुमार यादव ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है और इससे बढ़कर कोई दान नहीं है और फेस ऑफ फ्यूचर इंडिया के युवा चंद्रशेखर आजाद के आदर्शों को सकार करने के लिए जो कार्य कर रहे हैं वह काफी सराहनीय है , चंद्रशेखर आजाद के जीवन शैली हमें यह बताता है कि जीवन कैसे जिया जाए । मौके पर जिला मुख्य संयोजक मकेसर पंडित, तान्या मेहता, मिताली राज, संदीप कुमार , सुमित श्रीवास्तव शहीद दर्जनों सदस्य उपस्थित थे ।

### एसीजेएम 13 बने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, कर्मचारियों ने दी विदाई

छपरा। पटना उच्च न्यायालय के आदेशानुसार ए सी जे एम 13 कौशल किशोर शुक्ला का स्थानान्तरण जहानाबाद मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के पद पर किया गया है। एसीजेएम ने अपना प्रभार दे दिया ।जिस अवसर पर कर्मचारियों द्वारा उन्हें विदाई दी गई। विदाई समारोह में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुनील कुमार त्रिपाठी सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे। बिहार न्यायिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश्वर तिवारी सचिव सह पेशकार श्रवण सरवन कुमार सुमित कुमार दीपक कुमार त्रिवेनी जी प्रवीण नंदू सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### डेरनी पुलिस ने चोरी की घटना का किया उद्भेदन

दरियापुर ।डेरनी पुलिस 48 घंटे के अंदर चोरी की घटना का उद्भेदन कर एक बड़ी सफलता हासिल की है ।इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने बताया की घटना की सूचना मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई ।इसी क्रम में कुछ महत्वपूर्ण सुराग हासिल हुआ ।जिसके आधार पर 48 घंटे के अंदर घटना में शामिल तीन अपराधियों को ने सिर्फ गिरफ्तार कर लिया गया, बल्कि चोरी के आभूषणों को भी बरामद कर लिया गया ।बरामद सामानों की पहचान भी आवेदक से करा ली गई है ।गिरफ्तार अपराधियों में लोहछा निवासी जितेंद्र सहनी, पंकज कुमार, डेरनी निवासी अभिनव कुमार शामिल है ।इस त्वरित कार्रवाई की ग्रामीणों ने सराहना की है ।विदित हो की दो दिनों पूर्व डेरनी गांव निवासी राजनंदन पंडित के घर में चोरी की घटना हुई थी। जिसमे आभूषण एवम नकदी की चोरी की गई थी।

### बाइक सवार युवक से लूटपाट, प्राथमिकी दर्ज

दरियापुर ।डेरनी थाना क्षेत्र के ठीका व महमदपुर के बीच बाइक सवार लुटेरों ने एक राहगीर को डरा धमका कर उससे 20 हजार रुपए नकद, मोबाइल व सोने की चेन लूट ली ।इस संबंध में पानापुर थाना क्षेत्र के कोण भगवानपुर के चंदन कुमार सहनी के फर्द बयान के आधार पर पुलिस ने थाने में एफआईआर दर्ज की है ।जानकारी के अनुसार चंदन कुमार सहनी अपने एक साथी बबलू कुमार के साथ ठीका आया हुआ था ।वहां से बगल में ही एक रिश्तेदार से मिलने दोनो जा रहे थे।

# जदयू ने विधानसभा 2025 चुनाव की जीत सुनिश्चित करने को लेकर तैयारी शुरू किया

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। पटेल छात्रावास छपरा में जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी की बैठक आहूत की गई ।मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष पशुपतिनाथ पटेल ने किया। पूर्व मंत्री सह प्रदेश उपाध्यक्ष मुनेश्वर चौधरी ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव को जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यकर्ता साथियों को एक जुट रहने की जरूरत है।

पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ने कहा कि सारण के जदयू कार्यक्रता क्रांतिकारी है आप साथियों के सहयोग से ही संगठन को मजबूती मिलेगी ।

विधान परिषद के पूर्व उपसभापति सलीम परवेज ने कहा कि हम लोग विकास पुरुष नीतीश कुमार के सिपाही है इन्होंने बिहार के सभी समाज के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित किए है ।प्रदेश उपाध्यक्ष बैधनाथ प्रसाद सिंह विकल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को आम जनता को बताने की जरूरत है। बैठक में मुख्य रूप से ओमप्रकाश शर्मा जयप्रकाश यादव, छावीनाथ सिंह , अरशद परवेज मुन्नी, डाङ्ग दिनेश कुशवाहा, डाङ्ग विशाल सिंह राठौर, महेश सिंह, राखी कुशवाहा, मनोज सिंह ,चंद्रभूषण पंडित, बालमुकुंद चौहान, बसंती देवी, प्रभास शंकर, सुधाकर भारद्वाज, कुसुम देवी, चांदनी सिंह, संभू मांझी, गुड्डी जयसवाल, परमेश्वर सिंह पटेल, अनील सिंह, लालमुनि देवी, लियाकत अली, राजीव सिंह गुड्डू सिंह, रमेश किशन सिंह कुशवाहा, इम्तेयाज परवेज, दिलीप ठाकुर, सत्यनारायण सिंह, सोहाग सिंह, अनंत गोंड , रविंदर सिंह, अजय सिंह ,संजीव सिंह, विजय दांगी, मोहन सिंह, वसीम अकरम, अखलेश गोंड, रेयाजुद्दिन मंसूरी, संजय सिंह, सविता सिंह, पंकज सिंह, कुसुम रानी, प्रभुनाथ पटेल ,अच्छेलाल राय, फैजुल्ला अंसारी, पवन सिंह, वीरेंद्र गिरि ,साहेब राय, सुनील सिंह, हसनैन अंसारी उपस्थित थे ।

## समान वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर एएनएम ने किया धरना प्रदर्शन



प्रात: किरण संवाददाता

एकमा । एएनएम ने बिहार चिकित्सा व जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के निर्णय के समर्थन में 22 जुलाई से समान काम व समान वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर चली गयी। एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम, रेणु कुमारी, कुमारी किरण, सलोनी कुमारी, मंजू कुमारी प्रियंका कुमारीआदि ने सीएचसी प्रभारी को ज्ञापन देकर कार्य बहिष्कार करने की घोषणा की। इसको लेकर एएनएम कर्मियों ने बताया कि कर्मचारी संघ के निदेर्शानुसार समस्याओं के समाधान के लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को सूचना दे दी गयी है। कहा गया है कि सभी एएनएम का प्रस्ताव है कि समान कार्य का समान वेतन व तीन महीने से रूक हुआ वेतन निर्गत हो। वे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करते हैं, जहां यातायात की समस्या और मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। उन्हें केंद्र के अलावा पूरे पंचायत में जगह-जगह जाकर चिकित्सा सेवा देनी पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं-कहीं नेटवर्क की समस्या होती है। इस स्थिति में वे एफआरएएसएपीपी द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज करने में अक्षम हैं। कहा कि जब तक उनकी मांग नहीं मानी जायेगी, तब तक वे हड़ताल पर डटी रहेंगी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने नये बीडीओ का किया भव्य स्वागत

प्रात: किरण संवाददाता



रिविलगंज । रिविलगंज प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी रितेश कुमार सिंह रिविलगंज प्रखण्ड में बीडीओ के पद भार ग्रहण करने के बाद भाजपा जिला के मुख्य प्रवक्ता सह सारण सांसद रिविलगंज के प्रतिनिधि के रूप में धर्मेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा के प्रमुख वरिस्ठ कार्यकर्ताओ के साथ प्रखण्ड कार्यालय जाकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रितेश कुमार सिंह को अंग वस्त्र ,बुके , गीता ,माला देकर स्वागत किया गया एवं प्रखण्ड के विकास कार्यो पर विस्तार से चर्चा किया गया। कार्यकर्ताओ द्वारा प्रखण्ड में राशन कार्ड से हजारों गरीबो का नाम कट जाने के बारे में बीडीओ को जानकारी दिया गया एवं सभी पंचायतों में बहुत ही गरीब को अभी भी राशन कार्ड से वंचित है उनको बनाने के लिये आग्रह किया गया।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रितेश कुमार सिंह ने कहा कि कार्यकताओं को आश्वस्त किया कि आप सभी के बातों का पूरा करने का प्रयाश किया जाएगा। आने वाले बाढ़ एवं सुखार पर भी चर्चा किया गया।

भाजपा के जिला मुख्य प्रवक्ता सह रिविलगंज सांसद प्रतिनिधि के रूप में धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजना गरीबो तक बहुचे इसकी भी चिंता करनी होगी।

इस अवसर पर वरिस्ठ भाजपा कार्यकर्ता योगेंद सिंह, ददन सिंह, प्रभात मिश्रा, शत्रुध्न प्रसाद, मृत्युंजय सिंह, भाजपा सदर प्रखण्ड अध्यक्ष संजय वारसी, नगर भाजपा अध्यक्ष सतेंद्र शर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रविभूषण मिश्रा, सदर महामंत्री प्रियकांत कुशवाहा, नगर महामंत्री सुधीर कु सिंह, संजीव सिंह, सहित सभी पंचायत के प्रमुख कार्यकर्ता अपने -अपने स्थानीय समस्या को रखा । सभी बातों को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने गम्भीरता से बातों को सुना एवं कहा कि कुछ समय दिया जाएगा हर समय सभी समस्या को निपटारा किया जायेगा। इस बैठक में एम ओ के साथ-साथ अन्य विभागीय कर्मी भी शामिल हुए।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांझी में सघन दस्त नियंत्रण अभियान का उद्घाटन



प्रात: किरण संवाददाता

माँझी। प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में डायरिया का प्रकोप कम करने और शिशु-मृत्यु दर को शून्य करने के उद्देश्य से दो माह का विशेष अभियान का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ऊ. रोहित कुमार द्वारा किया गया 'दस्त की रोकथाम अभियान-2024' के नाम से चलने वाला अभियान 23 जुलाई से लेकर 22 सितंबर तक चलेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में आशा कार्यकताओं को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रोहित कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए दस्त से ग्रसित बच्चों को जिंक टेबलेट ओ आर एस का पैकेट दी जाएगी। उन्होंने कहा की डायरिया से होने वाले मृत्यु का मुख्य कारण निर्जलीकरण के साथ इलेक्ट्रोलाइटस की कमी होना है। इस दस्त की रोकथाम अभियान के दौरान पांच वर्ष तक उम्र के बच्चों के बीच निःशुल्क ओआरएस वितरण करने के साथ दस्त से ग्रसित बच्चों के उपचार के लिए जिंक टेबलेट दी जाएगी। ओआरएस एवं जिंक के प्रयोग से डायरिया से होने वाली मृत्यु को टाला जा सकता है। दस्त बंद होने के बाद भी जिंक की खुराक दो हफ्ते तक जारी रखने का निर्देश दिया गया है। उद्घाटन के अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ऊ रोहित कुमार, इल्टट राममूर्ति, इउट विवेक कुमार ब्याहुत, यूनिसेफ के इटउ संजय अनुपम, उउल्र अंशु कुमार, हल्ड के अभिषेक कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## जेपीयू के विभिन्न प्रोफेसरो को सौंपे गए अतिरिक्त कार्य

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर परमेंद्र कुमार बाजपेई ने आदेश निर्गत कर जयप्रकाश विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कॉलेज के तीन अध्यापकों को विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपने का निर्देश जारी किया है। उनके इस निर्देश के आलोक में जे पी यू के कुल सचिव प्रोफेसर नारायण दास ने पत्र जारी करते हुए सूचित किया है कि जे पी यू के पी जी अर्थशास्त्र विभाग के प्रो (डॉ.) आर.पी. श्रीवास्तव को पूर्व छात्र संघ, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के समन्वयक के रूप में नियुक्ति की गई है। वे अपने कार्यो के अतिरिक्त यह कार्य भी करेंगे।

रामजयपाल महाविद्यालय के भौतिकी विभाग के डॉ. विद्याधर सिंह को अनुसंधान और विकास सेल के वेबपेज के प्रभारी बनाया गया है।

वे अपने कार्यो के अतिरिक्त यह कार्य भी करेंगे।

वही राजेंद्र महाविद्यालय के भूगोल विभाग के सहायक प्रो डॉ. अनुपम कुमार सिंह को इंटर्नशिप कार्यक्रम के समन्वयक के रूप में नियुक्ति की गई है। वे अपने कार्यो के अतिरिक्त यह कार्य भी करेंगे।

## शुक्ला बाबा के शिष्य शिरोमणि सन्त महोत्सव के अवसर होगा नौ दिवसीय आध्यात्मिक समागम



परसा:-मस्तीचक गायत्री शक्ति पीठ धाम के संस्थापक पंडित रमेश चंद्र शुक्ला बाबा की याद में गायत्री शक्तिपीठ मंदिर मस्तीचक में आयोजित होने वाले नव दिवसीय शिष्य शिरोमणि संत महोत्सव कार्यक्रम की तैयारी को लेकर ट्रस्टी डा.मृत्युंजय तिवारी की देखरेख में कार्यकताओं की एक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डा. मृत्युंजय तिवारी ने उपस्थित कार्यकताओं के साथ कई बिंदुओं पर चर्चा की और लोगो से सहयोग करने की अपील की । ट्रस्टी डा. मृत्युंजय तिवारी ने बताया कि मस्तीचक धाम के संस्थापक पंडित रमेश चंद्र शुक्ला का विगत दो अगस्त 2021 को अपना स्थूल शरीर त्याग कर अपने आराध्य पूज्य आचार्य श्री राम शर्मा की चेतना में हमेशा के लिए विलीन हो गए थे ।

उन्ही की याद में प्रति वर्ष संत महोत्सव कार्यक्रम आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है ।उन्होंने कहा कि मस्तीचक धाम में आयोजित नव दिवसीय संत समागम कार्यक्रम आगामी 25 जुलाई से 3अगस्त तक निर्धारित है। जिसको लेकर विराट शोभायात्रा, गायत्री महायज्ञ, साधना व जप, अयोध्या के श्री हित अतुल कृष्ण भामिनी शरण के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ,आचार्य राहुल शास्त्री के द्वारा महाकाल रुद्राभिषेक, महंत विपिन दास जी महाराज के द्वारा संगीतमय राम कथा, प्रज्ञा पुराण कथा, सुंदर काण्ड पाठ, श्री दुर्गा सप्तशती पाठ, नव ग्रह शांति पाठ, महामृत्युंजय मंत्र जप, सूक्ष्मीकरण संत महोत्सव सामूहिक साधना का कार्यक्रम आयोजित है ।जिसमें अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुगण शामिल होकर पुण्य का भागी बने ।इस दौरान प्रबंधकारिणी सदस्य आचार्य विकास शर्मा, अमित सिंह, अभिषेक कुमार, राजीव चौरसिया, राकेश राय, डॉ लालसाहेब राय, पूर्व वार्ड पार्षद संजय शुक्ला, पुतुल साह, बादल सिंह, डा.अरविंद कुमार, पूर्व मुखिया सिग्नेश्वर राय, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्ता, मनीषा दिवेदी, सुमन सिंह, अनमोल पाठक सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## डीएम के निर्देश पर रास्ते से पीपल का पेड़ मजिस्ट्रेट के देख रेख में काटने का कार्य चालू

प्रात: किरण संवाददाता



कोपा (सारण)। जलालपुर प्रखंड के कोपा थाना क्षेत्र के अनवर पंचायत के पियानो गांव में सैकड़ो वर्षो से गिरे पड़े पीपल के पेड़ को सीओ की मौजूदगी में मंगलवार को हटाया का कार्य चालू हुआ ।यह पेड़ रास्ता अवरुद्ध किए हुए था। विवादित पीपल के पेड़ को हटाने के दौरान अंचल पदाधिकारी अविनाश कुमार कोपा थानाध्यक्ष लालबाबू प्रसाद सहित अन्य कर्मी मौजूद थे। पेड़ को हटाने के लिए इसी गांव के फूल मोहमद कादरी ने रास्ते अवरुध्द होने की शिकायत डीएम से लेकर सीएम तक किया था ।डीएम अमन समीर के लोक शिकायत निवारण वाद को निपटाते हुए सदर एसडीओ संजय कुमार राय को अविलंब पेड़ हटाने का आदेश दिया था। सैकड़ों वर्ष पुराना यह पेड़ पियानो गांव के बीचों बीच गिरा हुआ था। जिससे पियानो गांव दो भागों में बंट गया था। आवागमन में भी परेशानी हो रही थी ।गांव में जाने के लिए लोगों पांच किलोमीटर दूरी तय कर के पियानो गांव के पूर्वी भाग में जाना पड़ता था ।शादी विवाह के मौके पर दूल्हा दुल्हन की गाड़ी गाँव के बाहर रहता था ।या पाँच किलो मीटर बसडीला होते हुए पियानो गाँव आता था ।पेर कटने से ग्रमीणों में चर्चा का विषय बना हुआ था ।पियानो गाँव के फूल मोहम्द कादरी पेर कटवाने के लिए 2012 से ही गुहार लगा रहे थे।

## जिलाधिकारी ने प्रखंड एवं अंचल कार्यालय, बैरिया का किया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया(कुमार अभिजितम) ।जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने मंगलवार को प्रखंड एवं अंचल कार्यालय बैरिया का औचक निरीक्षण किया और प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी को बेहतर तरीके से कार्यालय का संचालन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यालय में सभी संचिकाएं एवं अभिलेख हमेशा अद्यतन रहे, इसका विशेष ध्यान रखना है। कार्यालय तथा परिसर की समुचित साफ-सफाई सहित कार्यालय के सामानों को व्यवस्थित तरीके से रखना सुनिश्चित किया जाय।

उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यालय का संचालन निर्धारित समयानुसार की जाय। कार्यालय प्रधान तथा अन्य कर्मी ससमय कार्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे। साथ ही कार्यालय के कार्यो को तत्परतापूर्वक ससमय निष्पादित करेंगे। कार्यालय आने वाले लोगों के साथ अधिकारी एवं कर्मी कुशल व्यवहार करेंगे। उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को अच्छे तरीके से समझेंगे तथा नियमानुकूल समाधान करेंगे। लोगों को बेवजह परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखेंगे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रखंड तथा अंचल कार्यालयों के सभी तरह के लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लायी जाय। मामलों के निष्पादन में विभागीय दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाय ।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आमजनों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारी को अविलंब नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन रामानुज प्रसाद सिंह अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर विनोद कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बैरिया कर्मजीत राम अंचल अधिकारी, बैरिया मुकेश कुमार सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## एक साथ निकाली गई पिता और पुत्री की शव यात्रा जिसने भी देखा हर कोई फूट-फूट कर रोया

प्रात: किरण संवाददाता



गिद्धौर सड़क दुर्घटना में आर्मी जवान अजीत पांडे और उनकी डेढ़ साल की पुत्री अदिति की मौत के बाद मंगलवार को उनकी शव यात्रा निकाली गई ।दोनो के शव को तिरंगे झंडे से लिपटी उनकी शवयात्रा को देख, हर आंख नम हो गई अजीत पांडे अमर रहेह्रके नारे से पूरा गांव गूंज उठा ।तीन किलोमीटर तक शव यात्रा निकाली गई देश भक्ति गाने बजाए जा रहे थे ।एक साथ पिता और पुत्री की शव यात्रा देख हर किसी की आंखों से आंसू निकल गए ।जिसने भी इस हृदय विदारक घटना को देखा, वह खुद को रोक नहीं सका।

गिद्धौर थाना क्षेत्र के बंझूलिया गांव के पास बीते सोमवार को एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे क्षेत्र को शोक की लहर में डुबो दिया ।बताते चलें कि बीते सोमवार को आर्मी जवान अजीत पांडेय और उनकी डेढ़ साल की बेटी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी ।यह घटना उस वक्त हुई जब अजीत अपने परिवार के साथ महादेव सिमरिया से पूजा कर वापस घर गिद्धौर लौट रहे थे ।तभी उनकी गाड़ी एक पेड़ से टकराया गया था ।इस दुर्घटना में अजीत और उनकी मासूम बेटी की मौत हो गई ।जबकि पत्नी स्मिता और मां बुलबुल देवी का इलाज पटना में चल रहा है ।इधर आर्मी जवान अजीत पांडेय की मौत उनके परिवार और पूरे गांव के लिए अपूरणीय क्षति थी ।इस दुखद घटना के बाद, मंगलवार को अजीत पांडेय को अंतिम विदाई दी गई ।गया से आए आर्मी के जवानों ने सम्मान के साथ उन्हें सलामी दी और पूरे राज्य के सम्मान के साथ उनका गांव में ही अंतिम संस्कार किया गया ।आर्मी जवान अजीत पांडे के शव और उनकी डेढ़ साल की बेटी को उनके छोटे भाई शुभम ने मुखाग्नि दी ।अजीत पांडेय और उनकी बेटी की एक साथ चिता को आग लगाई गई, जिसने है किसी को झकझोर दिया।

इस दौरान, गांव के लोग, पड़ोसी और अधिकारी सभी की आंखें आंसुओं से भर गई ।घटना के बाद गांव में शोक की लहर है और हर कोई इस दुःखद घटना को अपने जीवन का हिस्सा मान रहा है ।ग्रामीणों ने कहा कि अजीत पांडेय की वीरता और समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा और उनकी यादें उनके परिवार और गांव वासियों के दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगी।

## विशेष दर्जा की मांग को लेकर विधानसभा में जोरदार हंगामा

पटना। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर मंगलवार को विधानसभा में विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। भारी हंगामें के बाद विस अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया। दोबारा सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई केंद्रीय बजट में बिहार की अनदेखी का आरोप लगाते हुए विपक्ष ने फिर हंगामा शुरू कर दिया। विपक्षी सदस्य वेल में पहुंच गए और बिहार को विशेष दर्जा देने की मांग करते हुए जोरदार हंगामा मचाया। सत्ताधारी पक्ष की ओर से कहा गया कि बजट मे बिहार के लिए खजाने का पिटारा खोल गया है। इसके बाद विपक्षी सदस्य सदन से वॉक आउट कर गए। संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि विपक्ष द्वारा बिहार को विशेष दर्जा की मांग को मुद्दा बनाकर सदन की कार्यवाही नहीं चलने दी गई। बिहार सरकार की अपेक्षा थी कि या तो हमें विशेष राज्य का दर्जा मिले या विशेष पैकेज मिले और नहीं तो विशेष मदद मिले।

## लक्ष्य के अनुरूप पात्र व्यक्तियों का ससमय बनाये आयुष्मान कार्ड : जिलाधिकारी

बेतिया(कुमार अभिजितम) । जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुयी। इस बैठक में ऑनलाइन राशन कार्ड से संबंधित प्राप्त आवेदन के निष्पादन की स्थिति, आधार सीडिंग, ई-केवाईसी, जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण, एस0आई0ओ0/डोर स्टेप डिलीवरी, खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण, आयुष्मान भारत विशेष अभियान आदि की समीक्षा जिला पदाधिकारी द्वारा की गयी। आयुष्मान भारत विशेष अभियान की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आमलोगों की भलाई के लिए यह योजना अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। गरीबों को लाभ पहुंचाने में सभी जविप्र विक्रेता, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत अभिरूचि लें। इसे अत्यंत ही गंभीरता से लेते हुए लक्ष्य के अनुरूप पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि



इस कार्य में माननीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाय। हर हाल में लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड का निर्माण ससमय पूर्ण किया जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शत-प्रतिशत लाभुकों का आधार सीडिंग तथा ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित किया जाय। एसआईओ एवं डोर स्टेप डिलीवरी कार्य विभागीय दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए ससमय संपादित किया जाय। इसके साथ ही शत-प्रतिशत एसआईओ को डिस्पैच कराना सुनिश्चित किया जाय ।उन्होंने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि संबंधित जविप्र दुकानों की नियमित एवं औचक रूप से गहन जांच करें। जांच के दौरान गड़बड़ी मिलने पर तुरंत वरीय अधिकारियों को सूचित करें ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही लाभुकों को निर्धारित मात्रा में ससमय खाद्यान्न उपलब्ध हो सके, इसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाय ।बैठक में उपस्थित जिला प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम को निर्देश दिया कि जविप्र दुकानदारों को निर्धारित मात्रा में तथा स्वच्छ खाद्यान्न उपलब्ध कराएं। साथ ही खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण ससमय कराना सुनिश्चित करेंगे। जीएम, एसएफसी खाद्यान्न गोदामों की औचक जांच करेंगे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश कांग्रेस ने सुशील कुमार झा को मुंगेर जिला शिक्षक प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोनीत

असरगंज (मुंगेर) राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे के निर्देश पर डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह अध्यक्ष बिहार कांग्रेस कमिटी के सहमति से प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ अभिषेक कुमार सिंह ने पत्र जारी कर मुंगेर जिला अन्तर्गत माधोपुर, असरगंज निवासी प्रो. सुशील कुमार झा को मुंगेर जिला शिक्षक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इनके मनोनयन पर खुशी जाहिर करते हुए जमालपुर विधायक ने कहा कि प्रो. एसके झा के आने से पार्टी और जिला मजबूत होगा। यह खबर सुनते ही बधाई देने वालो का तांता लग गया है। बधाई देने वालों में डॉ संजीव कुमार झा पूर्व प्रत्याशी कोसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र सोम शरण कुमार प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस, प्रो0 मजहर हुसैन, प्रो0 मनीष कुमार, प्रो0 अरुण कुमार साह, डॉ मनीष चौधरी, पूर्व प्राचार्य पुष्पेन्द्र शहीद शहीद उन लोगोंने बधाइयां दिया है।

### मेंटल हेल्थ प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन

बरियारपुर (मुंगेर)। डब्ल्यू एचओ के द्वारा निति आयोग,आदित्य बिड़ला फौण्डेसन, आरुक मी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित मैन्टल हैल्थ प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिनमे डायबेटीज ,हायपर टैन्सन , फ्री के साथ साथ ए एन सी का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी स्वेता कुमारी ने किया मंच संचालन छैदी कुमार चौधरी स्टेट साईकोजिस्ट ने तमाम आशाफैसिलेटर, आशा दीदीयों को स्वास्थ कि जानकारी दिये। इस अवसर पर उपस्थित सुजावली चौधरी, आकांक्षी ब्लॉक फैलो जमालपुर, नितेश कुमार आकांक्षी ब्लॉक फैलो बरियारपुर उपस्थित रहे।

### किसानों को तोहफा व युवाओं के लिए रोजगार का बजट : संजय

औरंगाबाद। लोकसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 का जो बजट पेश किया है। उस पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सह सासाराम लोकसभा प्रभारी संजय मेहता ने कहा कि यह किसानों को तोहफा,युवाओंकेलिए रोजगार,महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए,टैक्सपैयर्स के लिए सफल एवं ऐतिहासिक बजट है। उन्होंने कहा कि जनता ने हमारी सरकार को भारत को मजबूत विकास और सर्वांगीण समृद्धि के पथ पर ले जाने का अनूठा अवसर दिया है। यह बजट भारत के सर्वांगीण विकास के लिए नील का पत्थर साबित होगा उन्होंने कहाह्मैं देश को यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी और माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को विशेष तौर पर धन्यवाद देता हूं। पीएम मोदी जी ने हर क्षेत्र में बिहार के स्वर्णिम विकास के लिए भारत के खजाने को बिहार के तरफ खोलने का काम किया है, यह एक मत्वपूर्ण योगदान है।

### ह्यूमन राइट्स डिफेंडर ने हाजीपुर में असहाय लोगों के बीच किया भोजन वितरण

पटना। हाजीपुर में रेलवे स्टेशन रोड में ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के वैशाली जिला अध्यक्ष ज्योति कुमार सिंह के नेतृत्व में असहायों के बीच भोजन वितरण किया गया। उक्त जानकारी ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर लगभग 157 असहाय लोगों के बीच भोजन का वितरण किया गया है। यह वितरण संस्था के मुख्य कार्य में एक है।क्योंकि असहाय लोगों को सहयोग के रूप में मदद करने से लोगों में सहयोग की भावना जागृत होता है और लोग एक दूसरे से जुड़ते हैं। उन्होंने बताया कि ह्यूमन राइट्स डिफेंडर संस्था निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, संगीत, पौधा वितरण, पौधारोपण, पठन पाठन जैसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करता है और इस आयोजन से समाज के गरीब तबके तक के लोग लाभान्वित होते हैं।

### गैराज से अपाची बाइक की चोरी

सोनो जमुई । शारेबाद गांव स्थित एक मोटरसाईकिल मैकेनिक गैराज से बिति रात सफैद कलर की एक अपाची बाइक की चोरी हो गई है । गैराज संचालक शारेबाद गांव निवासी भुना पंडित का पुत्र गोरेलाल पंडित के द्वारा चोरी गये बाइक की खोजबीन करने स्थानीय थाना में आवेदन देकर गुहार लगाई गई है । आवेदन में कहा गया है कि गोरेलाल पंडित शारेबाद गांव स्थित अपने घर पर मोटर रिपायरिंग का गैराज खोलकर मैकेनिक का काम कर अपने बाल बच्चों का भरण पोषण करता है । बिति सोमवार को शारेबाद गांव निवासी रामप्यारे राम का पुत्र कंचन राम एक अपाची बाइक को ठीक कराने के लिए दिया , उक्त बाइक रामप्यारे राम का पुत्र पवन के नाम पर हे । गाड़ी में लगने वाले पार्टस उपलब्ध नहीं रहने के कारण बाइक ठीक नहीं हो पाया जिस कारण ग्राहक अपना बाइक छोड़कर चला गया ।

# बाढ़ पूर्व तैयारी पर हुई जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता




हाजीपुर। जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने समाहरणालय सभागार में अधिकारियों के साथ बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक की । उन्होंने बाढ़ से प्रभावित होने वाले इलाके में आपदा से प्रभावित होने वाले इंतजामों का जायजा किया। सभी प्रखंडों में सरकारी नाव एवं निजी नाव चालकों से टैगिंग के पश्चात उपलब्ध कुल नावो की संख्या की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियों का निर्देश दिया गया, ताकि लोगों को कोई दिक्कत ना हो। उन्होंने निर्देश दिया कि निजी नाव के नाविकों के साथ एग्रीमेंट हुआ है कि नहीं इसका सत्यापन जिला स्तरीय अधिकारी करें। उन्होंने नाव संचालन,पॉलीथिन शीट, लाइफ जैकैट, राहत सामग्री आदि की उपलब्धता की जानकारी ली। इसके अलावा इन्होंने सड़कों की मरम्मती,पुराने पुल पुलिया का आकलन एवं पानी के निकास के भी आदेश दिए।

सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि के कटाव स्थल का निरंतर निरीक्षण करते रहे और अलर्ट मोड में रहे। खराब पड़े चापाकल की मरम्मती हेतु पीएचईडी डिपार्टमेंट को निर्देश दिया गया। बंद पड़े नलकूप को भी चालू करने का निर्देश लघु सिंचाई विभाग को दिया गया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारियों को कोनहारा घाट में बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया गया। बैठक में एडीएम आपदा सभी एसडीएम सभी बीडीओ , सीओ उपस्थित थे।

# निजी आईटीआई शिक्षण संस्थानों में सरकारी मानक के अनुसार सुविधा नदारत

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) । निजी आईटीआई शिक्षण संस्थान में अधिकतर में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है अधिकतर खड़गपुर के छह निजी आईटीआई शिक्षण संस्थान में सरकारी मानक भवन बायोलॉजी का पालन करना होगा दो प्रशिक्षण आर्थियों के लिए गांव में दो एकड़ और शहरी इलाके में सावा एकड़ जमीन जरुरी है लीज पर जमीन लेने पर 10 साल का डीड रखना है छत पक्का इंसिडेंट इंडस्ट्रियल सीट का हो और कैंपस में प्रवेश के लिए कम से कम अच्छा गाते 25 वर्ग मीटर और कम से कम तीन वर्ग मीटर चौड़ा वर्ग कक्ष रखना है।

बिजली की मुकम्मल व्यवस्था और विकल्प में जनरेटर रखना है प्राचार्य कक्ष रिसेप्शन प्रशासनिक कक्ष स्टाफ रूम एवं काउंसलिंग रूम के साथ बहुउद्देशीय कक्षा लाइब्रेरी कैंटीन पेयजल फास्ट एंड की सुविधा और खेल का मैदान अनिवार्य है पार्किंग एटीएम सीसीटीवी आग लगी भूकंप रहित अन्य आपदा से बचाव की व्यवस्था भी रखनी है इन तमाम व्यवस्थाओं में हवेली खड़कपुर के 6 निजी आईटीआई को इस मानक को पूरा नहीं करते हैं इतना ही नहीं सरकारी आईटीआई में नामांकन ना होने पर मजबूरी में छात्रों को निजी आईटीआई का सहारा लेना पड़ता है ऐसे में खाने को छात्र डिग्री तो हासिल कर लेते हैं लेकिन सरकारी गैर सरकारी कंपनियों में काम करने में के दौरान दरक्षक्ष कई व्यापारिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि इसलिए की इन आईटीआई में क्लास चलते नहीं है और इन आईटीआई को सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त तो है लेकिन इस मान्यता प्राप्त का फायदा उठाकर यह निजी आईटीआई की किस छाप इकाइयां डिग्रियां बेचते हैं कहीं भी किसी भी इन 6 आईटीआई में ना तो प्रशिक्षक ही पूरे रूप से काम करते हैं और ना ही विद्यार्थी ही उसे मानक के अनुरूप इन आईटीआई में है सरकार की मान्यता प्राप्त करने के बाद यह डिग्रियां काफी महंगे में बेचते हैं एक-एक विद्यार्थी से नामांकन के लिए 48 से 50000 तक लेते हैं और घर बैठे इन्हें गडरिया दी जाती है।

# आस्था भक्ति समर्पण एवं संगम का विहंगम दृश्य है कांवरिया पथ में

## सावन में कांवर बम, डाक बम, खड़ा बम, एवं दंड बम, जा रहे शिव के धाम

प्रात : किरण /रणधीर सिंह

तारापुर (मुंगेर)। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के दूसरे दिन मंगलवार को रुक रुककर रिमझिम बारिश के बीच बाबा बैजनाथ के लिए कांवर लेकर जलाभिषेक करने को लेकर पैदल जा रहे कांवरियों के बीच आस्था, भक्ति, समर्पण, एवं संगम, का विहंगम, दृश्य कांवरिया पथ में 24 घंटे देखने को मिल रहा है। गौरतलब है कि रात्रि 2:00 बजे के बाद से ही भोलेनाथ के भजन पर थिरकते कांवरियों से संपूर्ण मार्ग शिवमय हो उठता है । सही मायने में कांवरिया पथ पर समाजवाद, समरसता, सांप्रदायिक सौहार्द, का नजारा देखने में मिलता है। बता दें कि सावन महीने में शिव भक्त भांति भांति रंग रूप में बाबा धाम को जाते हैं। जिसमें पहले किस्म के वैसे कांवरिया हैं ,जो पैदल चलते हैं, और कांवर को अपने कंधे पर से तब तक नहीं उतारते जब तक बाबा धाम नहीं पहुंचते । ऐसे कांवरिया खड़ा बम कहलाते हैं ।

दूसरे शिवभक्त वे हैं , जो 24 घंटे के भीतर बाबा बैजनाथ के ऊपर जलाभिषेक करते हैं। जिसे डाक बम कहा जाता है । और तीसरे शिव भक्त वे हैं जो सुल्तानगंज गंगा तट से दंड देते 105 किलोमीटर की दूरी तय कर बाबा धाम लगभग 40 दिनों में पहुंचते हैं उसे दांडी बम कहा जाता है । बाबा धाम देवघर जाने वाले श्रद्धालुओं का रात्रि विश्राम को लेकर हर रोज अप्रत्याशित भीड़ मनियां एवं कुमरसार सरकारी धर्मशाला पर होती है । यहां शाम ढलते ही स्कूल,हाट मैदान, सहित दुर्गा स्थान का प्रांगण, शिव भक्तों से पट जाते हैं । कांवरिया यहां विशाल बदुआ नदी में बालू पर पलट पलट कर घंटों स्नान कर अपनी थकान को मिटाते हुए अपनी यात्रा यादगार को लेकर घोड़े पर सवार होकर फोटोशूट भी कराते हैं ।इधर छपरा गरखा के रीतलाल सिंह सोनी देवी मंजू देवी प्रिया सिंह खुशबू रानी गया के सोनू मुकेश मोनू बंम इत्यादि बताते हैं कि वाकई में यात्रा के दौरान यहां मुझे इस नदी में अभी शाम के समय वृंदावन जैसा विहंगम नजारा देखने को मिल रहा है। हालांकि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष कच्ची कांवरिया पाठ में जहां भी मेडिकल एवं सुरक्षा की दृष्टि कौन से पुलिस प्रशासन के लिए बनाए गए शिविर एवं पंडालौ में वहां अब तक लोगों की प्रतिनियुक्ति नहीं हो पाई है । आज दूसरे दिन भी कच्ची कावंरिया एवं मुख्य मार्ग के रास्ते मौसम खुशनुमा रहने को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ दिनों भर बाबा धाम देवघर जाने को लेकर लगी रही । सावन शुरू होते ही संपूर्ण क्षेत्र 24 घंटे बोल बम के जयकारा से गूंजायमान हो रहा है ।

# महुआ में डिग्री कॉलेज व विद्युत समस्या समाधान शीघ्र : विधायक

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर ।महुआ विधायक डॉ मुकेश रौशन ने महुआ में डिग्री कॉलेज के निर्माण हेतु आज बिहार विधान सभा के मॉनसून सत्र के दौरान तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से सवाल पूछा। उसके बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा सकारात्मक जवाब दिया गया कि महुआ में डिग्री कॉलेज के निर्माण हेतु बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के द्वारा 14,52,15000 चौदह करोड़ बावन लाख पंद्रह हजार रुपये की राशि का प्राक्कलन प्राप्त है राशि की स्वीकृति की कारवाई प्रक्रियाधीन है ।महुआ में लगातार बिजली की समस्याओं को दूर करने के लिए महुआ विधायक डॉ.मुकेश रौशन ने आज बिहार के माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी से विधानसभा में स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात कर महुआ विधानसभा में बिजली की आपूर्ति सुधार के लिए 132 '५ पॉवर ग्रिड स्टेशन के निर्माण हेतु पत्र सौंपा ।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आश्वासन दिया कि वह जल्द महुआ के बिजली की समस्याओं को दूर करने एवं उचित कारवाई के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व,महुआ विधानसभा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था में सुधार एवं महुआ में डिग्री कॉलेज के निर्माण के लिए भूमि चयन के उपरांत निर्माण की स्वीकृति एवं निविदा प्रक्रिया को अविलंब पूर्ण करने हेतु बिहार सरकार के माननीय शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार जी से मुलाकात कर पत्र सौंपा था।

# केंद्रीय बजट ने बिहार के जनता को किया निराश नहीं मिल पाएगा बिहार को विशेष राज्य का दर्जा

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। केंद्र की एनडीए सरकार ने अपना आम बजट संसद में पेश किया है। इंडिया सरकार के आम बजट पर नेताओं ने अपने तरीके से प्रतिक्रिया व्यक्त किया। अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजद नेता सह राज्य परिषद सदस्य गजेंद्र कु हिमांशु उर्फ अरविंद ने कहा कि जब से केंद्र में एनडीए डबल इंजन की सरकार बनी है तब से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलने की उम्मीद जगने लगी थी । परंतु बिहार को इस बजट में निराशा हाथ लगी है । मुख्यमंत्री नितीश कुमार एवं जदयू के लोग विशेष राज्य के दर्जे के नाम में 18 वर्षो से 14 करोड़ बिहार वासियों के आंखों में धूल झोंकते रहे जब ये अभी केंद्र की मोदी सरकार में पार्टनर हैं तब इस महत्वपूर्ण विषय पर चुप्पी साध गए। वहीं दूसरी ओर कर्ज में डूबे करोड़ों किसानो को भी आज के बजट से उम्मीद थी की उनका 2 लाख तक का कृषि ऋण माफ होगा,पर किसानों को फिर निराशा हाथ लगी है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि में भी कोई वृद्धि नहीं किया गया हैं। मुंगेर सहित बिहार के तीन बड़े नेता केंद्र सरकार के द्वारा गठित नीति आयोग के सदस्य भी हैं फिर भी बिहार के साथ एक बार फिर छल कर गई केंद्र सरकार। मुंगेर एवम् जमुई लोकसभा में भी एनडीए के सांसद हैं पर यूपीए सरकार के समय से स्वीकृत सुलतानगंज असरगंज, तारापुर संग्रामपुर, बेलहर भाया कटोरीया रेल लाईन तथा बरियारपुर,खड़गपुर, मननपुर जमुई क्यूल रेल लाईन के लिए एक बार फिर बजट में ठेंगा दिखाया गया। युवाओं को रोजगार के लिए भी इस बजट में कुछ नहीं किया गया है।

# चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर बाल संसद के सदस्यों ने चलाया वृक्षारोपण अभियान


प्रात : किरण संवाददाता



महुआ। आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जानगर महुआ मे चंद्रशेखर आजाद की जयंती धूमधाम से मनाई गई ।इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने एक तरफ जहां तक चंद्रशेखर आजाद के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम किया वहीं दूसरी ओर बाल संसद के" पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ "अभियान के अंतर्गत पूर्व के लगे हुए पेड़ पौधे की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। वहीं दूसरी ओर पूर्ववर्ती छात्र सिद्धार्थ सावन ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय परिसर में कई फलदार वृक्ष को लगाकर एक नई परंपरा की शुरूआत किया है ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार आलोक ने सिद्धार्थ सावन को ढेर सारी बधाइयां दी। प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने बाल संसद के द्वारा किए गए कार्य कि सराहना किया एवं कहा किसी भी महापुरुष के अवसर पर विद्यालय परिसर में पेड़ पौधा लगाना एवं उसकी सुरक्षा की जवाबदेही लेना एक अनुकरणीय एवं प्रेरणादाई कार्य है। सभी विद्यालयों एवं सरकारी जमीनों पर इस प्रकार की जवाबदेही तय हो तो निश्चित रूप से आने वाले दिनों में यह परंपरा पर्यावरण ही नहीं दुनिया के लिए के लिए वरदान साबित होगा ।इस अवसर पर शिक्षक संजय कुमार, अफजल हुसैन, सुमन लता, सरिका कुमारी, आशा कुमारी , विनीता कुमारी, गीता कुमारी, सजीना परवीन, प्रधानमंत्री खुशबू कुमारी, ब्यूटी कुमारी कोमल कुमारी, रिया कुमारी, अंशु कुमारी के अलावा काफी संख्या में छात्र-छात्र उपस्थित थे।

# राष्ट्र को आर्थिक और सांस्कृतिक विकास के इतिहास में नये आयाम गढ़ेगा बजट : पुरुषोत्तम

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने केंद्रीय बजट 2024 -25 का स्वागत किया है। पूर्व जिला अध्यक्ष ने बजट को सराहना करते हुए कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने देश के विकास को प्राथमिकता में रखते हुए चतुदिर्क समृद्धि और विकसित भारत का सशक्त पथ सुनिश्चित करने वाला बजट पेश किया है। भारत के समग्र विकास को सुनिश्चित करने वाला यह सर्वस्पर्शी बजट युवाओं, अन्नदाता किसानों, मातृ शक्ति, विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी वर्गों के हितों की पूर्ति करने के साथ ही आदरणीय प्रधानमंत्री जी के विजन विकसित भारत 2047 को सार्थकता प्रदान करने में सहायक होगा। प्रधानमंत्री जी के सशक्त नेतृत्व में आने वाला 5 वर्ष राष्ट्र के विकास को नई गति देंगा। मुझे पूर्ण विश्वास है की यह बजट राष्ट्र को सामाजिक आर्थिक और सांस्कृतिक विकास के इतिहास में नये आयाम गढ़ेगा। बिहार के विकास के लिए भी विशेष सहायता का खजाना खोल गया है चाहे बाढ़ का सवाल हो सुखाढ़ हो सड़क , बिजली, स्वास्थ्य एयरपोर्ट तथा धार्मिक स्थान के विकास के लिए भी बजट में विशेष प्रावधान किया गया है। यह सर्वव्यापी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को मैं बधाई एवं साधुवाद देता हूं।

# किसान और युवा पर बजट में विशेष रूप से फोकस : पूर्व सांसद

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद।पूर्व सांसद सह भाजपा नेता सुशील कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी एनडीए सरकार का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किया गया 2024-25 बजट का सराहना करते हुए कहा कि यह बजट में कृषि रोजगार,सामाजिक,कल्याण,शहरी विकास,ऊर्जा सुरक्षा के अलावा गरीब,महिला,किसान और युवा पर बजट में विशेष रूप से फोकस किया गया है। इस बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत देश में ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में तीन करोड़ अतिरिक्त मकान की घोषणा की गई है। बिहार को वित्तीय मदद देने की घोषणा किया गया है एवं पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस वे,बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस वे, बोधगया-राजगीर-वैशाली-दरभंगा एक्सप्रेस वे शामिल है कि विष्णुपद कॉरिडोर और महाबोधि कॉरिडोर को काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा एवं राजगीर जो हिन्दू,जैन और बुद्ध धर्म के मानने वाले लोगो का प्रसिद्ध तीर्थ है इसे भी विश्व स्तरीय डेस्टिनेशन के तर्ज पर तैयार किया जाएगा और नालंदा को पर्यटन स्थल बनाने में सरकार मदद करेगी।भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा,देव पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक,युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष शुभेंदु शेखर सिंह,लोकसभा संयोजक अनिल शर्मा,सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह,जिला महामंत्री मुकेश सिंह,जिला परिषद उपाध्यक्ष रामेश्वर बैठा,मितेन्द्र सिंह,नलिनी रंजन,अंकित सिंह,सोनू सिंह,टनटन सिंह,अखिलेश मेहता,राकेश कुमार देवता,भाजपा नेता मुनीन्द्र राम,प्रवीण गुप्ता,प्रफुल्ल सिंह,सुरेन्द्र गुप्ता,भरत सिंह,उदय सिंह,लोकसभा विस्तारक विकास कुमार उर्फ भोजपुरिया बाबा,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनय सिंह,अनिता सिंह,जुलेखा खातून,अंजली सिंह,सारिका शेखर,गुड़िया सिंह,जिला परिषद धनंजय सिंह,सुबोध सिंह,रवि सिंह,आशु अभिनव,अमिताभ सिंह उर्फ मुन्ना सिंह,भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी,बुद्धिजीवी,लोगो ने बजट का सराहना किया है।

# रौशन कुमार की हत्या के बाद युवक के पाकेट से बरामद रुपये को सल्लू खान ने स्वजनों को लौटाया

औरंगाबाद। देव थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव में रफीगंज थाना क्षेत्र के भदवा पंचायत के सिमरा जमशेदपुर देवेंद्र शर्मा के पुत्र 19 वर्षीय रौशन कुमार की हत्या के बाद उसके पाकेट से बरामद रुपये को सल्लू खान ने अपने हिरासत में ले लिया। घटना की सूचना पर जब स्वजन सदर अस्पताल पहुंचे तो कांग्रेस नेता समाजसेवी मो. शहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने स्वजनों को आधार कार्ड, पेन कार्ड सहित सभी रुपये ईमानदारारी पूर्वक लौटा दिया।

सल्लू खान ने पैसा लौटते समय कहा कि सब पैसा स्वजन को लौटा दिया गया है। रुपये आम लोगों के बीच दिया गया है। रुपये लौटाने के बाद सल्लू खान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सल्लू खाने ईमानदारी पूर्वक जो पैसा लौटाया और धनबाद के पात्र हैं। सदर अस्पताल के चिकित्सक भी सल्लू की ईमानदारी के लिए बधाई दिया।

# बीएनएमयू में इंटर कॉलेज खेल प्रतियोगिता का बिगुल बजा, कैलेंडर जारी

मधेपुरा। भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक परिषद ने सोमवार को सत्र 2024-25 का खेल कैलेंडर जारी कर दिया। कुलपति प्रो. (डॉ.) विमलेन्दु शेखर झा ने खेल एवं सांस्कृतिक कैलेंडर को स्वीकृति देते हुए खेल के बेहतर आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दी। उन्होंने सभी प्राचार्यों और पदाधिकारियों को खेल को प्राथमिकता देने को कहा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बीएनएमयू के ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी टूनार्मेंट में पदक जीत कर लाएँ, तभी आयोजन की सार्थकता है। क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक परिषद के निदेशक डॉ.मो.अबुल फजल ने कहा कि सभी खेल एवं सांस्कृतिक आयोजनों को समय पर आयोजित किया जाएगा। इस सम्बन्ध में महाविद्यालयों के प्राचार्यो को पत्र लिखा जा रहा है।

# विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षक ही दिखा सकते है नयी राह : प्रो केके

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। राजभवन की पहल पर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के एसबी कॉलेज में गुरू पूर्णिमा के मौके पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

गुरू शिष्य परंपरा विषय पर आयोजित संगोष्ठी का उद्घाटन विवि के छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो केके सिंह, प्राचार्या डॉ पूनम कुमारी, डॉ आनंद भूषण पाण्डेय, एनएसएस समन्वयक डॉ साधना रावत, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अर्चना कुमारी,मेराज दानापुरी सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। आयोजन एनएसएस के माध्यम से किया गया। संचालन डॉ पंकज कुमार और धन्यवाद ज्ञापन डॉ आनंद भूषण पाण्डेय ने किया। छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो केके सिंह ने कहा कि शिक्षा में सत्य निष्ठा ईमानदारी एवं संस्कार से युक्त बनाती है। आज के समय में नैतिकता एवं ईमानदारी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरू शिष्य परंपरा का निर्वहन करने को कहा। प्राचीन शिक्षा व्यवस्था से लेकर मौजूदा शिक्षा व्यवस्था पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि गुरू हमेशा अपने शिष्य को चरित्रवान बनाने की कोशिश करते है। कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षक ही नयी राह दिखा सकते है। प्राचार्या डॉ पूनम कुमारी ने कहा कि शिक्षा विश्व से और गुरु विश्व कल्याण से जोड़ते है। शिक्षक हमेशा चाहते है उनके शिष्य बेहतर करें। डॉ आनंद भूषण पाण्डेय ने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली ने गुरुकुल परंपरा से लेकर आधुनिक शैक्षणिक परिदृश्य को देखा है। मौके पर डॉ अभिनव आनंद, डॉ अशोक कुमार तिवारी, डॉ बिंकटेश्वर चौधरी, डॉ राधिका रमण, डॉ डीपी राय, डॉ मुन्ना कुमार ज्योति, डॉ गीता कुमारी, डॉ नमिता, डॉ अनामिका, डॉ विनय कुमार, डॉ सुजीत कुमार राज, डॉ सिमरन सहित अन्य शिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने नये बीडीओ का किया भव्य स्वागत

रिविलगंज । रिविलगंज प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी रितेश कुमार सिंह रिविलगंज प्रखण्ड में बीडीओ के पद भार ग्रहण करने के बाद भाजपा जिला के मुख्य प्रवक्ता सह सारण सांसद रिविलगंज के प्रतिनिधि के रूप में धर्मेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा के प्रमुख वरिस्ठ कार्यकर्ताओ के साथ प्रखण्ड कार्यालय जाकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रितेश कुमार सिंह को अंग वस्त्र ,बुके , गीता ,माला देकर स्वागत किया गया एवं प्रखण्ड के विकास कार्यो पर विस्तार से चर्चा किया गया। कार्यकर्ताओ द्वारा प्रखण्ड में राशन कार्ड से हजारों गरीबो का नाम कट जाने के बारे में बीडीओ को जानकारी दिया गया एवं सभी पंचायतों में बहुत ही गरीब को अभी भी राशन कार्ड से वंचित है उनको बनाने के लिये आग्रह किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रितेश कुमार सिंह ने कहा कि कार्यकताओं को आश्वस्त किया कि आप सभी के बातों का पूरा करने का प्रयाश किया जाएगा। आने वाले बाढ़ एवं सुखार पर भी चर्चा किया गया।भाजपा के जिला मुख्य प्रवक्ता सह रिविलगंज सांसद प्रतिनिधि के रूप में धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजना गरीबो तक बहुचे इसकी भी चिंता करनी होगी।

# 500 कंपनियों में युवाओं को इंटर्नशिप कराने का निर्णय स्वागतयोग्य : डॉ. राजेश राय

प्रात : किरण संवाददाता



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नए कार्यकाल का पहला बजट सरकार के भविष्य की सकारात्मक नीति को स्पष्ट दिखा रहा है। यह बजट मुख्य रूप से रोजगार , कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर केंद्रित रहा। इस बजट में मुख्य रूप से कृषि के क्षेत्र में जैव-आदान संसाधन केंद्र और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना की बात की गई है। कौशल प्रशिक्षण के तहत देश भर में 1 हजार रोजगार प्रशिक्षण केंद्र खोलने की बात की गई है। और 5 वर्ष की अवधि में 20 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किए जाने की बात की गई है ।उच्चतर शिक्षा के लिए 10 लाख रुपए तक के ऋण देने की बात की गई है ।कैंसर जैसे गंभीर बीमारी की दवा में सीमा शुल्क छुट करना सराहनीय पहल है। सरकार द्वारा बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए 'पूर्वोदय' योजना लाने की बात की गई है। पूर्वोदय' योजना के तहत सरकार पूर्वी क्षेत्र में विकास के लिए औद्योगिक गलियारे का समर्थन करेगी। इसके तहत मानव संसाधन विकास, बुनियादी विकास पर ध्यान दिया जाएगा। साथ ही बिहार में जनहित से संबंधित बाढ़ की समस्या से निजात के लिए भारत सरकार द्वारा नेपाल के साथ मिलकर काम करने की बात कही गई है ।राज्य में बाढ़ नियंत्रण के लिए इस बजट में 11500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

पूर्वोत्तर क्षेत्र में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की 100 से अधिक शाखाएं खोलने की बात की गई है। ताकि पूर्वोत्तर का आर्थिक विकास तेजी से हो। साथ ही देश की युवा पीढ़ी के लिए इंटर्नशिप की पहल सरकार के दूरगामी सोच को दशार्ता है। 5 वर्ष की अवधि में 1 करोड़ युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराने की योजना सरकार द्वारा तैयार की गई है। सीएसआर निधि के माध्यम से प्रति माह 5,000 रुपए का भत्ता देने की बात भी की गई है। कुल मिलाकर यह एक संतुलित बजट है। यह सरकार के दूरगामी सकारात्मक सोच को दशार्ता है।

# जदयू ने विधानसभा 2025 चुनाव की जीत सुनिश्चित करने को लेकर तैयारी किया शुरू

छपरा कार्यालय। पटेल छात्रावास छपरा में जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी की बैठक आहूत की गई ।मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष पशुपतिनाथ पटेल ने किया।

पूर्व मंत्री सह प्रदेश उपाध्यक्ष मुनेश्वर चौधरी ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव को जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यकर्ता साथियों को एक जुट रहने की जरूरत है। पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ने कहा कि सारण के जदयू कार्यक्रता क्रांतिकारी है आप साथियों के सहयोग से ही संगठन को मजबूती मिलेगी। विधान परिषद के पूर्व उपसभापति सलीम परवेज ने कहा कि हम लोग विकास पुरुष नीतीश कुमार के सिपाही है इन्होंने बिहार के सभी समाज के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित किए है। प्रदेश उपाध्यक्ष बैधनाथ प्रसाद सिंह विकल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को आम जनता को बताने की जरूरत है ।

बैठक में मुख्य रूप से ओमप्रकाश शर्मा जयप्रकाश यादव,छावीनाथ सिंह , अरशद परवेज मुन्नी,डाङ्क दिनेश कुशवाहा, डाङ्क विशाल सिंह राठौर,महेश सिंह,राखी कुशवाहा,मनोज सिंह ,चंद्रभूषण पंडित,बालमुकुंद चौहान,बसंती देवी,प्रभास शंकर,सुधाकर भारद्वाज,कुसुम देवी, चांदनी सिंह,संभू मांझी,गुड्डी जयसवाल,परमेश्वर सिंह पटेल,अनील सिंह, लालमुनि देवी,लियाकत अली,राजीव सिंह गुड्डू सिंह,रमेश किशन सिंह कुशवाहा,इम्तेयाज परवेज,दिलीप ठाकुर,सत्यनारायण सिंह,सोहाग सिंह,अनंत गोंड , रविंदर सिंह,अजय सिंह ,संजीव सिंह,विजय दांगी,मोहन सिंह,वसीम अकरम, ,सविता सिंह,पंकज सिंह,कुसुम रानी,प्रभुनाथ पटेल ,अच्छेलाल राय,फैजुल्ला अंसारी,पवन सिंह,वीरेंद्र गिरि ,साहेब राय,सुनील सिंह,हसनैन अंसारी उपस्थित थे ।

# केंद्रीय बजट में खेलो इंडिया के लिए 900 करोड़ रुपए आवंटित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रमुख परियोजना खेलो इंडिया को एक बार फिर खेल मंत्रालय के लिए केंद्रीय बजट में सबसे अधिक राशि आवंटित हुई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा मंगलवार को पेश केंद्रीय बजट में खेल मंत्रालय के लिए 3,442.32 करोड़ रुपए में से खेलो इंडिया के लिए 900 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यह रकम पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 880 करोड़ रुपए के संशोधित आवंटन से 20 करोड़ रुपए अधिक है।

इस साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक चक्र समाप्त होने वाला है और राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों अभी भी दो साल का समय है। ऐसे में खेल मंत्रालय के बजट में पिछले चक्र की तुलना में केवल 45.36 करोड़ रुपए की मामूली वृद्धि की गई है। खेल मंत्रालय के लिए पिछले वित्तीय वर्ष के लिए पिछले चक्र का बजट 3,396.96 करोड़ रुपए था। सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में खेलो इंडिया में भारी निवेश किया है क्योंकि यह कार्यक्रम देश के सभी हिस्सों से प्रतिभाओं को सामने लाने का काम करता है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में खेलो इंडिया का वास्तविक आवंटन 596.39 करोड़ रुपए था। अगले साल (2023-24) के बजट में लगभग 400 करोड़ रुपए से अधिक बढ़ाकर 1,000 करोड़ रुपए कर दिया गया था। इसे हालांकि संशोधित कर 880 करोड़ रुपए किया गया था। खेलो इंडिया युवा खेलों 2018 (केआईवाईजी) की शुरुआत के बाद से सरकार ने इसमें और खेल आयोजनों को जोड़ना जारी रखा है।



मंत्रालय ने उसी वर्ष खेलो इंडिया शीतकालीन खेल और 2023 में खेलो इंडिया पैरा खेलों शुरू करने के साथ 2020 में खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों की शुरुआत की। देश भर में सैकड़ों खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) स्थापित किए गए हैं, जिनका उद्देश्य प्रतिभाशाली उदीयमान खिलाड़ियों को सुविधाएं प्रदान करना है। खेलो इंडिया के कई एथलीट वर्तमान में भारतीय ओलंपिक दल में शामिल हैं। राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को सरकार की सहायता में भी 15 करोड़ रुपए की वृद्धि की गई है। यह 2023-24 में 325 करोड़ रुपए से बढ़कर नवीनतम बजट में 340 करोड़ रुपए हो गई है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) का बजट भी 795.77 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 822.60 करोड़ रुपए कर दिया गया है। इसमें 26.83 करोड़ रुपए का उछाल है। साइ देश भर में अपने स्टेडियमों के रख रखाव अलावा वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) का प्रबंधन भी करता है।

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) और राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) को बजट में मामूली वृद्धि मिली है। नाडा और एनडीटीएल का काम खिलाड़ियों की डोपिंग जांच करना है। नाडा के बजट को 21.73 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 22.30 करोड़ रुपए कर दिया गया है जबकि एनडीटीएल के बजट को 19.50 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 22 करोड़ कर दिया गया है।

## एंडी मर्रे ने संन्यास की घोषणा की, पेरिस ओलंपिक के बाद कहेंगे अलविदा



**पेरिस (एजेंसी)।** दो बार ओलंपिक पुरूष एकल चैम्पियन एंडी मर्रे ने मंगलवार को पुष्टि की कि पेरिस ओलंपिक के बाद वह खेल से संन्यास लेंगे। सैतीस वर्ष के मर्रे ने एक्स पर पोस्ट किया, 'अपने आखिरी टेनिस टूर्नामेंट के लिये पेरिस पहुंच गया हूं। पेरिस ओलंपिक में टेनिस स्पर्धा रोलां गैरो पर शनिवार से शुरू होंगी। मर्रे ने पहला स्वर्ण पदक 2012 लंदन ओलंपिक में ग्रासकोर्ट पर जीता था जिसमें उन्होंने रोजर फेडरर को तीन सेटों में हराया था। इसके बाद 2016 में रियो दि जिनेरियो में हार्डकोर्ट पर जुआन मार्टिन देल पोत्रो को हराकर खिताब जीता था। मर्रे ने 2019 में कूल्हे की प्रत्यारोपण सर्जरी कराई थी।

## भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए श्रीलंका टीम की घोषणा, असालांका को मिली कप्तानी




**पाल्लेकल (एजेंसी)।** चरित असालांका भारत के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में श्रीलंका के कप्तान होंगे। वह टी20 विश्व कप में टीम के जल्दी बाहर होने के बाद इस्तीफा देने वाले स्पिन हरफनमौला वानिंदु हसरंगा की जगह लेंगे। स्पिन हरफनमौला वानिंदु हसरंगा के बाद असालांका को कप्तानी सौंपी गई है। हसरंगा ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में पिछले महीने हुए टी20 विश्व कप में श्रीलंका की कप्तानी की थी। असालांका ने इस साल की शुरूआत में बांग्लादेश दौरे पर भी दो टी20 मैचों में श्रीलंका की कप्तानी की थी जब हसरंगा आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के कारण निलंबन झेल रहे थे। श्रीलंका के पूर्व अंडर-19 कप्तान असालांका ने इस साल एलपीएल में जाफना किंग्स को अपनी कप्तानी में खिताब दिलाया था। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम सोमवार की रात को यहां पहुंच गई।

### श्रीलंका टीम

चरित असालांका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल जनित परेरा, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस, दिनेश चांदीमल, कामिंदु मेंडिस, दासुन शनाका, वानिंदु हसरंगा, दुनिथ वेलालागे, महीष तीक्षणा, चामिंदु विक्रमसिंघे, मथीसा पथिराना, नुवान तुषारा, दुष्मंता चामीरा, बिनुरा फर्नांडो।

## ओलंपिक रजत पदक विजेता वोंड्रोसोवा और हुरकाज ने पेरिस ओलंपिक से वापस लिया नाम

**पेरिस (एजेंसी)।** तोक्यो ओलंपिक टेनिस रजत पदक विजेता मरकेटा वोंड्रोसोवा ने हाथ की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से नाम वापस ले लिया। पोलैंड के हुबर्ट हुरकाज ने भी घुटने की चोट से कारण नाम वापस लेने का फैसला किया है। पिछले साल विम्बलडन जीतने वाली चेक गणराज्य की वोंड्रोसोवा इस महीने विम्बलडन से पहले दौर में बाहर हो गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर ओलंपिक से हटने की जानकारी देते हुए कहा कि उनका फोकस अगस्त में होने वाले अमेरिकी ओपन पर है। ओलंपिक में टेनिस स्पर्धा के ड्रॉ बृहस्पतिवार को निकाले जाएंगे जबकि मैच शनिवार से शुरू होंगे।



द्रविड़ के टी20 विश्व कप जीत के जश्न पर बोले अश्विन

# मैंने उन्हें कप को गले लगाते और रोते हुए देखा...

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय स्पिन दिग्गज रविचंद्रन अश्विन ने खुलासा किया कि उन्होंने उस पल को वास्तव में महसूस किया जब पूर्व भारतीय मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने आईसीसी टी20 विश्व कप को गले लगाया और कोच के रूप में अपने अंतिम कार्य में 11 वर्षों में मेन इन ब्लू को उनकी पहली बड़ी ट्रॉफी दिलाने के बाद रोए।

भारत के साथ मुख्य कोच के रूप में द्रविड़ का कार्यकाल 29 जून को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हराकर टी20 विश्व कप जीतने के साथ समाप्त हो गया। महान क्रिकेटर, जो एक खिलाड़ी और कप्तान के रूप में प्रमुख आईसीसी विश्व कप ट्रॉफी नहीं जीत सके, को आखिरकार कोच के रूप में भारत के साथ अंतिम अंतरराष्ट्रीय कार्य एक बड़ी सफलता साबित हुई। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को उनके उत्तराधिकारी के रूप में घोषित किया गया, जो 27 जुलाई से श्रीलंका के व्हाइट-बॉल दौरे में अपने युग की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं।



अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए अश्विन ने कहा, मेरा पल वह था जब विराट कोहली ने राहुल द्रविड़ को बुलाया और कप दिया... मैंने उन्हें कप गले लगाते और रोते हुए देखा। राहुल द्रविड़ चिल्लाए और रोए। मैंने उन्हें इसका लुत्फ उठाते देखा। मैंने इसे बहुत महसूस किया।

अश्विन ने द्रविड़ की सफलता की सराहना की, भले ही उन्हें एक खिलाड़ी और कोच के रूप में अपने करियर में आलोचनाओं और असफलताओं का सामना करना पड़ा हो, जैसे कि 2007 के 50 ओवर के विश्व कप के पहले दौर से बाहर होना। अश्विन ने कहा कि उन्हें पता था कि पिछले दो-तीन सालों से वह टीम के लिए कितना अच्छा कर रहे थे और उन्होंने टीम के दृष्टिकोण को बदल दिया है।

उन्होंने कहा, मैं एक ऐसे व्यक्ति के बारे में बात करना चाहता हूं जो पवित्र है। 2007, 50 ओवर का विश्व कप। भारत बाहर हो गया। उस समय कप्तान राहुल द्रविड़ थे। उसके बाद वह एकदिवसीय टीम की कप्तानी नहीं करते। वह भारतीय टीम के साथ रहे हैं। अगर कुछ ठीक नहीं होता है, अगर भारतीय टीम बाहर हो जाती है, अगर वे कोई मैच हार जाते हैं, तो तुरंत लोग पूछते हैं कि द्रविड़ क्या कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, मुझे पता है कि वह पिछले दो-तीन सालों से इस टीम के साथ क्या कर रहे हैं। मुझे पता है कि वह कितने संतुलित हैं। मुझे पता है कि उन्होंने इस दृष्टिकोण को बदलने के लिए कितनी मेहनत की है। मुझे पता है कि उन्होंने अपने प्रत्येक खिलाड़ी को क्या दिया है। यहां तक ??कि जब वह घर पर बैठे होते हैं, तब भी वह यह योजना बनाते रहते हैं कि यह कैसे करना है और वह कैसे करना है।



## भारतीय क्रिकेट टीम श्रीलंका पहुंची, गर्मजोशी से हुआ स्वागत

**पाल्लेकल (एजेंसी)।** नए मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ भारतीय पुरूष क्रिकेट टीम कोलंबो के रास्ते यहां पहुंच गई जिसका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पंद्रह सदस्यीय भारतीय टीम सहयोगी स्टाफ के साथ सोमवार को मुंबई से रवाना हुई। इससे पहले गंभीर और चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने मीडिया को संबोधित किया था।

कोलंबो में कुछ देर रूकने के बाद टीम सीधे पाल्लेकल पहुंच गई। भारत को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 और वनडे श्रृंखला खेलनी है। पहला टी20 मैच 27 जुलाई को खेला जाएगा जबकि बाकी दो 28 और 30 जुलाई को होंगे। भारतीय टीम दो, चार और सात अगस्त को तीन वनडे खेलेगी। बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा, 'मुंबई से कोलंबो के रास्ते पाल्लेकल। टीम इंडिया श्रीलंका पहुंची।

### भारतीय टीम

**टी20 टीम** - सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई , अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, मो. सिराज।

**वनडे टीम** - रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद। सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा।

भारत के साथ सीरीज नहीं...

## चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पीसीबी की हालत खराब, आईसीसी से लगाई ये गुहार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को साफ कर दिया कि उसने भारत के खिलाफ कोई विदेशी टी-20 सीरीज खेलने का प्रस्ताव नहीं दिया है। पीसीबी का पूरा ध्यान फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी को अच्छे से आयोजित करने पर है। ऐसी बातें हुई थीं कि पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी बीसीसीआई अधिकारियों के साथ इंग्लैंड या ऑस्ट्रेलिया जैसे किसी विदेशी स्थान पर टी-20 सीरीज की संभावना पर चर्चा करेंगे। हालांकि, एक रिपोर्ट में कहा गया है कि, ऐसा कोई प्रस्ताव विचार में नहीं है क्योंकि अभी हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती चैंपियंस ट्रॉफी को अच्छे तरीके से आयोजित करना है और हमारा अंतरराष्ट्रीय मैचों का कार्यक्रम भी बहुत व्यस्त है।



**आईसीसी की बैठक में यह हुआ** - माना जा रहा है कि कोलंबो में हुए आईसीसी की बैठक में पीसीबी मुख्य रूप से दो बातों पर जोर दिया। पहला चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बजट मंजूर करवाना और दूसरा बीसीसीआई से यह भरोसा लेना कि भारत अपनी टीम पाकिस्तान में खेलने के लिए भेजेगा।पीसीबी के एक सूत्र ने कहा, यही हमारा मुख्य एजेंडा है। इसलिए भारत के साथ किसी भी तरह की बायलेटरल सीरीज के बारे में सोचने का सवाल ही नहीं उठता। भारत ने 2012 से पाकिस्तान के साथ बायलेटरल सीरीज को रोक दिया था।

**2007 में खेला गया था आखिरी टेस्ट सीरीज** - भारत और पाकिस्तान के बीच साल 2007 के बाद कोई टेस्ट सीरीज नहीं खेली गई है और कोई संभावना भी नहीं है कि फिलहाल कोई सीरीज खेली जाएगी। ऐसे में अब यह माना जा रहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की भागीदारी भी अनिश्चित है, क्योंकि ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि भारतीय टीम अपने मैच पाकिस्तान से बाहर खेलना चाहती है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ कि टीम इंडिया ने पाकिस्तान की मेजबानी में किसी टूर्नामेंट का बहिष्कार किया है। एशिया कप में टीम इंडिया ने अपने मुकाबले श्रीलंका में खेले थे।

हैलो इंडिया, आइए एक साथ आएं-

# पेरिस ओलंपिक में गए भारतीय एथलीट्स के लिए बोले ऋषभ पंत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय दल को शुभकामनाएं दीं। भारतीय दल, जिसमें 117 एथलीट शामिल हैं, पेरिस में अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ पदक जीतने पर नजर लगाए होंगे, जो 26 जुलाई से शुरू होगा।

ग्रीष्मकालीन खेलों से पहले, टी20 विश्व कप चैंपियन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर एथलीटों के लिए एक वीडियो संदेश साझा किया और इसे कैप्शन दिया- पेरिस में तिरंगा ऊंचा लहराए। हमारे भारतीय ओलंपिक एथलीटों को पेरिस 2024 के लिए शुभकामनाएं।

पंत ने वीडियो संदेश में कहा कि हैलो इंडिया, आइए एक साथ आएं और हमारे भारतीय ओलंपिक एथलीटों का समर्थन करें जो हमारे देश को गौरवान्वित करने के लिए वर्षों से अथक प्रयास कर रहे हैं। आइए उनकी कड़ी मेहनत के लिए अपनी सराहना दिखाएं वे दुनिया के सबसे बड़े मंच पर चमकते हैं।



भारत ने टोक्यो संस्करण में एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य सहित सात पदक जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ पदक हासिल किया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भी भारतीय ओलंपिक संघ को वित्तीय सहायता प्रदान करके भारतीय एथलीटों के समर्थन में सामने आया है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पिछले रविवार को घोषणा की कि बोर्ड अभियान के लिए आईओए को 8.5 करोड़ रुपये प्रदान करके भारत के पेरिस ओलंपिक 2024 दल का समर्थन करेगा। शाह ने एक्स के पास जाकर निर्णय की घोषणा की और भारतीय दल को शुभकामनाएं भी दीं।

उन्होंने लिखा- मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि ॠॠष्टद्ध 2024 पेरिस ओलंपिक में ममभारत का प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे अविश्वसनीय एथलीटों का समर्थन करेगा। हम अभियान के लिए द्धह्र को 8.5 करोड़ रुपये प्रदान कर रहे हैं। हमारे पूरे दल को, हम आपको शुभकामनाएं देते हैं। भारत को गौरवान्वित करें! पेरिस ओलंपिक 2024 26 जुलाई को शुरू होगा और 11 अगस्त को समाप्त होगा। भारत के 117 एथलीट पेरिस ओलंपिक में 20 विषयों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

लंका प्रीमियर लीग 2024

## रिले रोसौव का शतक, जाफना किंग्स ने जीता चौथा खिताब

**जाफना (एजेंसी)।** जाफना किंग्स ने रविवार को लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के फाइनल मुकाबले में गॉल मार्वल्स को नौ विकेट से हराकर अपना रिकॉर्ड-चौथा खिताब जीता। सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रिले रोसौव ने जाफना को फाइनल में महत्वपूर्ण जीत दिलाई। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने गॉल के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं और नाबाद शतक जमाया, जिससे जाफना ने कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में हुए फाइनल मुकाबले में 185 रनों का पीछा करते हुए सिर्फ 15.4 ओवर में नौ विकेट से जीत दर्ज की।

रोसौव की पारी दबाव में आ गई क्योंकि जाफना ने रन चेज़ की पहली ही गेंद पर अपने सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका को खो दिया था। रोसौव ने अपनी पारी के दौरान 9 चौके और 7 छक्के लगाए और मार्वल्स की हवा निकाल दी। इसी तरह कुशल मेंडिस ने 40 गेंदों में 72* रन की पारी खेली। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने अपनी पारी के दौरान आठ चौके और दो छक्के लगाए।



मैच जीतने के बाद रोसौव ने कहा कि एक समय में बस एक ही गेंद खेली। शानदार पारी के लिए कुसल को भी श्रेय जाता है। वह क्वालीफायर में और आज रात हमारे लिए आए सामने आए। राजपक्षे के साथ बहस पर उन्होंने कहा कि जो लोग मुझे जानते हैं वे मुझे गाली नहीं देते। यह खेल का हिस्सा है। शुक्र है कि यह आज सामने आ गया। टूर्नामेंट जीतने के लिए ही हम यहां आए थे।

खिताब जीतने के बाद जाफना के कप्तान चरित असलांका ने कहा कि यह अद्भुत एहसास है। पहली बार एलपीएल में कप्तानी करना और ट्रॉफी उठाना अद्भुत अहसास है। यह सब पेशेवर व्यक्तिगत प्रदर्शन के बारे में है। उन्होंने अपना ख्याल रखा। मैं उनकी बल्लेबाजी से निःशब्द हूं। पहला विकेट पहली ही गेंद पर गया और रिले और कुसल ने शानदार प्रदर्शन किया। अपने प्रशंसकों को धन्यवाद देना चाहता हूं।

पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर बासित अली का बड़ा बयान

## जय शाह की बातों को कुछ क्रिकेट बोर्ड आंख मूंदकर मान लेते हैं

**करांची (एजेंसी)।** पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर बासित अली ने बीसीसीआई सचिव जय शाह की आलोचना की है क्योंकि भारत ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया है। उन्होंने शाह पर अपनी प्राथमिकताओं के अनुरूप अन्य क्रिकेट बोर्डों पर अनुचित प्रभाव डालने का भी आरोप लगाया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पहले ही इस आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं, जिसमें स्टेडियम का व्यापक नवीनीकरण शामिल है।

भारत की भागीदारी अनिश्चित बनी हुई है, जिससे टूर्नामेंट की योजना पर संदेह के बादल मंडरा रहे हैं। बीसीसीआई ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से भारत के चैंपियंस ट्रॉफी मैचों को किसी तटस्थ स्थान पर स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। यह कदम इसलिए उठाया जा रहा है क्योंकि भारत सरकार टीम की पाकिस्तान यात्रा के लिए मंजूरी देने से इनकार कर सकती है। बीसीसीआई के रुख से निराश अली ने अपने यूट्यूब चैनल पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, 5-6 बोर्ड हैं, वे जय शाह की कही गई बातों पर अपनी पूंछ हिलाकर बात करेंगे। अगर वह कहते हैं कि चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में होगी, तो वे सहमत होंगे। अगर वह कहते हैं कि यह एक हाइब्रिड मॉडल होगा, तो वे उस पर भी सहमत होंगे।



पूर्व क्रिकेटर ने सुझाव दिया कि शाह ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए पर्याप्त भुगतान की पेशकश करके प्रमुख क्रिकेट बोर्डों का समर्थन हासिल किया है। अली ने कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि जब उनके खिलाड़ी आईपीएल में खेलते हैं, तो बीसीसीआई अपने बोर्ड को बड़ी रकम का भुगतान करता है, चाहे वह इंग्लिश बोर्ड हो, न्यूजीलैंड बोर्ड हो, वेस्टइंडीज बोर्ड हो या ऑस्ट्रेलिया बोर्ड हो।

हाल ही में कोलंबो में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के बजट को आधिकारिक तौर पर मंजूरी दी गई। बैठक के अंतिम दिन यह मंजूरी दी गई। मेजबान देश पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने किया। बजट को आईसीसी के मुख्य वित्त अधिकारी अंकुर खन्ना और पीसीबी के मुख्य वित्त अधिकारी जावेद मुर्तजा ने सावधानीपूर्वक तैयार किया था। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक आयोजित होगी।

## संक्षिप्त समाचार



### सपा नेता के हत्यारोपी को पुलिस एनकाउंटर में लगी गोली

**गोंडा, एजेंसी।** यूपी के गोंडा के राजाटोला गांव में 19 जुलाई को चुनावी रंजिश के चलते घर में सोते समय दिनदहाडे सपा से जुड़े ओमप्रकाश सिंह की धारदार हथियार से की गई निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक एनकाउंटर में रोहित सिंह नामक आरोपी को दबोच लिया है। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली भी लगी है। वहीं घटना के आरोपी भाजपा सभासद के घर की बाउंड्री पुलिस ने बुलडोजर से ढहा दी है। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि भौरीगंज रोड स्थित नहर पुलिया के पास परसपुर पुलिस की हुई मुठभेड़ में ग्राम नंदौर के बलगर पुरवा निवासी रोहित सिंह के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने घायल रोहित को पहले नजदीकी सीएचसी पहुंचाया जिसके बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया है। साथ ही मुख्य आरोपी पिता-पुत्र, लल्लन सिंह के घर की बाउंड्रीवाल ढहा दी गई है। पुलिस ने घर के बाहर खड़े दो ट्रैक्टर और दो बाइक को कब्जे में ले लिया है। पुलिस लगातार हत्यारोपियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। इसके बावजूद अभी तक मुख्य आरोपी पिता - पुत्र को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पांच दिन बीतने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से पूरे गांव और कस्बे के लोगों में डर और गुस्से का माहौल है।

### भगवा आतंकवाद पर बवाल, कांग्रेस नेता पर आरोप के बाद उबले हिंदू संगठन

**बुरहानपुर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के बुरहानपुर में भगवा आतंकवाद शब्द का इस्तेमाल करते हुए नारेबाजी करने पर हिंदू संगठन बेहद आक्रोशित हैं। उन्होंने पुलिस से एफआईआर की मांग करते हुए सात दिन की मोहलत दी है। ऐसा नहीं होने पर पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। आरोप है कि कांग्रेस के अल्पसंख्यक मोर्चा के एक नेता फरीद काजी राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने तहसीलदार के दफ्तर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कुछ समर्थकों के साथ नारेबाजी की थी, जिसमें भगवा आतंकवाद शब्द का इस्तेमाल किया गया था। हिंदू संगठनों का आरोप है कि शनिवार को फरीद काजी ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को एक ज्ञापन महामाहिम के नाम सौंपा था। जिसमें मांग की गई थी कि महाराष्ट्र के कोल्हापुर में मस्जिद में तोड़फोड़ करने वाले लोगों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। इस दौरान ज्ञापन देने आए लोगों ने जमकर नारेबाजी भी की थी, जिसमें भगवा आतंकवाद शब्द का भी इस्तेमाल किया गया था। इसी को लेकर नाराज हिंदू जागरण मंच समेत अन्य संगठनों के पदाधिकारी कोतवाली थाने पहुंचे। उन्होंने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए एक ज्ञापन भी दिया।

### अब हमें समान नागरिक संहिता की जरूरत समझनी होगी, बोले एमपी हाईकोर्ट के जज?

**इंदौर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति अनिल वर्मा ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि कानून बनाने वालों को यह समझने में कई साल लग गए कि तीन तलाक असंवैधानिक है और समाज के लिए बुरा है। अब हमें देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की जरूरत को समझना चाहिए। न्यायमूर्ति वर्मा ने पिछले हफ्ते भारतीय दंड संहिता, मुस्लिम महिला (विवाह के अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019 और दहेज निषेध अधिनियम 1961 के तहत आरोपों का सामना कर रही मुंबई की दो महिलाओं की याचिका पर यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति अनिल वर्मा की सिंगल बेंच ने कहा कि समाज में कई अन्य अपमानजनक, कट्टरपंथी, अंधविश्वासी और अति-रूढ़िवादी प्रथाएं प्रचलित हैं। इन प्रथाओं को आस्था और विश्वास के नाम पर छिपाया जाता है। हालांकि संविधान में पहले से ही अनुच्छेद 44 में नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता की वकालत की गई है।

# अजित पवार की एनसीपी के पोस्टरों से मुख्यमंत्री ही गायब



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में एनडीए गठबंधन के बीच सब सही चल रहा है? यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि पिछले कुछ दिनों के घटनाक्रम ने तनाव के संकेत दिए हैं। लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद पहले हार का ठीकरा एक-दूसरे पर फोड़ा गया। इसके बाद अब विधानसभा सीटों के लिए रस्साकशी तेज है। वहीं अब अजित पवार की एनसीपी की ओर से लड़की-बहिन योजना के पोस्टर लगाए गए हैं। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पिछले महीने विधानसभा में अपने बजट भाषण में 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन' योजना की घोषणा की थी। पवार एकनाथ शिंदे सरकार में वित्त मंत्री भी हैं। ये पोस्टर सोमवार को पवार के जन्मदिन के अवसर पर अहमदनगर जिले के पारनेर, अहमदनगर, श्रीगोंडा और कर्जत-जामखेड विधानसभा क्षेत्रों के उनके दौरे के दौरान लगाए गए थे।

चारों स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में पवार ने महिलाओं को संबोधित किया और योजना का उल्लेख 'माझी लाडकी बहिन' के रूप में किया गया, जबकि 'मुख्यमंत्री' शब्द का कोई उल्लेख नहीं किया गया। इस स्कीम के तहत उन परिवारों की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये की रकम दी जाएगी, जिनके परिवार की सालाना आय 2.5 लाख से कम होगी। डिप्टी सीएम अजित पवार ने बीते महीने बजट के दौरान स्कीम का ऐलान किया था। वह राज्य के वित्त मंत्री भी हैं। अजित पवार इस बीच अहमदनगर, श्रीगोंजा, करजात-जमखेद के इलाकों में गए ताकि असेंबली चुनाव से पहले कुछ बढ़त बनाई जा सके। उन्होंने कई विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया और इसी दौरान ये पोस्टर सामने आए। उनके इन दौरों के वक्त ही पिंक कलर में पोस्टर लगाए गए थे। इनमें अजित पवार की तस्वीरें तो थीं, लेकिन सीएम का जिक्र तक नहीं था। इसे लेकर कयास तेज हो गए हैं, लेकिन अजित पवार की एनसीपी की ओर से अब सफाई दी जा रही है। एनसीपी का कहना है कि इसमें कोई विवाद नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पर विवाद की जरूरत नहीं है। स्कीम का नाम माझी लड़की बहिन है। इसलिए इसका जिक्र बैनरों पर किया गया है। इसमें न तो कोई राजनीति है और न ही किसी का अपमान किया गया है।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा में आपस में ही भिड़े भाजपा के दो नेता

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में सोमवार को उस समय अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गई जब कुरूद से भाजपा के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर अपनी ही पार्टी के नेता उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा से भिड़ गए। बता दें कि बिरकोना में किसान की मौत के मामले में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और भावना बोहरा ध्यानाकर्षण लेकर आए। नारेबाजी के बीच प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विजय शर्मा और भाजपा विधायक अजय चंद्राकर के बीच तीखी बहस देखी गई। विपक्ष की नारेबाजी और विजय शर्मा और अजय चंद्राकर के बीच तीखी बहस के बीच सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। बिरकोना में किसान की मौत के मामले में अजय चंद्राकर और भावना बोहरा ने ध्यानाकर्षण लाते हुए सवाल किया कि किसान कोमल साहू ने आत्महत्या की या उसकी हत्या हुई है यह साफ होना चाहिए क्योंकि शरीर में चोट के निशान थे, जिसका पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जिक्र नहीं है। विजय शर्मा से तीखी बहस के बीच अजय चंद्राकर पिपरिया थाना के पूरे स्टाफ को हटाने की मांग कर रहे थे। हालांकि गृह मंत्री विजय शर्मा ने अजय चंद्राकर की मांग को अस्वीकार कर दिया। हंगामा एवं शोरशराबे को देखते हुए सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विधायक भावना बोहरा ने कहा कि कोमल साहू की मृत्यु को उसके परिजन हत्या बता रहे हैं। इसकी दृष्टि से पूरी मामले की जांच कराई जानी चाहिए।

## बंगाल भूमि घोटाले में तीसरा टीएमसी नेता गिरफ्तार, सीएम ममता बनर्जी के आदेश पर ऐक्शन



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में कथित भूमि घोटाला मामले में तीसरे टीएमसी नेता की गिरफ्तारी हुई है। सोमवार को दार्जिलिंग जिले में तृणमूल कांग्रेस नेता और नक्सलबाड़ी पंचायत समिति के अध्यक्ष को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया। राज्य भूमि और भूमि राजस्व विभाग ने मामले में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद महीनेभर पहले सीएम ममता बनर्जी ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान चलाने के आदेश दिए थे। गिरफ्तार आरोपी टीएमसी नेता की पहचान असरफ अंसारी के रूप में की गई। अंसारी दार्जिलिंग जिले से गिरफ्तार होने वाले तीसरे सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी के नेता हैं। इससे पहले सिलीगुड़ी-जलपाईगुड़ी विकास प्राधिकरण के बोर्ड सदस्य और डाबग्राम-फुलबारी सामुदायिक ब्लॉक में टीएमसी उपाध्यक्ष गौतम गोस्वामी को 5 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। गोस्वामी पर अध्यक्ष देबाशीष प्रमाणिक का करीबी सहयोगी होने का आरोप लगा था। देबाशीष को 25 जून को गिरफ्तार किया गया था। दोनों को दार्जिलिंग जिला पुलिस ने सिलीगुड़ी क्षेत्र में सरकारी जमीन हड़पने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गोस्वामी और प्रमाणिक से पूछताछ के बाद असरफ अंसारी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद अंसारी ने मीडिया से कहा, मैं एक साजिश का शिकार हूं। मैं स्थानीय आदिवासी लोगों के अधिकारों के लिए लड़ रहा था। सिर्फ यही नहीं भाजपा नेता और पार्टी के किसान मोर्चा के पूर्व जिला सचिव उत्तम रॉय को सरकार द्वारा निहित भूमि पर अवैध रूप से एक रिसॉर्ट स्थापित करने के आरोप में 6 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था।

ये गिरफ़्तारियां मुख्यमंत्री ममता द्वारा 6 जून की प्रशासनिक बैठक में कड़ी चेतावनी देने के लगभग एक महीने बाद की गई है। ममता ने तब बैठक में कहा था, डाबग्राम-फुलबारी क्षेत्र में एक भू-माफिया ऐक्टिव है। मुझे कई शिकायतें मिली हैं। इसमें भू-राजस्व अधिकारी भी शामिल हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस की अब तक की जांच में पता चला है कि भू-माफियाओं ने कई भूखंडों को कई-कई बार बेचा है। एक पुलिस अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आदिवासी समुदायों के स्वामित्व वाली भूमि के पात्रों को भी सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध रूप से परिवर्तित कर दिया गया है। इस मामले में जांच जारी है।

# यूपी में खोजे जा रहे पासी चेहरे, सपा के बाद अब कांग्रेस एक्टिव

**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दल पासी समुदाय को लुभाने में अभी से जुट गए हैं। एक तरफ जहां समाजवादी पार्टी और भाजपा के नेता अपने-अपने तरीकों से पासियों को साध रहे हैं, वहीं अब इस लिस्ट में कांग्रेस भी शामिल हो गई है। कांग्रेस नेताओं ने स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक पासी नेता मसूरिया दीन की आज पुण्य तिथि मनाई। कांग्रेस की ओर से राजधानी लखनऊ के बाहरी इलाके मल्लीहाबाद में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह पासी बहुल क्षेत्र है। इस दौरान पार्टी विचारक के रूप में पासियों के सशक्तिकरण के लिए उनके योगदान पर चर्चा की गई। साथ ही, पासी नेताओं की उपस्थिति में सेमिनार भी आयोजित किया गया। फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से सह-निर्वाचित हुए थे। ब्रिटिश शासन के दौरान आपराधिक जनजाति अधिनियम को हटाने को लेकर आंदोलन शुरू करने का श्रेय उन्हें दिया जाता है। इसके अलावा, उन्होंने अनुसूचित जाति की शिक्षा के लिए भी काफी काम किया। मालूम हो कि वह संविधान सभा के सदस्य थे और आजादी के बाद विधायक व सांसद चुने गए। पासी समुदाय के लिए आज भी उनका बहुत सम्मान करते हैं। अगर उत्तर प्रदेश की बात करें तो यहां जाटवों के बाद पासी दूसरा सबसे बड़ा दलित समुदाय है। ये



लोग राज्य की कुल अनुसूचित जाति आबादी का लगभग 16 प्रतिशत हैं। खासतौर से अवध इलाके में इस समुदाय की बड़ी उपस्थिति है। ध्यान रहे कि फैजाबाद लोकसभा सीट से भाजपा को हराने वाले सपा नेता अवधेश प्रसाद पासी समाज से आते हैं। हाल ही में अपने शपथ ग्रहण समारोह में सपा सांसद ने 2 पासी चेहरों (उदा देवी और महाराजा बिजली पासी) का जिक्र किया था।

पिछले कुछ चुनावों में ऐसे देखा गया है कि पासी समुदाय ने बड़े पैमाने पर भाजपा के पक्ष में वोट दिया है। हालांकि, हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में उनका झुकाव इंडिया गठबंधन की ओर देखा गया। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि यह बदलाव गठबंधन में पासी की उपस्थिति के कारण हुआ है। दूसरी ओर, सपा को भी लगता कि यह उसके रैंक में समुदाय की बढ़ती भागीदारी के कारण है। यह स्थिति बीजेपी के लिए जरूर चिंता खड़ी करने वाली है। यह देखना होगा कि भाजपा नेताओं की ओर से इस दिशा में क्या कदम उठाए जाते हैं।

# पाकिस्तान में सेना के विरोध में उतरी जनता

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान की सेना ने आरोप लगाया है कि कई सारे अवैध राजनीतिक माफिया आतंकियों के खिलाफ अभियान को नाकाम करने पर तुले हुए हैं। सेना ने कहा कि देश में बढ़ते आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए अभियान अज्म-ए-इस्तेहकाम को राजनेता आगे नहीं बढ़ने दे रहे हैं। इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशन डीजी लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ ने रावलपिंडी में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि बड़े स्तर पर अवैध राजनीतिक माफिया जन्म ले चुके हैं और वे अपने निहित स्वार्थों के चलते अभियान को आगे नहीं बढ़ने देना चाहते। बता दें कि सेना ने इमरान खान के समर्थकों की ओर इशारा करते हुए ये आरोप लगाए हैं। पाकिस्तान में चीन को खुश करने के लिए चलाए गए इस अभियान का विरोध आवाम कर रही है। इसको लेकर सेना परेशान है।

शरीफ ने कहा, अज्म-ए-इस्तेकाम केवल एक सैन्य अभियान नहीं है बल्कि यह एक आतंक विरोधी अभियान है जिसे नेशनल ऐक्शन प्लान का नया रूप कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन का उद्देश्य आतंकवाद को खत्म करना है जिससे की देश के सामाजिक और आर्थिक हालात में सुधार



आए। डीजी आईएसपीआरने कहा कि बहुत ही मजबूत राजनीतिक लॉबी इस अभियान के खिलाफ खड़ी हो गई है और वह इसे बर्बाद कर देना चाहती है। वह नहीं चाहती कि नेशनल ऐक्शन प्लान सफल हो।

उन्होंने कहा कि इस प्लान को बर्बाद करने में काफी पैसा भी खर्च किया जा रहा है। शरीफ ने कहा, सबसे पहले तो इस राजनीतिक माफिया ने ऑपरेशन के बारे में झूठ फैलाकर इसे विवादित बनाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि नेशनल ऐक्शन प्लान के तहत धार्मिक संगठनों का रजिस्ट्रेशन होना है। अब तक 32 हजार संगठनों में से केवल 16 हजार का रजिस्ट्रेशन हुआ है। उन्होंने कहा, क्या इसके लिए सेना जिम्मेदार है।

डीजी आईएसपीआर ने कहा कि दे में अवैध अर्थव्यवस्था चल रही है जिसके द्वारा आतंकवाद और आपराधिक तंत्र को फंडिंग मिलती है। इसका समाधान केवल नेशनल ऐक्शन प्लान को ठीक से लागू करना है। बता दें कि पाकिस्तान की राजनीति में सेना का इस तरह से खुलकर बोलना एक बड़ा मुद्दा हो सकता है। पहले भी पाकिस्तान की राजनीति में सेना का दखल रहा है।

## नहीं सुधरे नेपाल के पीएम केपी ओली, सत्ता संभालते ही भारतीय क्षेत्रों पर फिर ठोका दावा

**काठमांडू, एजेंसी।**
नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने सत्ता संभालते ही भारत के क्षेत्र पर फिर दावा ठोका है। उन्होंने कहा है कि लिंपियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख सहित महाकाली नदी के पूर्व के इलाके नेपाल के हैं। हालांकि भारत के साथ सीमा मुद्दों को कूटनीति के माध्यम से सुलझाने की प्रतिबद्धता भी जताई है।



गौरतलब है कि ओली पहले भी भारतीय इलाकों पर दावा ठोकते रहे हैं। नेपाल के दावों को भारत सिरे से खारिज कर चुका है। ओली ने 15 जुलाई को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल करने के एक दिन बाद सांसदों के सवालों का जवाब देते हुए ओली ने सोमवार को कहा, काठमांडू अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमा के बारे में स्पष्ट और दृढ़ है। ओली ने कहा कि 1816 की सुगौली संधि के अनुसार लिंपियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख सहित महाकाली नदी के पूर्व में स्थित क्षेत्र नेपाल के हैं, हालांकि ओली ने कहा कि नेपाल भारत के साथ सीमा मुद्दों को कूटनीति के माध्यम से सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध है।

ओली ने कहा कि नेपाल ने एक नया नक्शा अपनाया है जिसे 2017 में संविधान में दूसरे संशोधन के माध्यम से शामिल किया गया है। इसमें उल्लेख किया गया है हमारी अंतरराष्ट्रीय सीमा के बारे में राष्ट्रीय सहमति है। ओली ने कहा, नेपाल और भारत के प्रधानमंत्रियों के बीच उच्च स्तरीय यात्राओं के दौरान हुई मुलाकातों में दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तंत्र के माध्यम से सीमा मुद्दों को सुलझाने के लिए सहमति बनी है नेपाल-भारत सीमा से संबंधित मुद्दों पर चार जनवरी को आयोजित 7वीं नेपाल-भारत विदेश मंत्री स्तरीय संयुक्त आयोग की बैठक के दौरान भी चर्चा की गई।

# 'इस्राइल अमेरिका का सहयोगी बना रहेगा', नेतन्याहू ने कहा- राष्ट्रपति चुनाव परिणाम की परवाह नहीं

**येरुशलम, एजेंसी।**
अमेरिका में इन दिनों चुनावी अभियान तेज हैं। इसी बीच जो बाइडन ने इस बार चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। जिसके बाद कहा जा रहा है कि भारतीय मूल की कमला हैरिस उनकी जगह लेंगी। इस बीच, अमेरिका के बेहद करीबी देश इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि इस्राइल हमेशा संयुक्त राज्य अमेरिका का सहयोगी बना रहेगा। राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों की परवाह किए बिना हम अमेरिका के साथ अपने गठबंधन के लिए प्रतिबद्ध हैं। नेतन्याहू का ये बयान तब आया है जब वे अमेरिका के दौरे पर हैं।

इस्राइली पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा, जैसे ही मैं अमेरिका दौरे के लिए रवाना हुआ, मैंने राष्ट्रपति बाइडन को युद्ध के दौरान इस्राइल की मदद करने के लिए धन्यवाद दिया। मैं राष्ट्रपति के साथ अपनी महत्वपूर्ण बैठक की प्रतीक्षा कर रहा हूं। नेतन्याहू ने आगे कहा कि ऐसे समय में अमेरिका के लिए रवाना हो रहा हूं जब इस्राइल सात मोर्चों पर लड़ रहा है और वाशिंगटन में बड़ी राजनीतिक अनिश्चितता है। मैं इस्राइल के पीएम के रूप में चौथी बार कांग्रेस के दोनों सदनों को संबोधित करूंगा।

**अमेरिकी लोग किसी को भी राष्ट्रपति चुनें, इस्राइल मजबूत सहयोगी रहेगाः** नेतन्याहू ने कहा कि मैं दोनों पक्षों के अपने दोस्तों को बताऊंगा कि चाहे अमेरिकी लोग अपने अगले राष्ट्रपति के रूप में किसे भी चुनें, इस्राइल मध्य पूर्व में अमेरिका का



अपरिहार्य और मजबूत सहयोगी बना रहेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की तारीफ करते हुए नेतन्याहू ने कहा, यह युद्ध में इस्राइल, सीनेटर, उपराष्ट्रपति और राष्ट्रपति के रूप में सार्वजनिक सेवा में अपने लंबे और प्रतिष्ठित करियर के दौरान किए गए कार्यों के लिए बाइडन को धन्यवाद देने का अवसर होगा। साथ ही उनके साथ चर्चा करने का भी अवसर होगा कि आने वाले महत्वपूर्ण महीनों में कैसे आगे बढ़ना है। गौरतलब है कि इस्राइल और हमास युद्ध के बीच नेतन्याहू अमेरिका का दौरा कर रहे हैं। वे यहां मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात करेंगे। साथ ही बुधवार को वे अमेरिकी संसद के दोनों सदनों को संबोधित भी करेंगे। फलिस्तीनियों के लिए राहत प्रदान करने वाले प्रमुख संयुक्त राष्ट्र एजेंसी को आतंकी संगठन घोषित करने के लिए विधेयक को इस्राइली संसद ने सोमवार को प्रारंभिक मंजूरी दे दी। यह इस्राइल की ओर से निकाय के साथ संबंध तोड़ने का प्रस्ताव है।

## बांग्लादेश में पीएम कार्यालय, पुलिस की वेबसाइट हैक; संदेश लिखा- स्टॉप किलिंग स्टूडेंट्स'

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में नौकरी में आरक्षण को लेकर फैली अशांति के बीच प्रधानमंत्री कार्यालय, सेंट्रल बैंक और पुलिस की आधिकारिक वेबसाइटें हैंक हो गई हैं। द आर3एसआईएसटीएएनसी3 नामक एक समूह द्वारा साइट हैक करने का दावा किया जा रहा है। संदेश में आगे लिखा गया, हमारे बहादुर छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध को सरकार और उसके राजनीतिक साथियों द्वारा क्रूर हिंसा और हत्या का सामना करना पड़ा है। यह अब केवल विरोध नहीं है बल्कि यह न्याय, स्वतंत्रता और हमारे भविष्य के लिए एक युद्ध है। बांग्लादेश में आरक्षण में बदलाव की मांग कर रहे छात्रों की तरफ से बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। लेकिन ये विरोध-प्रदर्शन तब और हिंसक हो गया है। वहीं इस हिंसा में 100 से ज्यादा लोगों की मौत और करीब तीन हजार से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। हिंसा की वजह से शिक्षण संस्थान, रेलवे, इंटरनेट सेवाएं रोक दी गई है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129